खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

रक्षाबंधन
# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 30 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –294 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री शिवराज ने प्रदेशवासियों को दी रक्षा-बंधन पर्व की बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षा-बंधन के पर्व पर प्रदेशवासियों विशेषकर बहनों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रक्षा-बंधन भाई-बहन के स्नेह, पवित्र बंधन का प्रतीक पर्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि- यह पर्व भारतीय संस्कृति में बेटियों के समाज और देश में महत्व को रेखांकित करता है। रक्षा-बंधन का दिन हमें अपनी बहनों के साथ-साथ प्रदेश और देश की सभी बहनों की सुरक्षा और सम्मान का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ लागू की गई हैं। प्रदेश की बहनों की आय कम से कम 10 हजार रुपए मासिक हो, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

### शुभकामनाएं

रक्षाबंधन पर्व की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

### अवकाश सूचना

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 30 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 01 सितंबर को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-खबर है कि कांग्रेस इस बार प्रत्याशी चयन में ब्लॉक स्तर के नेताओं की राय भी लेगी।

**चुहिया- हां प्रिये**- यह हर बार की कहानी है आखिर में गुटों के दावेदार ही हावी हो जाते हैं।

## अनुच्छेद-370 : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा

# कब मिलेगा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा ? समय सीमा बताएं

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अनुच्छेद-370 पर दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को भी अनुच्छेद-370 पर सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल कब किया जाएगा। इसे लेकर समय सीमा बताएं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार अपना रुख स्पष्ट करे।

**पांच जजों की संविधान पीठ कर रही सुनवाई-** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ अनुच्छेद 370 को रद्द करने के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने को लेकर भी चुनौती दी है, जिस पर भी सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ सुनवाई कर रही है।



**सुको ने बताया राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला**-मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आर्टिकल-370 पर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि पूर्व में जो राज्य था, उसे केंद्र शासित प्रदेश नहीं बना सकते। सुप्रीम कोर्ट ने इसे एक राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला बताया है। साथ ही सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश का संरक्षण ही सर्वोपरि चिंता है।

**31 अगस्त तक सरकार का रखेंगे पक्ष-** सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा स्थायी नहीं है, लेकिन लद्दाख का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा कुछ समय बरकरार रहेगा।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह पीठ को 31 अगस्त तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश स्थिति के भविष्य को लेकर जानकारी देंगे।

### लोकतंत्र बहाल करना जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र बहाल करना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र महत्वपूर्ण है और अनंत काल के लिए चुनावी लोकतंत्र की अनुपस्थिति की इजाजत नहीं दी जा सकती। हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए सरकार राज्य का पुनर्गठन कर सकती है।

### केंद्र सरकार ने रखा अपना पक्ष

वहीं, केंद्र सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखा। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला स्थायी नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जब हालात सामान्य होंगे तो जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य बनाया जाएगा।

## मोदी कैबिनेट का फैसला

# 200 रुपये सस्ता हुआ उज्ज्वला योजना वाला गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली।** महंगाई से परेशान जनता को केंद्र सरकार ने राहत दी है। सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर में 200 रुपये तक की कटौती की है। सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी की घोषणा की है। ये सब्सिडी उज्ज्वला योजना के तहत आने वाले लाभार्थियों को मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में ये फैसला लिया गया है। केंद्र सरकार ने पिछले साल ही साफ कर दिया था कि रसोई गैस पर सब्सिडी का लाभ सिर्फ उज्ज्वला योजना में मिलेगा। अन्य किसी को रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं दी जाएगी।




**12 रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी**-उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थी एक साल में कुल 12 रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत साल 2016 में हुई थी। इसके तहत सरकार गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन देती है। सब्सिडी लेने के लिए आपको अपना आधार नंबर, एलपीजी कनेक्शन से लिंक करना होगा। सब्सिडी का लाभ लेने के लिए आपका आधार गैस कनेक्शन से जुड़ा होना चाहिए।

## प्रधानमंत्री ने रक्षा-बंधन पर बहनों को दी बड़ी सौगात : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर देश की सभी बहनों को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में 200 रुपए की कटौती करने के साथ कई बड़ी सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति उनका आभार माना है।

## ममता का तंज- इंडिया की दो ही बैठक में घटाने पड़े सिलेंडर के दाम

**कोलकाता।** केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम घटाने के ऐलान के बाद ममता बनर्जी ने इस पर तंज कसा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा है कि- अभी तो हमारे गठबंधन इंडिया की दो ही बैठकें हुईं हैं और बस इतने में ही सिलेंडर के दाम 200 रुपए तक घटाने पड़ गए। उन्होंने आगे कहा कि- यह इंडिया गठबंधन का दम है।

# चांद पर मिले सल्फर, एल्युमिनियम, कैल्शियम होने के सबूत

## अलग-अलग तापमान से वैज्ञानिक हैरान



**श्रीहरिकोटा।** इसरो ने मंगलवार को बड़ी जानकारी दी है। इसरो ने बताया कि चांद पर कई पदार्थ मौजूद हैं। चांद पर सल्फर, एल्युमिनियम, कैल्शियम होने के सबूत मिले हैं। इतना ही नहीं चांद पर मैगजीन, सिलिकॉन, आयरन, क्रोमियम, टाइटेनियम और ऑक्सीजन होने के भी सबूत मिले हैं। चंद्रमा पर हाइड्रोजन की खोज जारी है।

इसरो ने सोशल मीडिया एक्स पर एक ग्राफ शेयर करते हुए बताया, जगह पर वैज्ञानिक प्रयोग जारी है...रोवर पर लगा लेजर-प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस) उपकरण पहली बार इन-सीटू माप के माध्यम से, दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्र सतह में सल्फर (एस) की उपस्थिति की स्पष्ट रूप से पुष्टि करता है। जैसा कि अपेक्षित था। हाइड्रोजन (एच) की खोज जारी है। एलआईबीएस उपकरण को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम्स (एलईओएस)/इसरो, बेंगलुरु की

### हाइड्रोजन की खोज जारी



### आज दिखेगा ब्लू सुपरमून

आज 30 अगस्त को आसमान में ब्लू सुपरमून नजर आने वाला है। सुपर ब्लू मून इस साल अब तक दिखाई देने वाला तीसरा सबसे बड़ा चांद होगा। 30 अगस्त को चांद का साइज रोजाना की तुलना में 7 प्रतिशत बड़ा और 16 प्रतिशत अधिक चमकीला दिखाई देगा। ब्लू सुपरमून हर 2 या 3 साल के बाद ही देखने को मिलता है।

# मणिपुर में दो गुटों के बीच गोलीबारी, एक मौत

**इंफाल।** मणिपुर में बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना में मंगलवार सुबह दो समूहों के बीच भारी गोलीबारी हुई। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि राहत शिविर में रह रहा एक ग्राम रक्षा स्वयंसेवक अचानक बम फटने से मारा गया। एक अन्य व्यक्ति के कंधे पर गोली लगी है। उसे इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

दूसरी ओर, असम राइफल्स ने संगठन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को हतोत्साहित करने के लिए मणिपुर के एक राजनेता को कानूनी नोटिस भेजा है। शिलॉन्ग के एक वकील की ओर से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई-अठावले) के राष्ट्रीय सचिव महेश्वर थौनाओजम को 18 अगस्त को नोटिस भेजा गया था।

नोटिस में कहा गया है कि देश का सबसे पुराना अर्धसैनिक बल देश की सेवा कर रहा है और मणिपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह बताना भी जरूरी है कि यद्यपि मणिपुर राज्य सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत एक अधिसूचित क्षेत्र नहीं है और सक्षम मजिस्ट्रेट ने सशस्त्र बलों को वहां तैनात करने के लिए विशेष रूप से तीन मई और पांच मई को आदेश जारी किए थे।

**माफी नहीं मांगेंगे थौनाओजम**-थौनाओजम ने कहा कि वह माफी नहीं मांगेंगे और वह भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की आजादी के हकदार हैं। उन्होंने कहा, मैंने कोई बयान नहीं दिया, मैंने एक सवाल पूछा था। मैंने एक राजनेता के रूप में नहीं।

### असम राइफल्स ने राजनेता के खिलाफ मानहानि का केस किया

## जून 2024 तक मुफ्त में राशन देने की तैयारी

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 6 महीने और बढ़ाने की योजना

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** इस साल के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा और अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव जिताऊ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मोदी सरकार अगले 6 महीने और बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

इस योजना के जरिए तकरीबन तीन साल से ज्यादा समय से देश की 80 करोड़ आबादी को मुफ्त में राशन मुहैया कराया जा रहा है। गौरतलब है कि अभी तक इस योजना की मियाद दिसम्बर 2023 तक है। लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसे अगले 6 माह के लिए फिर से बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

भरोसमंद सूत्रों के मुताबिक, इस योजना के जरिए पिछले कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल चुका है। लिहाजा कम से कम केंद्र सरकार इसे जून 2024 तक हर हाल में जारी रखना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि बढ़ाने के संबंध में शीर्ष स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। दिसम्बर में इस योजना की मियाद खत्म हो, इससे पहले इसे जून 2024 तक बढ़ाया जा सकता है। इस बीच लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो जाएगा और केंद्र में नई सरकार सत्ता संभाल लेंगी। इसे लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही सरकार के स्तर पर भी उच्च स्तरीय विचार-विमर्श चल रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस बारे में अंतिम फैसला लिया जा सकता है और फिर से इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा।

# कांग्रेस उम्मीदवारों का जल्द फैसला कर सकती है कांग्रेस

## पहली किश्त में 100 नाम जारी हो सकते हैं



**भोपाल।** प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का प्रत्याशियों के नामों पर फोकस है। इसलिए कांग्रेस पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची के लिए सर्वे करा रही है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं से भी प्रत्याशियों के संबंध में जानकारी मांगी जा रही है ।जानकारी के अनुसार, कांग्रेस पार्टी ने तय किया है कि वे विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नामों के लिए ब्लॉक से लेकर प्रदेश पदाधिकारियों से भी पूछेगी। कांग्रेस पार्टी ने ब्लॉक पदाधिकारियों को भोपाल भी बुलाया है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधियों से भी स्क्रीनिंग कमेटी संभावित दावेदारों को लेकर चर्चा करेगी ।प्रदेश कांग्रेस की योजना पहली सूची में 100 से अधिक सीटों पर प्रत्याशियों के नामों के एलान करने की है।

इस लिस्ट में वो सीटें शामिल होंगी, जहां पार्टी को लगातार हार मिली है। इसके अलावा प्रत्याशियों को अपनी दावेदारी का आधार और जाति-उप जाति के बारे में भी बताना होगा। चार सितंबर को होने वाली ब्लॉक इकाइयों के पदाधिकारियों से दावेदारों के बारे में पक्ष लिया जाएगा। उधर, पार्टी ने तय किया है कि जिलों में समन्वय बनाने का काम वरिष्ठ नेताओं का होगा।

### ब्लॉक स्तर के नेताओं की भी ली जायेगी राय

## पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर लगाई रोक

### सुको ने मामले में हस्तक्षेप करने से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनावों पर रोक लगाने के पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर रोक जारी रखते हुए मामले की सुनवाई 25 सितंबर तक स्थगित कर दी है। इससे पहले हाई कोर्ट ने 11 अगस्त को चुनाव पर रोक का आदेश जारी किया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने याचिकाकर्ता, आंध्र प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ से अपनी शिकायतों के साथ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा है। पीठ ने कहा, हमें इस मामले पर सुनवाई क्यों करनी चाहिए?

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

## हरकत — मोदी से जिनपिंग की मुलाकात के बाद हिमाकत

# चीन ने अरुणाचल और अक्साई चीन को अपने नक्शे में दिखाया

**नई दिल्ली।** चीन की ताजा हरकत से एक बार फिर उसके गलत इरादे जगजाहिर हो गए हैं। चीन ने सोमवार को अपने स्टैंडर्ड मैप का 2023 एडिशन लांच किया, जिसमें अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपने देश का हिस्सा बता दिया है। इतना ही नहीं, ताइवान और विवादित दक्षिणी चीन को भी चीन के लेटेस्ट नक्शे में दर्शाया गया है। भारत अरुणाचल प्रदेश के बारे में लगातार कहता रहा है कि यह प्रदेश उसका अभिन्न हिस्सा था है और हमेशा रहेगा।

चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर यह नक्शा पोस्ट किया है। इस पोस्ट में लिखा है कि चीन के स्टैंडर्ड मैप का 2023 का ऑफिशियल एडिशन सोमवार को जारी किया गया। इसके मुताबिक इसे प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय द्वारा होस्ट की जाने वाली मानक मानचित्र सेवा की वेबसाइट पर लॉन्च किया गया। ग्लोबल टाइम्स द्वारा प्रदर्शित नक्शे में अरुणाचल प्रदेश, जिसे चीन दक्षिण तिब्बत के




रूप में दावा करता है और अक्साई चिन, जिस पर 1962 के युद्ध में उसका कब्जा था, को चीन का हिस्सा दिखाया गया है। भारत ने बार-बार चीन से कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

**इन देशों के हिस्से भी**-चीन के इस नक्शे में ताइवान द्वीप और दक्षिण चीन ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### राहुल सही कह रहे थे चीन घुस आया-राउत

चीन की इस हिमाकत के बाद सियासी हलकों में सवाल उठने शुरू हो गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) गुट के नेता संजय राउत ने मोदी से सवाल पूछा है। संजय राउत ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री के अंदर हिम्मत है कि वह चीन पर सर्जिकल स्ट्राइक कर दें? इस तरह की घटनाएं हमारा दिल तोड़ देती हैं। शिवसेना नेता ने आगे कहा कि राहुल गांधी सही कह रहे थे कि चीन हमारे देश में घुस चुका है।

### एलएसी के उल्लंघन पर गंभीरता से विचार करे सरकार : कांग्रेस

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने कहा कि चीन के द्वारा एलएसी के उल्लंघन पर केंद्र सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। उसे आत्मनिरीक्षण करना चाहिए कि क्या इस माहौल में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग की मेजबानी करना भारत के स्वाभिमान के अनुरूप होगा, जब चीन ने एलएसी के साथ 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022
www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एस्तोनिया, यूक्रेन, बुर्किना फासो और नॉर्वे के नव नियुक्त राजदूतों से परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इन राजनयिकों में एस्टोनिया गणराज्य की राजदूत श्रीमती मार्जे लुप, यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक, बुर्किना फासो के बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिज़ायर बोनिफेस सोम और नॉर्वे की राजदूत श्रीमती मे-एलिन स्टेनर शामिल हैं।

### नहीं थम रही महंगाई की मार

## एक साल में 27 फीसदी महंगी हुई अरहर दाल

### उड़द से लेकर मसूर की कीमतों में वृद्धि जारी



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दाल की कीमतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर से अरहर दाल की कीमतों में सबसे तेज उछाल देखने को मिली है। पिछले एक वर्ष में अरहर दाल 27 फीसदी तक महंगी हो चुकी है। तो उड़द से लेकर मसूर दाल की कीमतों में भी बढ़ोतरी जारी है। वहीं इस साल मानसून में कम बारिश के चलते आने वाले दिनों में दाल की कीमतों में और उछाल की आशंका जताई जा रही है।

डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन जो देशभर में खुदरा कीमतों पर रोजाना नजर रखता है उसके डेटा की मानें तो अरहर दाल जहां 29 अगस्त 2022 को 110.66 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था उसकी औसत कीमतें एक साल में बढ़कर 140.34 रुपए प्रति किलो हो चुकी है। यानि एक साल की अवधि में 27 फीसदी अरहर दाल के दाम बढ़ चुके हैं।

खाद्य उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के इस डेटा के मुताबिक मूंग दाल की औसत कीमतें एक साल पहले 29 अगस्त 2022 को 102.35 रुपए किलो हुआ करती थी जिसकी कीमत अब बढ़कर 111.19 रुपए हो चुकी है। उड़द दाल एक वर्ष पूर्व 108.25 रुपए में मिल रही था जो अब 6.25 फीसदी महंगी 115.02 रुपए प्रति किलो में मिल रही है।

एक साल पहले मसूर दाल की औसत कीमत 92.09 रुपए प्रति किलो हुआ करती थी जो अब 97.16 रुपये प्रति किलो हो चुकी है। चना दाल की कीमतों में भी अब उछाल देखने को मिल रहा है। एक साल पहले चना दाल 74.15 रुपए किलो में मिल रहा थी जो अब 77.9 रुपए प्रति किलो में मिल रही है।

**सरकार ने लिए कई फैसले** - हाल के दिनों में अरहर और उड़द दाल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर सरकार ने कई फैसले लिए हैं। सरकार ने दाल आयात करने वाले आयातकों को कस्टम क्लीरेंस मिलने के बाद 30 दिनों के भीतर बाजार में दाल उतारने की हिदायत दी है। कस्टम क्लीरेंस मिलने के बाद 30 दिनों से ज्यादा स्टॉक को अपने पास होल्ड कर ना करें। साथ ही हर शुक्रवार को सभी आयोतकों को विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अरहर और उरद दाल के होल्डिंग स्टॉक की जानकारी देने को कहा गया है। इसी महीने 17 अगस्त 2023 से केंद्र सरकार ने भारत दाल के नाम से चना दाल बेचने का ऐलान किया है। भारत दाल स्कीम के तहत सरकार आम लोगों को सस्ती कीमत पर दाल उपलब्ध कराने के लिए 60 रुपए प्रति किलो के सब्सिडी वाले रेट पर चना दाल बेचने का ऐलान किया है तो 30 किलो का पैक 55 रुपए प्रति किलो के भाव पर बेचा जा रहा है।

### आठ संसदीय स्थायी समितियों का पुनर्गठन

## पी चिदंबरम होम पैनल में हुए शामिल, जयराम रमेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समिति के अध्यक्ष बने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आठ संसदीय स्थायी समितियों (डीआरएससी) का पुनर्गठन किया। संसदीय स्थायी समितियों की 31 सदस्यीय होम पैनल में कांग्रेस के वरिष्ठ राज्य सभा सांसद और देश के पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को शामिल किया गया है।

राज्यसभा के सभापति ने चिदंबरम को गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सदस्य के रूप में ऐसे समय में नियुक्त किया जब पैनल तीन प्रस्तावित विधेयकों पर चर्चा कर रहा है। जिनका उद्देश्य भारतीय न्याय संहिता बिल, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बिल 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बिल को बदलना है। तीनों विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 11 अगस्त को संसद में पेश किया था।

**रंजन चौधरी पहले से होम पैनल के सदस्य**-स्थायी समितियें से संबंधित 24 विभाग होते हैं। इनमें से हर एक समिति में 31 सदस्य हैं, जिसमें 21 लोकसभा और 10 राज्यसभा से सांसद होते हैं। दरअसल, पी. चिदम्बरम की नियुक्ति कांग्रेस के पी. भट्टाचार्य के रिटायर होने के बाद खाली हुई जगह के रूप में हुई। वहीं, पार्टी के लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी पहले से ही बीजेपी सांसद बृज लाल की अध्यक्षता वाले होम पैनल के सदस्य हैं।

राज्यसभा ने 28 अगस्त को एक अधिसूचना जारी करते हुए कहा है, राज्यसभा के सभापति ने लोकसभा अध्यक्ष के परामर्श से प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले आठ विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियों का पुनर्गठन किया है। इसके अलावा, राज्यसभा के चेयरमैन ने कांग्रेस सांसद जयराम रमेश को विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। बता दें कि छह प्रमुख संसदीय समितियों में गृह, आईटी, रक्षा, विदेश, वित्त और स्वास्थ्य के अध्यक्ष सभी बीजेपी या उसके सहयोगियों के पास हैं।

## 'जनगणना करना सिर्फ हमारा अधिकार' वाला पैरा सुको को दिए हलफनामे से केन्द्र ने हटाया

**नई दिल्ली।** बिहार में होने जा रहे जातिगत जनगणना के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने जो हलफनामा दाखिल किया था, उसमें एक बड़ा संशोधन हो गया है। असल में पहले जो हलफनामा दिया गया था, उसमें साफ लिखा गया कि केंद्र सरकार के पसा ही जनगणना करवाने का अधिकार है। लेकिन अब संशोधित हलफनामे से उस लाइन को ही हटा दिया गया है। अब इसे चूक माना जाए या फिर डैमेज कंट्रोल का प्रयास इसी पर भी बहस छिड़ गई है।

केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अपना हलफनामा दायर किया था। उस हलफनामे में जोर देकर कहा गया कि बिहार सरकार के पास जनगणना करने का कोई अधिकार नहीं है। लेकिन अब उसी हलफनामे में संशोधन कर उस लाइन को हटा दिया गया है। सरकार ये तो जरूर कह रही है कि सेंसस एक्ट,1948 के तहत केंद्र को ही जनगणना करने का अधिकार है, लेकिन 'जनगणना जैसी कोई अन्य प्रक्रिया' वाली लाइ को गायब कर दिया गया है।

**बिहार सरकार का तर्क?**-वैसे बिहार सरकार का कहना है कि उनकी तरफ से कोई जनगणना नहीं करवाई जा रही है, वे तो जातिगत सर्वे करवा रहे हैं। वहीं निजता के हनन का जो मुद्दा उठाया जा रहा है, उसे लेकर भी सरकार ने अपना स्टैंड साफ किया है। जोर देकर कहा गया है कि निजी जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा और सर्वे के नतीजों को भी अब पब्लिक डोमेन में नहीं लाया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा था?**-वैसे सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को जातिगत सर्वेक्षण की अनुमति देने के पटना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से दो टूक कहा था कि वह इस प्रक्रिया पर तब तक रोक नहीं लगाएगा जबतक कि वो इसके खिलाफ ठोस आधार नहीं देते। बेंच ने कहा- दो चीजें हैं। एक आंकड़ों का संग्रह है। ये समाप्त हो गया है। दूसरा सर्वेक्षण के दौरान एकत्र आंकड़ों का विश्लेषण है। ये परेशान करने वाला हो सकता है। लेकिन हम तब तक किसी भी चीज पर रोक नहीं लगाने वाले, जब तक ठोस आधार नहीं दिया जाएगा।

## यूरोप में महका मप्र का महुआ

### महुआ चाय, महुआ पावडर, महुआ स्नेक्स का स्वाद भा गया



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश का महुआ अब यूरोप के नागरिकों में एथनिक फ़ूड के रूप में पहचान बना रहा है। यूरोप के फ़ूड मार्केट में महुआ से बने खाद्य पदार्थ दिखने लगे हैं और पसंद किए जा रहे हैं। यूके की लंदन स्थित कंपनी ओ-फारेस्ट ने महुआ के कई प्रोडक्ट बाजार में उतारे हैं। इनमें मुख्य रूप से महुआ चाय, महुआ पावडर, महुआ निब-भुना महुआ मुख्य रूप से पसंद किये जा रहे हैं। ओ-फारेस्ट ने मध्यप्रदेश से 200 टन महुआ खरीदने का समझौता किया है। इससे महुआ बीनने वाले जनजातीय परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

महुआ जनजातीय समाज के लिए अमृत फल है। महुआ लड्डू और महुआ से बनी देशी हेरिटेज मदिरा उनके पारम्परिक व्यंजन हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में सबसे पहले महुआ और अन्य वनोपजों का समर्थन मूल्य घोषित किया था। इससे महुआ बीनने वाले जनजातीय परिवारों को बिचौलियों से मुक्ति मिल गई है। उन्हें बाजार में भी अच्छे दाम मिलने लगे हैं। महुआ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जाने से महुआ बीनने वाले जनजातीय परिवारों को अच्छी कीमत मिलेगी। महुआ का समर्थन मूल्य 35 रूपये किलो है। यूरोप में महुआ की खपत होने से उन्हें 100 से 110 रूपये प्रति किलो का मूल्य मिलेगा। प्रदेश में महुआ बहुतायत में होता है। एक मौसम में करीब 7 लाख 55 हजार क्विंटल तक मिल जाता है। पूरी तरह महुआ फूल से लदा एक पेड़ 100 किलो तक महुआ देता है। करीब 3 लाख 77 हजार परिवार महुआ बीनकर अपना घर-परिवार चलाते हैं। एक परिवार कम से कम तीन पेड़ों से महुआ बीनता है। साल में औसतन दो क्विंटल तक महुआ बीन लेता है। कुल महुआ संग्रहण का 50 प्रतिशत उमरिया, अलीराजपुर, सीधी, सिंगरौली, डिण्डौरी, मण्डला, शहडोल और बैतूल जिलों से होता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान के निर्देश पर महुआ संग्राहकों को कई सुविधाएं दी गई हैं।ओ-फारेस्ट कंपनी की सहसंस्थापक मीरा शाह बताती हैं कि महुआ फल प्रकृति का उपहार है। मध्यप्रदेश सरकार के साथ काम करते हुए हमें बेहद खुशी है कि हमें महुआ फल की उपज को उत्सव की तरह मनाने और जनजातीय संस्कृति में इसका संरक्षण करने का अवसर मिला।

वे कहती हैं कि समर्थन मूल्य पर महुआ फूल की खरीदी सरकार का एक बड़ा कदम है। इससे खादय पदार्थ के रूप में महुआ का महत्व बढ़ेगा और इसकी पहुँच बड़े बाजारों तक होगी। महुआ बीनने वाले परिवारों की आमदनी बढ़ेगी और वे महुआ पेड़ों को सहेजने के लिए प्रेरित होंगे। वे कहती हैं कि वैज्ञानिक रूप से एकत्र महुआ फूल का मूल्य कई गुना बढ़ जाता है।

यूरोप के बाजार में महुआ से बने खादय पदार्थों की बढ़ती पसंद के बारे में पूछने पर सुश्री मीरा शाह बताती हैं कि लाखों लोग एक देश से दूसरे देश आते-जाते हैं। वे अन्य देशों की खान-पान संस्कृति से भी परिचित होना चाहते हैं। इस प्रकार मध्यप्रदेश के महुआ से बने खादय पदार्थों के प्रति रूचि बढ़ रही है। वे कहती हैं कि यूके में जनसंख्या की विविधता है इसलिए दुनिया के हर देश का व्यंजन और खादय पदार्थ यहाँ मिल जाता है।

**हेरिटेज वाइन**-महुआ फूल से बनी मदिरा को हेरिटेज वाइन के रूप में प्रस्तुत करने के लिए राज्य सरकार ने नीति बनाई है। जनजातीय क्षेत्र के स्व-सहायता समूहों को ही इसे बनाने का लाइसेंस दिया जायेगा। हर स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद का अलग नाम रख सकता है। जिले में एक से अधिक स्व-सहायता समूहों को भी लाइसेंस मिल सकता है। स्व-सहायता समूहों के सदस्यों में कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होना चाहिए।


## म.प्र. जन अभियान परिषद जिला-छिन्दवाड़ा

(योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन)

**//विज्ञप्ति//**

म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर योजना अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों / तीन वर्षों से परिषद के साथ जुड़कर कार्य कर रही प्रस्फुटन समितियों का निर्धारित मापदण्डों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु चयन किया जाना है। चयनित संस्थाओं को परिषद द्वारा राशि 1.00 लाख रूपये प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

अतः इच्छुक स्वैच्छिक संगठन / प्रस्फुटन समितियाँ निर्धारित प्रारूप में आवेदन जिला कार्यालय म.प्र. जन अभियान परिषद जिला पंचायत प्रथम तल से प्राप्त कर दिनॉक 06 सितम्बर 2023 तक कार्यालयीन समय शाम 06.00 बजे तक इसी कार्यालय में जमा किये जाएगें। विकासखण्ड छिन्दवाड़ा, सौंसर, जामई, बिछुआ, अमरवाड़ा एवं परासिया हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**जिला समन्वयक**
**म.प्र. जन अभियान परिषद जिला - छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**


## जमानत के बावजूद जेल से बाहर नहीं आएंगे इमरान खान



**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को तोशाखाना मामले में पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया। हालांकि, बेल के बावजूद पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। दरअसल इससे पहले इमरान जेल से बाहर आते, उन्हें गोपनीय राजनयिक दस्तावेज लीक होने के एक मामले में हिरासत में ले लिया गया। वह जेल में ही रहेंगे, उन्हें इस मामले में बुधवार को अदालत में पेश किया जा सकता है। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई के लिए हाल ही में स्थापित एक विशेष अदालत ने अटक जेल अधिकारियों को निर्देश दिया है वे इमरान को न्यायिक लॉकअप में रखें। इमरान पहले से ही इसी जेल में बंद हैं। उन्हें साइफर मामले के संबंध में 30 अगस्त को पेश किए जाने का निर्देश दिया गया है।

अटक जेल अधीक्षक को लिखे पत्र में विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत मुहम्मद जुल्कारनैन ने कहा, आरोपी इमरान खान नियाजी पुत्र इकरामुल्ला खान नियाजी निवासी जमान पार्क, लाहौर को उपरोक्त एफआईआर के मामले में न्यायिक रिमांड का आदेश दिया जाता है, जो पहले से ही जिला जेल, अटक में बंद हैं। फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) और नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) की टीमें साइफर मामले और नौ मई की हिंसा मामले में पूछताछ के लिए इमरान का इंतजार कर रही है।

साइफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है जो कथित तौर पर इमरान के पास था लेकिन उनसे कहीं गायब हो गया था। पीटीआई का आरोप है कि इसमें अमेरिका की ओर से इमरान को सत्ता से बाहर करने की धमकी दी गई थी। इसी मामले में पीटीआई के उपाध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी के खिलाफ भी कार्यवाही चल रही है।

इससे पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आम चुनाव से पहले बड़ी राहत देते हुए तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उनकी दोषसिद्धि और तीन साल की जेल की सजा पर मंगलवार को रोक लगा दी। अदालत ने इमरान को जेल से रिहा करने का आदेश भी दिया। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की खंड पीठ ने यह बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाया। खंड पीठ ने मामले में निचली अदालत के निर्णय को चुनौती देने वाली इमरान की याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

इमरान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने एक संक्षिप्त व्हॉट्सएप संदेश में बताया, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने जिला अदालत के फैसले पर रोक लगा दी है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### चीन ने अरुणाचल और.....

सागर के एक बड़े हिस्से को चीनी क्षेत्र के रूप में भी शामिल किया गया है। इन दोनों पर भी चीन ने दावा किया है। चीन ताइवान को अपनी मुख्य भूमि का हिस्सा बताता है और मुख्य भूमि के साथ इसका एकीकरण चीनी राष्टपति शी जिनपिंग के एक निर्धारित उद्देश्य का हिस्सा है। वियतनाम, फिलीपीन, मलेशिया, ब्रूनेई और ताइवान दक्षिण चीन सागर क्षेत्रों पर अपना दावा करते हैं।


## कार्यालय कलेक्टर मण्डला एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक / भू-अर्जन / 2023-24 / 71 — मण्डला, दिनांक 25/08/2023

धारा-11

**- अधिसूचना -**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्ति को इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है : -

अनुसूची

| जिला | तहसील | ग्राम एवं प.ह.नं. | भूमि का लगभग क्षेत्रफल (हेक्ट में) | अधिनियम की धारा 12 के तहत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| मण्डला | निवास | पंडरीतलाई प.ह.नं. 62 | 2.69 हेक्ट | कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्र. 2 जिला मण्डला | बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना |

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिस के लिए आवश्यकता है- बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण हेतु । (3) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.mandla.nic.in व मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाईट www.mprevenue.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं। (4) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) निवास या कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्र. 2. मण्डला के कार्यालय में किया जा सकता है।

**दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।**

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**(डॉ. सलौनी सिडाना)**
**कलेक्टर मण्डला एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग**

G-18966/23


## नीति आयोग ने एसडीजी पर किया समझौता ज्ञापन

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में तेजी लाने के लिए यूएनडीपी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी बी. वी. आर. सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ योगेश सूरी और यूएनडीपी इंडिया की स्थानीय प्रतिनिधि शोको नोडा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य एसडीजी स्थानीयकरण, आंकड़ा-संचालित निगरानी, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा को औपचारिक रूप देना है।


### निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

## कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

क्र./सम्पत्ति/जविप्रा/3579 — जबलपुर, दिनांक 29/08/2023

**हस्तांतरण किये जाने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भू-खण्डधारियों द्वारा हस्तान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक नं. 7-अ, सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त सम्पत्ति वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**हस्तांतरण करने वाली संपत्ति का विवरण :-**

| सं. क्र. | यो. क्र. | भू./भ./दु. क्रमांक | विक्रेता का नाम एवं पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 11 (II) | एमआईजी भवन क्र. ए/5 | श्रीमती शिल्पा गुप्ता पति श्री अवनीश कुमार गुप्ता पता- 1006, गजानन सोसायटी, नव आदर्श कालोनी, एम.आर-4 रोड, जबलपुर | श्री छोटेलाल जैन पिता श्री कपूर चंद जैन पता- 1613, नेपियर टाउन जबलपुर |

**संपदाधिकारी**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 15/2023-24 — मण्डला, दिनांक 25.08.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| ग्रुप क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2023_PWD RB_301839_1 | मण्डला | डोंगरगांव सुडगांव सालीवाड़ा मार्ग निर्माण शेष कार्य कुल लंबाई 5.00 कि.मी. | प्रथम आमंत्रण | 265.89 | 265890.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2023_PWD RB_301841_1 | मण्डला | पॉलीटेक्निक कॉलेज मण्डला में ई.व्ही.एम. वेयर हाउस पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.30 कि.मी. | प्रथम आमंत्रण | 45.56 | 45560.00 | 5000.00 | 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2023_PWD RB_301842_1 | मण्डला | भीमडोंगरी करौंदी मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 19.09 | 38180.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 4. | 2023_PWD RB_301844_1 | मण्डला | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग निवास अंतर्गत माननीय न्यायाधीश प्रथम श्रेणी के जी टाईप आवासगृह का विशेष मरम्मत कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 4.21 | 8420.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 5. | 2023_PWD RB_301846_1 | मण्डला | लोक निर्माण विभग, उपसंभाग मण्डला हेतु शासकीय कार्य हेतु बोलेरो/टीयूव्ही वाहन एक वर्ष के लिये किराये पर लगाने हेतु। (माह में 15 दिवस के लिए) | चतुर्थ आमंत्रण | 1.44 | 2880.00 | 2000.00 | 12 माह |
| | | | | योग रु. | 336.19 | | | |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 08.09.2023 (17.30) बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.विभाग (भ/स) संभाग मण्डला**

G-18959/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# देश-प्रदेश

**उवाच**

**जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम करने पर कांग्रेस ने चुनाव से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर तंज कसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने! जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाली निर्दयी मोदी सरकार अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है।' खड़गे ने आगे कहा, साढ़े 9 सालों तक 400 रुपए का एलपीजी सिलेंडर 1100 में बेच कर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे तब कोई स्नेह भेंट की याद क्यों नहीं आई?



केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने मध्यप्रदेश की सराहना की

# स्वनिधि योजना में मप्र दूसरे स्थान पर, हासिल किया 88 प्रतिशत लक्ष्य



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जो स्ट्रीट वेंडर्स, छोटे व्यापारियों को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है, उनके स्वाभिमान की रक्षा कर रही है। इस योजना में अब नगरीय निकायों के माध्यम से कुछ ऐसे प्रावधान किए जा रहे हैं कि यह योजना सिर्फ स्ट्रीट वेंडर्स ही नहीं, बल्कि उनके परिजनों को भी विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएगी, उन्हें सुखी और समृद्ध बनाएगी।

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड़ ने योजना की समीक्षा बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश की उपलब्धि की सराहना भी की। पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री अरविंद मेनन, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कराड़ ने कहा कि 1 जून, 2020 से लागू की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एक ऐसी योजना है जो उन लोगों को आत्मनिर्भर बना रही है, जिनके पास खुद का कुछ नहीं है। ऐसे गरीब से गरीब व्यक्ति जो नगरीय, शहरी क्षेत्रों में फल, सब्जी, अंडे, छोटी-मोटी जरूरत की चीजें बेचकर अपनी आजीविका चलाते हैं, उन्हें वित्तीय मदद देकर स्वरोजगार से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना को इतना आसान बनाया गया है कि इसके लिए आवेदन करते समय सिर्फ आधार कॉर्ड, बैंक एकाउंट और रजिस्ट्रेशन एंड रिकमेंडेशन फॉर्म की जरूरत होती है।

श्री कराड़ ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन में देश में उत्तरप्रदेश पहले स्थान पर है, जहां 90 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है, जिसमें 88 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है। 82 प्रतिशत के साथ गुजरात तीसरे और 79 प्रतिशत के साथ आंध्रप्रदेश चौथे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पूरे देश में अभी तक 7621 हजार करोड़ रुपये का लोन दिया गया है और इस योजना का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाना है।

## पूरे परिवार को समृद्ध बनाएगी स्वनिधि से समृद्धि योजना

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कराड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में जल्द ही नए प्रावधान किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मिनिस्ट्री ऑफ अरबन अफेयर्स और मिनिस्ट्री ऑफ फायनेंस द्वारा संयुक्त रूप से चलाई जा रही इस योजना में हितग्राहियों के परिवार की प्रोफाइल भी तैयार की जाएगी। यह काम स्थानीय नगरीय निकायों के द्वारा किया जाएगा। इसके बाद यह देखा जाएगा कि परिवार का कौन सा सदस्य किस योजना के अंतर्गत पात्र है। फिर उसे इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा। हितग्राहियों के परिवारों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जनधन योजना, वन नेशन वन कॉर्ड योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना आदि का लाभ दिलाकर समृद्धि की राह पर आगे बढ़ाया जाएगा। श्री कराड़ ने कहा कि इस योजना में वर्ष 2023 की समाप्ति तक 50 लाख परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

## गैस सिलेंडर के दाम 2 सौ रुपए कम कर प्रधानमंत्री ने दिया रक्षाबंधन का उपहार



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की नीतियां महिला हितैषी रही है। इस दिशा में आज घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रूपए कम करने का जनहितैषी निर्णय लेकर रक्षाबंधन पर्व पर देश की करोड़ों बहनों को विशेष उपहार दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रीमंडल में लिए गये इस निर्णय से देश भर के सभी 33 करोड एलपीजी उपभोक्ता लाभंवित होंगे। यह लोकहितकारी निर्णय भारतीय जनता पार्टी के सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को व्यक्त करता हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने केन्द्रीय केबिनेट द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रूपए कम करने के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय केबिनेट का आभार व्यक्त करते हुए कही। श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की गरीब कल्याण के मिशन पर काम कर रही है।

## कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार के कामों को बताएं : हितानंद

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार के कार्यों को बताना होगा। उन्होंने कहा कि 'मेरी सरकार अच्छी सरकार' की थीम पर कार्यकर्ताओं को काम करना होगा। यह बात उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हर बूथ को जीतने के लक्ष्य को लेकर काम करेंगे तो पार्टी की जीत निश्चित रूप से होगी।

पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि वर्तमान में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत मोर्चा प्रदेश भर में 15 लाख नवमतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का प्रयास करेगा। इसलिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता आज से ही मैदान में उतर जाएं, भाजपा की जीत निश्चित रूप से होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश भर में जन आशीर्वाद यात्राएं निकाल रही हैं। जिसकी शुरूआत 3 सितंबर से होने वाली है। अलग-अलग क्षेत्रों में यह यात्राएं जाएंगी। इस दौरान मोर्चा द्वारा बैनर, पोस्टर लगाकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही यात्रा से पिछड़ा वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए मोर्चा काम मोर्चा करेगा। उन्होंने मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से यात्राओं का भव्य स्वागत करने की बात कही।

प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी प्रबंधक मंडल की बैठक में मंत्री के निर्देश

# छात्रों को रियायती दरों पर पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं




**भोपाल, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्वविद्यालय में अध्यनरत अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य ईडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों को विशेष छूट के तहत पाठ्यक्रम आधारित पुस्तक मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उच्च शिक्षा मंत्री ने सभी शासकीय विश्वविद्यालय में मध्य प्रदेश से हिंदी ग्रंथ अकादमी की पुस्तकों का बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए भी कहा, जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकें आसानी से उपलब्ध हो सकें। यह निर्देश उन्होंने आज यहां मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के प्रबंधक मंडल की बैठक में दिए।

उन्होंने बैठक में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम एवं संदर्भ ग्रंथ की प्रकाशित पुस्तकों के लेखकों की भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा विषय पर आधारित कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस अवसर अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि तथा कुलपति डॉ. हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर, देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय सतना, अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर, रमाशंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा मनोनीत सदस्य मध्यप्रदेश से हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कडेल उपस्थित मौजूद रहे।

## मालवीय ने ली भाजपा की सदस्यता



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता पवन मालवीय ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने श्री मालवीय को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। श्री मालवीय कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री, चार बार विधायक एवं पूर्व सांसद रहे स्व. बाबूलाल मालवीय के पौत्र एवं देवास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रहे स्व. श्याम मालवीय के पुत्र है।

## प्रदेश में वरिष्ठजन के लिए है हेल्प लाइन 14567

**भोपाल, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने कहा कि वरिष्ठजन की सहायता के लिए प्रदेश में हेल्प एज इंडिया के माध्यम से हेल्प लाइन नंबर 14567 संचालित है। हेल्प लाइन पर इस वर्ष प्राप्त 13 हजार 923 कॉल पर सतत कार्यवाही जारी है। मई 2021 से प्रदेश में आरंभ हेल्प लाइन द्वारा वरिष्ठजन को उनसे संबंधित विभिन्न सेवाओं, समस्याओं के निदान की जानकारी दी जाती है। **माता-पिता के भरण-पोषण के लिए 10 हजार रूपये का प्रावधान :** मध्यप्रदेश में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भरण-पोषण और कल्याण नियम 2009 भी लागू है। इसमें राज्य शासन के अधीन कार्यरत शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, अर्धशासकीय उपक्रम, निगम, स्थानीय निकाय के कर्मचारियों के वेतन से अधिकतम 10 हजार रूपये काट कर भरण-पोषण के लिए उनके माता-पिता के बैंक खाते में जमा करने का प्रावधान है। **11 नवीन वृद्धाश्रम का निर्माण :** निराश्रित वृद्धजन के लिए अलग-अलग जिलों में प्रति भवन 3 करोड़ 19 लाख की लागत से 11 नवीन वृद्धाश्रम भवन का निर्माण कराया गया है। प्रदेश में 77 वरिष्ठ आश्रमों में 2208 वरिष्ठजन को लाभांवित किया जा रहा है। आर्थिक रूप से सक्षम एकाकी जीवन जीने वाले वरिष्ठजन के लिए भोपाल में लगभग 17 करोड़ रूपये की लागत से पेड ओल्ड ऐज होम का निर्माण अंतिम चरण में है। इस होम में वरिष्ठजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ होंगी।

क्षेत्रीय सम्मेलन में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा

# पथ विक्रेताओं को बैंकर्स डिजिटल लेन-देन का प्रशिक्षण भी दें

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड़ ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि स्ट्रीट वेण्डर्स को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़े, उन्हें समय पर लोन मिले। स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण देने के बाद बैंकर्स डिजिटल लेन-देन का प्रशिक्षण भी दें। साथ ही यूपीआई साउण्ड बॉक्स भी उपलब्ध कराएं।

श्री कराड़ ने पीएम स्वनिधि की कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में हुई जोनल कांफ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि से स्ट्रीट वेण्डर की समृद्धि के लिए कार्य करने की जरूरत है। नगरीय निकाय और बैंकर्स मिलकर स्ट्रीट वेण्डर्स को स्व-रोजगारी, स्वावलंबी और समृद्ध बनाने के लिए कार्य करें। श्री कराड़ ने बताया कि एक जून 2020 से शुरू हुई पीएम स्वनिधि योजना में अगस्त-2020 में प्रतिदिन 5 हजार रजिस्ट्रेशन हो रहे थे। अब प्रतिदिन 25 हजार हो रहे हैं।

उन्होंने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को 30 सितम्बर तक प्राप्त करें। वहीं आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 लाख 10 हजार के लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक 8 लाख 33 हजार स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 2 लाख 92 हजार से अधिक शहरी स्ट्रीट वेण्डर्स द्वारा डिजिटल लेन-देन किया जा रहा है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव राहुल कपूर ने कहा कि प्रदेश में अभी लगभग 43 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। प्रतिदिन 25 हजार से अधिक आवेदनों पर कार्यवाही हो रही है। कार्यशाला में अरविंद मेनन ने



पीएम स्वनिधि को स्ट्रीट वेण्डर्स के जीवन में परिवर्तन लाने की योजना बताया।

श्री कराड़ ने पीएम स्वनिधि योजना में सुश्री प्रिया जोशी, रवीन्द्र और मुकेश उइके को 50-50 हजार, सुश्री दीपा को 20 हजार और सोहित पाल को 10 हजार के ऋण का चेक प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने हितग्राहियों को यूपीआई साउण्ड बॉक्स भी वितरित किए। उन्होंने स्ट्रीट वेण्डर्स द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कांफ्रेंस में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सरकार के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में बैंकर्स और नगरीय निकाय के अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।


फौती

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/0214/अ-6/2023-2024

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक एमानुवेल सिंह पिता स्व. सेन प्रसाद सिंह नि. -एम्बुलेंस वार्ड विवेकानंद वार्ड मुरवारा कटनी ने नजूल ब्लाक नं. 4 प्लाट नं. 27/20 निर्मित रकवा/रकवा 234.77 व.फु./अवि. हिस्सा .... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा 234.77 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक... मृत्यु दिनांक 26/06/2019 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 4 प्लाट नं. 27/20 निर्मित रकवा/रकवा 234.77 व.फु./अवि. हिस्सा .... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा 234.77 व.फु. डेनियल सेनुअल इमानुअल बगैरा. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 05/09/2023 को इस न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 23/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 23/08/2023
पेशी दिनांक 05/09/2023

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**



**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है मैं अखिलेश कुमार यादव पिता कि मेरा पुत्र संस्कार यादव जो कि मेरे साथ संयुक्त रूप से निवास करता था, परंतु अब वह अपने परिवार के साथ अलग से निवास कर रहा है एवं अपना भरण पोषण स्वयं ही कर रहा है इसलिए मेरा एवं मेरे संयुक्त परिवार का अब हिस्सा नहीं है और ना ही भविष्य में रहेगा संस्कार यादव का नाम मेरे द्वारा अपने समग्र आईडी से भी पृथक कर दिया गया है इसलिए आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि संस्कार यादव मेरे परिवार से पृथक हैं एवं अपने परिवार का पालन पोषण करने हेतु आत्मनिर्भर है।

**अखिलेश कुमार यादव**
**111, शंभूश्री अपार्टमेन्ट, एमआर-4 रोड, विजय नगर जबलपुर म.प्र.**
**मो.-9425151041**

र.नं. 1082



**न्यायालय - आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय कोर्ट क्रं. 67, जिला एवं सत्र न्यायालय जिला जबलपुर म.प्र.**
प्रकरण क्रमांक 175/wc Act/2023/Fetal Miss
मूल प्रकरण क्रमांक ..........

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण क्रमांक 175/WC Act/2023/Fetal Miss में सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. श्री केदारनाथ राय की मृत्यु नियोक्ता /1. जिस्को पेंट्स के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरुप दिनांक 18.01.2023 को हो गई है। नियोक्ता/बीमा कं. ने क्षतिधन राशि रु. 5,13,528/- (पांच लाख तेरह हजार पांच सौ अठ्ठाईस रू. मात्र) न्यायालय में जमा कराये हैं। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जांच व साक्ष्य हेतु दिनांक 05.09.2023 नियत की गई है।

उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. श्री केदारनाथ राय के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 05.09.2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने संबंधी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हों तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावें।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**( श्री कृष्णा डागलिया ) आयुक्त**
**कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय जबलपुर म.प्र.**



**न्यायालय - आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय कोर्ट क्रं. 67, जिला एवं सत्र न्यायालय जिला जबलपुर म.प्र.**
प्रकरण क्रमांक 174/wc Act/2023/Fetal (Miss)
81/wc Act/2017/Non fetal (Miss)

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण क्रमांक 174/wc Act/2023/Fetal (Miss) में सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. श्री लक्ष्मी नारायण पासी पिता श्री बिहारी लाल पासी की मृत्यु नियोक्ता नगर निगम जबलपुर के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना में घायल होने एवं न्यायालय में प्रकरण लंबित रहने के दौरान दिनांक 24.4.2021 को मृत्यु हो गयी है। नियोक्ता/बीमा कं. आयुक्त, नगर निगम जबलपुर ने क्षतिधन राशि रु. 52,907/- (बावन हजार नो सौ सात रू. मात्र) न्यायालय में जमा कराये हैं। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जांच व साक्ष्य हेतु दिनांक 12.09.2023 नियत की गई है।

उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. लक्ष्मी नारायण पासी के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 12.09.2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने संबंधी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हों तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावें।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**( श्री कृष्णा डागलिया ) आयुक्त**
**कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय जबलपुर म.प्र.**



**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर -जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0857/अ -6/2023-24

**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इंटर नेशनल ब्रम्हर्षि मिशन रजिस्टर्ड सोसायटी मुख्यालय - सचिव जय प्रकाश श्रीवास्तव पिता स्व. बनारसी लाल साकिन निवासी 843 विजय नगर जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ... के माध्यम से मौजा जिलहरी नं.ब. 265 पह.ह.नं. 45 ख.नं. नं 83/1 रकवा 1.133 वर्गफुट, विक्रेता भगवान परसराम गृह निर्माण सहकारी समिति गोरखपुर जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ बटवारा नामा/हस्तांतरण पत्र/हक त्यागपत्र/दानपत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 11/09/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 29/08/2023 को जारी।

**जारी दिनांक 29/08/2023**
**पेशी दिनांक 11/09/2023**

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर जबलपुर**

र.नं. 1017



## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13762530K Rank HAV Name JAIDEEP RAI Presently residing at Vill-DEVI PO- MARHOON Teh-DHEERA_Distt KANGRA (HP) PIN- 176092 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम VANSHIKA RAI दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम VANSHIKA है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड व स्कूल सर्टिफिकेट एवं अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी पुत्री के इस नाम VANSHIKA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 755574 दिनांक 29/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- VANSHIKA RAI
सही नाम- VANSHIKA



**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/116 दिनांक 28.08.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. रामकिशन चौरसिया 2. श्री विशाल चौरसिया 3. श्रीमती सुमन चौरसिया 4. श्रीमती प्रिया चौरसिया पति श्री विशाल चौरसिया ने मकान नं. 305/डी-5 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1000 व.फु. भूतल 756 व.फु. प्रथम तल 756 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./क्यू/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 24/08/2023

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय शंकर पटेल पिता स्व. राम लाल पटेल निवासी उखरी रोड जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर नं.बं. 643 प.ह.नं. 05 स्थित भूमि खसरा नं. 80/1 में से रकवा .... व.फु. भूमि पर खितई वल्द दौलत की मृत्यु दिनांक ....... को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 11/09/23 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-24/08/2023
पेशी दिनांक-11/09/2023

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

र.नं. 1081



फौती नामांतरण

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./0562/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अतुल जायसवाल पिता अशोक जायसवाल नि. 452 राम मनोहर लोहिया वार्ड पोस्ट ऑफिस गंजीपुरा ने नजूल ब्लाक नं. 01 प्लाट नं. 21/8 निर्मित रकवा/रकवा 1496 व.फु./ अवि.हिस्सा...ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 1498 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक ... मृत्यु दिनांक 29/07/2010 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 01 प्लाट नं. 21/8 निर्मित रकवा/रकवा 1498 व.फु./अवि. हिस्सा.../ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 1498 व.फु./हे. पुष्पलाल जोजे अशोक कुमार जायसवाल सा. गलगला के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 31/08/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 09/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 09/08/2023**
**पेशी दिनांक 31/08/2023**

**तहसीलदार**
**रांझी जबलपुर**

र.नं.- 1080



**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./0661/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. कलीम / स्व. फकीर मोहम्मद नि. 1115 नया मोहल्ला तिलक वार्ड जबलपुर ने नजूल शीट नं. 81 प्लाट नं. 299/2 निर्मित रकवा/रकवा 357.5 व.फु./ अवि.हिस्सा ... ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु./हे. वसीयतनामा दिनांक 15/07/2020 मृत्यु दिनांक 06/05/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल शीट नं. 81 प्लाट नं. 299/2 निर्मित रकवा/रकवा 357.5 व.फु./अवि. हिस्सा.../ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु./हे. फकीर मोहम्मद / शेख गजूर के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 07/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 18/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 18/08/2023**
**पेशी दिनांक 07/09/2023**

**तहसीलदार**
**रांझी जबलपुर**

र.नं.- 1072



**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./0549/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार रामजे पिता स्व. शंकर लाल रामजे नि.-363 मदनमोहन मालवीय वार्ड गीता भवन के पास ने नजूल ब्लाक नं. 97 प्लाट नं. 7/5 निर्मित रकवा/रकवा 646 व.फु./ अवि.हिस्सा ... ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 646 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक ... मृत्यु दिनांक 31/08/2021 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 97 प्लाट नं. 7/5 निर्मित रकवा/रकवा 646 व.फु./अवि. हिस्सा.../ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 646 व.फु./हे. शंकर लाल, रामजे पिता रूपसिंह रामजे सा. छोटी ओमती के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 07/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 22/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 22/08/2023**
**पेशी दिनांक 07/09/2023**

**तहसीलदार**
**रांझी जबलपुर**

र.नं.- 1074



**आम सूचना**

आम जनता को मै अपने पक्षकार अर्चित सोनी पिता हेमंत कुमार सोनी निवासी - 31 फूटाताल जिला जबलपुर के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा सम्पत्ति/ड्यूपलेक्स मौजा गोरखपुर नं. ब. 605 प.ह.न. 29 रा.नि.म. जबलपुर-1 तहसील गोरखपुर शीट नं. 292 डायवर्सन प्लाट नं. 524/1 रकवा 1388 वर्गफुट के भूमि स्वामी श्रीमती अनीता दीक्षित पति पी.डी. दीक्षित, पुत्री स्व. पी.एन. दुबे से क्रय कर रहे है तथा शीघ्र ही रजिस्ट्री पंजीयन कराने जा रहे है। यह कि उपरोक्त सम्पत्ति/ डयूपलेक्स के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था, वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति हो न्यायालय आदि में कोई प्रकरण लंबित हो एवं किसी को भी और तथ्यो की कोई जानकारी हो वह मुझे 15 दिवस के अंदर दस्तावेज सहित लिखित सूचना देवे आपत्ति न होने पर मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति / डयूपलेक्स की रजिस्ट्री करा लेगे पत्पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी।
जबलपुर, दिनांक - 29/08/2023

**गोविन्द कुमार धनवानी , एडवोकेट**
**म.प्र. हाईकोर्ट,**
**कार्यालय/निवास - प्लाट नं. 96, हाऊस नं. 595, अंहिसा चौक के पास, डिगरा कॉम्पलेक्स के पीछे, जबलपुर (म.प्र.)**
**मो.नं.- 8839188984**

र.नं.- 1079



In The Court of XXIV Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur
presiding Officer:
**यशवंत मालवीय**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCA/0000145/2023)
**प्रकाश चंद्र जैन ..........वादी**
**Vs**
**नरेश चंद्र जैन ...........प्रतिवादी**
**Process Id- /2023**
**पेशी दि.:- 05/10/2023**

प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी प्रकाश चंद्र जैन ने आपके विरूद्ध आरसीए अपील अंतर्गत धारा 96 व्य.प्र.सं. के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ अपील अंतर्गत धारा 96 व्य.प्र.सं. की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( यशवंत मालवीय )
24वें जिला न्यायाधीश, वाणिज्य
न्यायालय जबलपुर ( म.प्र. )

र.नं. 1075



In The Court of XXII Civil Judge Class-I District Court, Jabalpur
presiding Officer:
**विश्वेश्वरी मिश्रा**
**(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000110/2023)
**विमला अहिरवार ..........आवेदक**
**Vs**
**आम जनता ...........अनावेदक**
**Process Id- /2023**
**पेशी दि.:- 06/10/2023**

प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
( 2 ) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमला अहिरवार पता वेयर हाऊस रोड बजरंगवली मैदान के पास कजरवारा नई बस्ती टेमर भीटा जबलपुर, (म.प्र.) ने मृतक प्रमोद कुमार अहिरवार निवासी 1632 वेयर हाउस रोड, कजरवारा नई बस्ती, बजरंग वली मैदान के पास कजरवारा नई बस्ती, टेमरभीटा जबलपुर (म.प्र.) की यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रसल चौक, नेपियर टाउन जबलपुर से ग्रेजुएटीफण्ड एवं नवीन योजना फंड राशि प्राप्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 06 अक्टूबर 2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 06 अक्टूबर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 24 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी - प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की छायाप्रति संलग्न।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा)**
**बाइसवें सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, जबलपुर(म.प्र.)**

र.नं. 1076

जबलपुर, बुधवार 30 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## श्रेय चाहिये, जवाबदेही नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर अवसर और परिघटना को अपने प्रचार तंत्र का हिस्सा बनाने में महारत हासिल कर चुके हैं। मौका कोई भी हो पर नया दस्तूर उन्हीं से शुरू होता है और उन्हीं पर खत्म भी। भारत के प्रत्येक हिस्से में जो कुछ हो रहा है, उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी को जाता है- बशर्ते कि वह कार्य कामयाबी का हो। असफलता, अधूरे कार्य, प्रारम्भ ही न हुए हों ऐसे शासकीय कामों को लेकर उनका कोई दायित्व नहीं है और न ही जवाबदेही। ऐसे सारे मामलों पर मोदी का मौन अब उनकी कार्यप्रणाली का हिस्सा बन चुका है- मणिपुर से लेकर नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में पहचान कर मुसलिमों को मारने तक। कुछ लोगों के लिये उनका हर काम अभी भी मास्टर स्ट्रोक बना हुआ है तो ज्यादातर ऊब चुके हैं। मोदी यह भी नहीं देखते कि जो काम वे कर रहे हैं वह उनके पद के स्तर एवं प्रतिष्ठा के अनुकूल है भी या नहीं, परन्तु मोदी जी हैं कि मानते ही नहीं...

सोमवार को फिर ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला जब उनके हाथों नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। खुशनसीब हैं वे 51 हजार लोग जिन्हें सीधे पीएम द्वारा काम पर रखा गया। केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल व भारत तिब्बत सीमा पुलिस में भर्ती के ये नियुक्ति पत्र बांटे गये। मोदी पहले भी 75 हजार नियुक्ति पत्र बाकायदा समारोह आयोजित कर बांट चुके हैं। नियुक्ति पत्र बांटने से प्रचार मिलता है, श्रेय मिलता है। हालांकि अब तक नियुक्ति पत्र जारी करने का काम सम्बन्धित विभागों के अफसरों, लिपिकों और उन्हें नियुक्त हुए लोगों तक पहुंचाना डाकिये का काम हुआ करता था। नये दौर में नियुक्ति पत्र जारी करने का काम राष्ट्राध्यक्ष का हो गया है। सम्भवत: मोदी जी लोगों को यह एहसास दिलाना चाहते हैं कि उनके राज में रोजगार की कोई कमी नहीं है और थोक के भाव में लोग नियुक्त हो रहे हैं।

यह विडंबना ही है कि प्रधानमंत्री देश में रोजगार की वास्तविक स्थिति बतलाने के लिये तैयार नहीं हैं। न ही वे यह बतलाते हैं कि उन्होंने हर साल जो 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ। इस वायदे के अनुसार तो अब तक 18 करोड़ लोगों के पास रोजगार होना चाहिये था, पर आलम यह है कि करोड़ों लोग बेरोजगार हैं। शिक्षण संस्थाओं से पढ़कर निकलने वाले युवा तो धक्के खा ही रहे हैं, कोविड-19 के कारण करोड़ों लोगों की नौकरियां ही चली गयीं। लाखों ने काम की तलाश ही बन्द कर दी है। उनकी सरकार बाकायदा संसद में बतलाती है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा उसके पास नहीं है। केन्द्र की नीति और कार्यक्रम भी ऐसे हैं जिनसे रोजगार सृजित होने का सवाल ही नहीं है। नोटबन्दी और जीएसटी ने छोटे, मध्यम व घरेलू उद्योगों की कमर तोड़ दी। ये सेक्टर सर्वाधिक रोजगार देने वाले रहे हैं। फिर, निजीकरण की ओर सरकार का ऐसा झुकाव है जिसमें नवीनतम तकनीकों तथा लागत घटाने के उद्देश्य से लोगों की छंटनी आम है। रेलवे, सेना समेत कई विभागों एवं संस्थानों में वर्षों से लाखों पद खाली पड़े हैं। अनेक शासकीय कम्पनियों में इसलिये जान-बूझकर भर्तियां नहीं की जा रही हैं ताकि वे घाटे में आ जाएं और उन्हें निजी हाथों को बेच दिया जाये। नियुक्ति पत्र बांटने वाले मोदी यह कभी नहीं बताते कि देश के युवाओं की बेरोजगारी खत्म करने के लिये उनके पास क्या योजना है। यह भी नहीं बतलाते कि घोषणाओं की बजाये परिणाम कब दिखेंगे।

मोदी की यही कार्य प्रणाली सर्वत्र दिखती है। 85 करोड़ लोगों को हर माह जो 5 किलो राशन मुफ्त में मिल रहा है उसके पैकेट पर मोदी की तस्वीरें तो लगी हैं, पर असल में उसका सम्बन्ध उनसे सिर्फ इतना ही है कि वे जतलाने चाहते हैं कि यह राशन जनता को उन्हीं की कृपा से मिला है। देश में भुखमरी की ऐसी स्थिति क्यों है और गरीबों के पेट भरने के लिये उनके पास कौन सी उपाय योजनाएं हैं- इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। मनरेगा जैसी कल्याणकारी योजनाओं की हंसी उड़ाने वाले मोदी मुफ्त राशन योजना का न तो औचित्य बता रहे हैं और न ही बता सकते हैं कि विश्व भुखमरी सूचकांक की खराब रैंकिंग से देश कैसे उबरेगा।

हाल ही में ग्रीस से लौटे मोदी लौटने के बाद सीधे बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) गये जहां उन्होंने वैज्ञानिकों से मुलाकात कर बहुत भावनात्मक भाषण किया। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव का उल्लेख करते हुए उनका गला रूंध गया, आंसू छलक गये। यहां तक तो ठीक है पर उन्होंने यह नहीं बताया कि 23 अगस्त को चांद पर सफल लैंडिंग करने वाले चन्द्रयान-3 और सितम्बर के पहले सप्ताह में छोड़े जाने वाले आदित्य-1एल जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बजट में 32 फीसदी की कटौती क्यों की गयी और पिछले साल के मुकाबले केन्द्र को 13200 करोड़ रुपये घटाकर क्यों दिये गये। सोशल मीडिया पर यह जो चल रहा है कि वहां के कर्मचारियों व वैज्ञानिकों को कई महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है, सच है या गलत- मोदी यह भी बताएं।

ऐसे ही, बार-बार विदेश जाने वाले मोदी का सरोकार वहां केवल अपनी व्यक्तिगत छवि चमकाना, कारोबारी मित्रों को ठेके दिलाना तथा हथियार या टेक्नालॉजी खरीदना रह गया है। उन मुल्कों में वे प्रायोजित भीड़ से मिलते हैं और इवेंट करते हैं। यह सारा कुछ मोदी को प्रचार दिलाता है लेकिन संसदीय परम्परा के अनुरूप हर यात्रा से लौटकर राष्ट्रपति से मिलने का संवैधानिक कर्तव्य निभाना उन्हें आवश्यक नहीं जान पड़ता।

## राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला

■ नन्तु बनर्जी

राज्यों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के प्रबंधन पर नियंत्रण को लेकर भाजपा शासित केंद्र और विपक्ष की सरकारों के अधीन राज्यों के बीच बढ़ते सत्ता संघर्ष से देश की उच्च शिक्षा प्रणाली की पवित्रता के बर्बाद होने का गंभीर खतरा उपस्थित हो गया है। कई विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्री और वहां केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलपतियों (वीसी) की नियुक्तियों को लेकर एक-दूसरे के विरुद्ध आमने-सामने हैं। दोनों पक्ष अपनी-अपनी पसंद के अनुसार राजनीतिक नियुक्तियां चाहते हैं।

हाल ही में, तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड और राजस्थान राज्यों में ऐसे कानून हैं जो विश्वविद्यालय के कुलपतियों की नियुक्ति पर राज्य और राज्यपाल के बीच सहमति की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

हाल ही में, राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के अंतरिम कुलपति के रूप में कई वरिष्ठ प्रोफेसरों की नियुक्ति को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस, जो कि एक पूर्व नौकरशाह हैं और 2019 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने, के बीच मामला आमने-सामने आ गया है।

पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने प्रोफेसरों से राज्यपाल की नियुक्तियों को अस्वीकार करने का आग्रह किया, जबकि राज्य कानूनी राय मांग रहा है। प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति के रूप में भाजपा के अनुयायी प्रोफेसर बुद्धदेव साव की नवीनतम नियुक्ति ने राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच दरार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है क्योंकि बसु ने आनंद बोस पर यूजीसी के कुलपति नियुक्ति दिशानिर्देशों का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसके लिए प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव आवश्यक है। बताया जाता है कि प्रो. साव मानदंडों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते हैं।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के लिए तुरंत कवायद शुरू की जाए। प्रख्यात इतिहासकार प्रो. सुरंजन दास का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 1 जून से जादवपुर विश्वविद्यालय नेतृत्वविहीन चल रहा है। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक उनके उत्तराधिकारी के लिए एक खोज समिति का गठन नहीं किया है। विशेष रूप से उस विश्वविद्यालय के जो दुनिया के शीर्ष संस्थानों में सूचीबद्ध है। 2023 में क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जादवपुर यूनिवर्सिटी को 701-750वां और एशिया में 182वां स्थान मिला।

सामान्य परिस्थितियों में, कुछ लोग विश्वविद्यालय में अंतरिम वीसी की नियुक्ति के लिए राज्यपाल आनंद बोस को दोषी ठहरा सकते हैं, बशर्ते कि यह राज्य सरकार के परामर्श से हो और चयनित उम्मीदवार यूजीसी मानदंडों को पूरा करता हो।

> **तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है।**

पिछले साल, नवंबर में, सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में कहा गया था कि विश्वविद्यालय के कुलपतियों को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में 10 साल की सेवा करनी चाहिए और उनके नाम की सिफारिश एक खोज-सह-चयन समिति द्वारा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वीसी की नियुक्ति खोज-सह-चयन समिति द्वारा अनुशंसित नामों में से की जानी है।

जस्टिस एम.आर. शाह और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 10(3) का उल्लेख किया जिसमें प्रावधान है कि समिति को उनकी योग्यता और पात्रता के आधार पर वीसी के रूप में नियुक्ति के लिए तीन व्यक्तियों की सूची तैयार करनी चाहिए। फैसले में प्रोफेसर नरेंद्र सिंह भंडारी की चुनौती से निपटा गया, जिनकी सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के वीसी के रूप में नियुक्ति को पहले उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। भंडारी की नियुक्ति के खिलाफ तर्क यह था कि उनके पास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में अपेक्षित 10 साल का शिक्षण अनुभव नहीं था। 2017 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त होने तक उनके पास प्रोफेसर के रूप में केवल 8.5 वर्ष का अनुभव था। हालांकि, उन्होंने मामला बनाया कि आयोग की सेवा के दौरान वह लंबी छुट्टी पर थे और प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी रहा।

उन्हें 2020 में वीसी नियुक्त किया गया था। 'केवल इसलिए कि प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी था, यह नहीं कहा जा सकता है कि ग्रहणाधिकार की अवधि के दौरान उन्होंने पढ़ाना जारी रखा और/या उनके पास शिक्षण का अनुभव था। यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 319 पर विचार करते हुए भी, लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में काम करते हुए, वह किसी अन्य पद पर कोई अन्य कार्य नहीं कर सकते थे, 'न्यायाधीश शाह, जिन्होंने निर्णय लिखा था, ने कहा। अदालत ने उनके इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि वह लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए पीएचडी विद्वानों की देखरेख कर रहे थे और इसे उनके शिक्षण अनुभव का हिस्सा माना जाना चाहिए। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा, 'पीएचडी विद्वानों की देखरेख करने वाले को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में शिक्षण अनुभव होना नहीं कहा जा सकता है।'

कुछ इसी तरह के मामले में, शीर्ष अदालत ने पहले केरल में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, तिरुवनंतपुरम के वीसी के रूप में डॉ. राजश्री एम.एस. की नियुक्ति को रद्द कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अकादमिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक खोज समिति द्वारा अनुशंसित नामों के पैनल से वीसी के चयन के महत्व को रेखांकित किया।

जिन लोगों ने अपना कामकाजी जीवन अकादमिक क्षेत्र में बिताया, वे विश्वविद्यालयों के कार्यात्मक प्रमुखों की गुणवत्ता के बारे में चिंतित हैं। हाल के वर्षों में, कई कुलपति खबरों में रहे हैं, हालांकि ज्यादातर गलत कारणों से। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी चंद्राकृष्णमूर्ति को 2016 में शर्मनाक तरीके से पद छोड़ना पड़ा। उनका जबरन इस्तीफा पूरी तरह से छात्रों और शिक्षकों के आंदोलन का नतीजा नहीं था, बल्कि, महत्वपूर्ण बिंदु एक उच्च-स्तरीय जांच के निष्कर्षों से आया, जिसमें उसे अकादमिक धोखाधड़ी का दोषी पाया गया: जिसमें उन पुस्तकों के बारे में दावे शामिल थे जो उसने नहीं लिखी थीं और अपने सीवी में एक काल्पनिक डी. लिट डिग्री सूचीबद्ध किया था।

इससे पहले, बंगाल में, जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति अभिजीत चक्रवर्ती को कार्यालय छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। जबकि एक छेड़छाड़ के मामले में सार्थक प्रतिक्रिया देने में उनकी विफलता ने एक जोरदार और ऊर्जावान छात्र आंदोलन को जन्म दिया, उन्होंने अपने राजनीतिक रसूख का उपयोग करके स्थानीय पुलिस द्वारा छात्रों को पिटवाकर आग में घी डालने का काम किया।

पिछले जनवरी में, दूरदर्शिता या पूर्व-दृष्टिकोण के तहत, राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति जे.पी. सिंघल ने जयपुर स्थित दो कार्यकर्ताओं द्वारा दायर याचिका प

र उच्च न्यायालय द्वारा उनके भाग्य का फैसला करने से एक दिन पहले अपना इस्तीफा दे दिया। याचिकाकर्ता वीसी के शैक्षणिक मूल्य पर सवाल उठा रहे थे, जिन्होंने कार्यालय में मुश्किल से सात महीने पूरे किये थे।

भारत में विश्वविद्यालयों में राजनीतिक घुसपैठ कोई नई बात नहीं है। इसकी शुरुआत 1960 के दशक में हुई जब वामपंथी दलों और उनके छात्र संघों ने स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक सभी स्तरों पर शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए जोरदार अभियान शुरू किया। उस समय, लड़ाई ज्यादातर वामपंथी और पारंपरिक कांग्रेस पार्टी से जुड़े छात्र संगठनों के बीच थी।

1990 के दशक में स्थिति बदल गई जब भाजपा ने राज्यों के साथ-साथ केंद्र में भी राजनीतिक शक्ति का परीक्षण करना शुरू कर दिया। हिंदू राष्ट्रवादी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध दक्षिणपंथी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच अपने अनुयायियों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए सामने आई। दरअसल, लगभग सभी राज्य और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान अब सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के प्रभाव में हैं। राजनीतिक दल और नेता विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से आने वाले आलोचनात्मक मूल्यांकन और स्वतंत्र आवाज़ों को लेकर, भले ही असुरक्षित न हों, असहज हो रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव के लिए नहीं

■ नित्य चक्रवर्ती

भाजपा विरोधी विपक्षी दलों की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक से पहले घटक दलों और जनता के लिए एक प्रमुख मुद्दा स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन मुख्य रूप से 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है, तथा वर्तमान 26 सदस्यीय ब्लॉक का यह उद्देश्य राज्यों में अपने-अपने आधार का विस्तार करने के लिए घटक दलों की महत्वाकांक्षा से नहीं टकराता है।

इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का गठबंधन रहा है और इसका उद्देश्य राज्य चुनावों तक विस्तार करना नहीं है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के घटक दल हमेशा राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे और केवल लोकसभा चुनावों के दौरान ही हाथ मिलायेंगे।

> **लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है।**

राज्यों में यह मुद्दा थोड़ा जटिल है, फिर भी, प्रत्येक राज्य में अग्रणी इंडिया घटक पार्टी भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के लिए किसी अन्य घटक के साथ गठबंधन की कोशिश कर सकती है। यदि राज्य चुनावों में कुछ सीमित गठबंधन होता है, तो यह अच्छा है, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो इसका लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन की संयुक्त कोशिश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

भारत में संसदीय चुनावों के पिछले सात दशकों में, कई कांग्रेस-विरोधी मोर्चों के आने से राजनीतिक परिदृश्य पिछली सदी के साठ के दशक से बदल गया है। यह प्रक्रिया 1977 में जनता पार्टी के गठन और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली कांग्रेस विरोधी सरकार के आने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर शुरू हुई।

उसके बाद, कई विभाजन और नये गठन हुए, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वीपी सिंह के नेतृत्व वाला जनता दल था जिसने 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बनाई। 88 सीटों वाली भाजपा ने एक तरफ से और वामपंथी दलों ने दूसरी तरफ से इसका समर्थन किया। यह वह सरकार थी जिसने भाजपा को केंद्र के प्रमुख क्षेत्रों में अपने लोगों को शामिल करने में मदद की। वामपंथियों को भाजपा की साजिशों के बारे में पता था लेकिन वे कुछ नहीं कर सके। 1996 में कांग्रेस और भाजपा विरोधी पार्टियों का एक और मोर्चा बना और इस मोर्चे ने कुछ समय तक सरकार का नेतृत्व किया।

इसके बाद 1998 में भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नामक मोर्चे का नेतृत्व किया। यह एनडीए अब 25 साल पुराना हो चुका है और इसमें अब 37 पार्टियां सदस्य बन चुकी हैं। 1998 से 2004 तक एनडीए सरकार में थी, फिर 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में, कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का गठन किया और इस सरकार ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में आने से पहले 2014 के लोकसभा चुनाव तक शासन किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद यूपीए ज्यादा सक्रिय नहीं था और आखिरकार पिछले महीने बेंगलुरु कॉन्क्लेव में इसकी जगह इंडिया गठबंधन ने ले ली। यूपीए में 16 सदस्य थे लेकिन इंडिया में अब 26 हैं। मुंबई कॉन्क्लेव में और भी लोगों को शामिल किया जा सकता है।

ध्यान रहे कि ऐसे गठबंधन किसी ऐतिहासिक आवश्यकता के कारण बनते तो हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाते। गंभीर राष्ट्रीय राजनीतिक दल भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाते हैं और वे किसी भी अस्थायी गठबंधन के बावजूद, दीर्घकालिक खिलाड़ी के रूप में अपने कार्यक्रम उसी के अनुसार बनाते हैं। मुंबई कॉन्क्लेव पेशेवर तरीके से होना चाहिए और 31 अगस्त तक सभी प्रमुख समितियों और संयोजक समेत समूहों का फैसला हो जाना चाहिए ताकि अगले दिन होने वाली अंतिम बैठक में बिना किसी रुकावट के नामों को मंजूरी मिल सके।

इनमें से सबसे अहम कमेटी सीट बंटवारे को लेकर है। इसमें उन नेताओं को शामिल किया जाना चाहिए जिनमें बातचीत को सफलता के साथ आगे बढ़ाने के अद्भुत गुण हों। इस समिति में ऊंचे कद वाले नेताओं को भी शामिल किया जाना चाहिए जिनका सभी घटक सम्मान करते हों। यह और अभियान समिति दो सबसे महत्वपूर्ण निकाय हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया के लिए निर्णायक भूमिका निभायेंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है। उदाहरण के लिए, 2019 के लोकसभा चुनाव में, एनडीए को 25.9 करोड़ वोटों के साथ 353 (अब 332) सीटें मिलीं, जबकि वर्तमान गठबंधन को 22.9 करोड़ वोटों के साथ 144 सीटें मिलीं, जिसमें 3 करोड़ वोटों का अंतर था।

इसके विपरीत, यदि हम पिछले पांच वर्षों के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों को देखें, तो इंडिया गठबंधन के घटकों को 26.8 करोड़ वोटों के साथ 1793 सीटें मिली हैं, जो एनडीए की 1704 सीटों (23.2 करोड़ वोटों) के मुकाबले 3.6 करोड़ वोटों की भारी बढ़त है। यह एक बड़ी बढ़त है और यह नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों तक है। इसलिए, इंडिया के नेता इस आधार पर शुरुआत कर सकते हैं कि राज्यों में मतदाताओं का मूड इंडिया गठबंधन की पार्टियों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के पक्ष में है।

लेकिन लोकसभा चुनाव में एनडीए को फायदा मिलता है। इसलिए इंडिया गठबंधन के नेताओं का प्राथमिक कार्य उन क्षेत्रों की पहचान करना है जो इस अंतर को खत्म कर देंगे जो मूल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांड छवि के कारण है जो अभी भी कायम है। तीसरे इंडिया सम्मेलन में यह सुनिश्चित करना होगा कि अगले आठ महीनों में, इंडिया गठबंधन के नेता और घटक दलों द्वारा संचालित राज्य सरकारें मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए सांप्रदायिक गड़बड़ी आयोजित करने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क रहें।

नरेंद्र मोदी तीन सूत्री फॉर्मूले राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और गरीबों, खासकर ओबीसी के लिए कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चुनाव अभियान में मोदी लाइन को चुनौती देने के लिए इंडिया गठबंधन को एक अत्यधिक नवोन्मेषी आख्यान अपनाना होगा। हिंदू कट्टरपंथी के रूप में मोदी की लगातार आलोचना करने की पुरानी प्रचार शैली काम नहीं करेगी।

## रक्षाबंधन पर्व आज

### राखी का पर्व सात्विक, स्नेह और प्रेम का पर्व

समाज का हर वर्ग एक दूसरे को स्नेह के बंधन में बांध लें तो जीवन ही निखर जाएगा। अभाव का अंत हो जाएगा। एक दूसरे की रक्षा करने की भावना बलवती करने वाला पर्व है। शत्रुता का शमन कर मित्रता एवं भाई चारे को बढ़ाने वाला पर्व है। भाई और बहन के प्यार में जो सात्विकता दिखती है वह अन्य संबंधों में कहां परिलक्षित हो पाती है। विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो की वह घटना क्या विश्व कभी भूल पाएगा? जिसमे स्वामी विवेकानंद ने उस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने उद्गार व्यक्त करने से पहले सभा को संबोधित करते हुए कहा- बहनों और भाइयों,'सिस्टर एंड ब्रदर' कहा था। इसके पहले अमेरिकावासी लेडिज एंड जैंटलमैन महिला और पुरुषों का संबोधन ही सुनते थे।

रक्षाबंधन सारे समाज का पर्व है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करे और समाज की व्यवस्था को बनाए रखने हेतु संपन्न वर्ग अपने से विपन्न व्यक्ति का सहयोग करें यही संदेश है रक्षाबंधन का। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन के स्नेह का त्यौहार है। वहीं प्रतिवर्ष बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसके सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामनाएं करती हैं।

भारतवर्ष पर्व प्रधान देश है। इस देश में प्रतिदिन कोई न कोई पर्व आता ही है। कुछ ऐसे पर्व है जो किसी धर्म या जाति से संबंध नहीं रखते, धर्म या जाति से बंधे नहीं होते। उनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व होता है। ऐसे पर्व में रक्षाबंधन का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। रक्षा का अर्थ है- प्रेम, दया, सहयोग और सहानुभूति। रक्षा जीवन में मधुरता का संचार करती है। भाईचारे की भावना को उजागर करती है। रक्षा की भावना से उत्प्रेरित होकर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने धनुष उठाया था और कर्मयोगी श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र धारण किया था। बड़े-बड़े वीरों ने रक्षा की भावना से तलवार उठाया था। रक्षा शब्द में जीवन की शक्ति है, प्राण है, आत्मा का निर्गुण है। मानव हृदय की अद्भुत कोमलता है। दूसरों के दुखों से द्रवित होकर उनकी रक्षा के लिए अपने सुखों का बलिदान करना और कष्टों को स्वीकार करना यह रक्षा के साथ जुड़ा है। विराट विश्व में जितना भी दुख है, उसको नष्ट करने की क्षमता रक्षा शब्द में रही हुई है। रक्षा मानव मन की पवित्रता का पावन प्रतीक है। आज राखी बांधकर कहीं कोई किसी का भी अपना भाई बहन बन सकता है। समाज में कितने ही स्त्री पुरुष राखी के पवित्र धागो धर्म भाई और धर्म बहन बनकर राखी के पवित्र पर्व की माता का निर्वहन करते हैं। भारत के इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हैं जिन्होंने राखी के पर्व की महता को बढ़ाया है। बहनों के सम्मान की रक्षा कीजिए। रक्षाबंधन से संबंधित अन्य अनेक प्रसंग है पर आज राष्ट्र में हजारों बहनें हैं जिसका जीवन असुरक्षित है।

राखी के रूप में जब वह धागा बंधता है तो वह धागा नहीं परन्तु रक्षासूत्र बन जाता है। जिसने आपके हाथों में राखी बांध दी, उसके जीवन का दायित्व आप हम पर है। केवल चंद चांदी के टुकड़े देखकर आप चाहें कि मैं उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाऊंगा, नहीं हो सकते। जो उच्च दायित्व आपने ग्रहण किया है उसे ईमानदारी के साथ निभाएंगे तभी रक्षा सूत्र की सार्थकता है। यही है कि इस पर आत्मा हम दुखियों से दुख दर्द में सहयोगी सुख शांति का अनुभव करने लगेगी। प्राणी मात्र की रक्षा के लिए संकल्प करें। रक्षा के लिए बंध जाए। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन का त्यौहार है वहीं प्रतिवर्ष बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसकी सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामना करती है। उसके बदले भाई अपनी तरफ से कुछ भेंट देकर बहन का सम्मान करता है। आज इसका रूप विकसित हो गया हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

### दु:ख, परसाई और रक्षा-बंधन

रक्षा-बंधन का पावन पर्व जब आता है तब हरिशंकर परसाई की याद बेखटके चली आती है उन्होंने अपनी बहिन सीता जो अल्पायु में वैधव्य को प्राप्त कर अपने बच्चों के साथ वापस मायके आ गई थीं उनके लिए अपना सर्वस्व जीवन अर्पण कर दिया। दो-दो सरकारी नौकरी छोड़ने पर भी उन्होंने दो बहिन रुक्मणि और सीता तथा भाई गौरीशंकर की जिम्मेदारी भलीभांति संभाली। यह जिम्मेदारी उनके पिताजी ने मृत्यु से चंद दिनों पूर्व उन्हें सौंपी थी। भाई गौरीशंकर तो एक नौकरी में टिक गए पर निष्फिकर रहे। सारा जिम्मा बहनों के पालन-पोषण और विवाह का परसाई ने संभाला। जिम्मेदारी का सिलसिला थोड़ा विराम ले ही रहा था कि सीता और उनके बच्चों के पालन पोषण जब फिर आ गया तो परसाई ने घनघोर लेखन किया औरभाषण देने का मनमाफिक पैसा भी लिया। लेखन के तेवर भी ऐसे कि उनके कई शत्रु भी बन गए। सरकार के खिलाफ भी खूब लिखा किंतु तत्कालीन सरकार ने उन्हें कभी नहीं सताया। बल्कि उनके लेखन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

इतने ग़मों और हरिशंकर जैसे भाई के अभी ज़िंदगी ज़रा सी संतुष्ट नज़र आई ही थी कि 10 अगस्त सन् 1995 की वह काली सुबह जिसने रक्षा-बंधन को सीता से हरिशंकर भाई को छीन लिया। सीता बहन के लिए वह सबसे दु:खकर क्षण जब वे भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए थाली सजा रहीं थीं। उनकी बहन पर यह बड़ा वज्रपात था। बंगाल बिहार में आज भी सीता नाम नहीं रखा जाता क्योंकि सीता का तमाम जीवन विपदाओं में बीता था। परसाई की बहन सीता की व्यथा इसे याद दिला देती है।

परसाई जी चले गए किंतु लेखकों को जो संदेश देते रहे वो अनमोल है। वे लिखते हैं-'मैंने लेखन को दुनिया से लड़ने के लिए एक हथियार के रूप में अपनाया होगा। दूसरे, इसी में मैंने अपने व्यक्तित्व की रक्षा का रास्ता देखा तीसरे, अपने को अवशिष्ट होने से बचाने के लिए मैंने लिखना शुरू कर दिया। यह तब की बात है, मेरा ख्याल है, तब ऐसी ही बात होगी पर जल्दी ही मैं व्यक्तिगत दुख के इस सम्मोहन-जाल से निकल गया। मैंने अपने को विस्तार दे दिया। दुखी और भी हैं, अन्याय पीड़ित और भी हैं। अनगिनत शोषित हैं। मैं उनमें से एक हूं पर मेरे हाथ में कलम है और मैं चेतनासम्पन्न हूं, यहीं कहीं व्यंग्य- लेखक का जन्म हुआ। मैंने सोचा होगा- रोना नहीं है, लड़ना है, जो हथियार हाथ में है, उसी से लड़ना है। मैंने तब ढंग से इतिहास, समाज, राजनीति और संस्कृति का अध्ययन शुरू किया। साथ ही एक औघड़ व्यक्तित्व बनाया और बहुत गंभीरता से व्यंग्य लिखना शुरू कर दिया मुक्ति अकेले की नहीं होती। अलग से अपना भला नहीं हो सकता। मनुष्य की छटपटाहट है मुक्ति के लिए, सुख के लिए, न्याय के लिए।' अपनी पुस्तक 'हम इक उम्र से वाकिफ हैं' में परसाई जी लिखते हैं कि मैंने अपने दुखों का ढिंढोरा नहीं पीटा। लेखन के आरंभ में कुछ उद्वेलित हुआ था और बाद में एक लेख 'गर्दिश के दिन' में लिखा था कि मैं नही चाहता अपने दुखों को बहुत महत्व देना, उन्हें महिमामंडित करना और बड़े लेखक होने के लिए जो 'मार्कशीट' तैयार होती है उसमें दुख के विषय में अधिक नंबर जुड़वाना। अधिक दुख भोगने मात्र से कोई बड़ा लेखक नहीं होता। अधिक दुख भोगने वाला चोर भी हो जाता है। किसी को बड़ा लेखक इसलिए नहीं माना जा सकता है कि उसने बहुत दुख भोगे हैं। सिर्फ हाय-हाय की कूची से कला में रंग नहीं भरे जाते।'

आइए हम सब भी तमाम दुखों से निजात पाने कलम रूपी हथियार उठाएं।

**-सुसंस्कृति परिहार**

# यूरोप में महका मप्र का महुआ

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश का महुआ अब यूरोप के नागरिकों में एथनिक फ़ूड के रूप में पहचान बना रहा है। यूरोप के फ़ूड मार्केट में महुआ से बने खाद्य पदार्थ दिखने लगे हैं और पसंद किए जा रहे हैं। यूके की लंदन स्थित कंपनी ओ-फारेस्ट ने महुआ के कई प्रोडक्ट बाजार में उतारे हैँ। इनमें मुख्य रूप से महुआ चाय, महुआ पावडर, महुआ निब-भुना महुआ मुख्य रूप से पसंद किये जा रहे हैं। ओ-फारेस्ट ने मध्यप्रदेश से 200 टन महुआ खरीदने का समझौता किया है। इससे महुआ बीनने वाले जनजातीय परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। महुआ जनजातीय समाज के लिए अमृत फल है। महुआ लड्डू और महुआ से बनी देशी हेरिटेज मदिरा उनके पारम्परिक व्यंजन हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में सबसे पहले महुआ और अन्य वनोपजों का समर्थन मूल्य घोषित किया था। इससे महुआ बीनने वाले जनजातीय परिवारों को बिचौलियों से मुक्ति मिल गई है। उन्हें बाजार में भी अच्छे दाम मिलने लगे हैं। महुआ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जाने से महुआ बीनने वाले जनजातीय परिवारों को अच्छी कीमत मिलेगी। महुआ का समर्थन मूल्य 35 रूपये किलो है। यूरोप में महुआ की खपत होने से उन्हें 100 से 110 रूपये प्रति किलो का मूल्य मिलेगा।

प्रदेश में महुआ बहुतायत में होता है। एक मौसम में करीब 7 लाख 55 हजार क्विंटल तक मिल जाता है। पूरी तरह महुआ फूल से लदा एक पेड़ 100 किलो तक महुआ देता है। करीब 3 लाख 77 हजार परिवार महुआ बीनकर अपना घर-परिवार चलाते हैं। एक परिवार कम से कम तीन पेड़ों से महुआ बीनता है। साल में औसतन दो क्विंटल तक महुआ बीन लेता है। कुल महुआ संग्रहण का 50 प्रतिशत उमरिया, अलीराजपुर, सीधी, सिंगरौली, डिण्डौरी, मण्डला, शहडोल और बैतूल जिलों से होता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के निर्देश पर महुआ संग्राहकों को कई सुविधाएं दी गई हैं। ओ-फारेस्ट कंपनी की सहङ्कसंस्थापक सुश्री मीरा शाह बताती हैं कि महुआ फल प्रकृति का उपहार है। मध्यप्रदेश सरकार के साथ काम करते हुए हमें बेहद खुशी है कि हमें महुआ फल की उपज को उत्सव की तरह मनाने और जनजातीय संस्कृति में इसका संरक्षण करने का अवसर मिला। वे कहती हैं कि समर्थन मूल्य पर महुआ फूल की खरीदी सरकार का एक बड़ा कदम है। इससे खादय पदार्थ के रूप में महुआ का महत्व बढ़ेगा और इसकी पहुँच बड़े बाजारों तक होगी। महुआ बीनने वाले परिवारों की आमदनी बढ़ेगी और वे महुआ पेड़ों को सहेजने के लिए प्रेरित होंगे। वे कहती हैं कि वैज्ञानिक रूप से एकत्र महुआ फूल का मूल्य कई गुना बढ़ जाता है। यूरोप के बाजार में महुआ से बने खादय पदार्थों की बढ़ती पसंद के बारे में पूछने पर सुश्री मीरा शाह बताती हैं कि लाखों लोग एक देश से दूसरे देश आते-जाते हैं। वे अन्य देशों की खान-पान संस्कृति से भी परिचित होना चाहते हैं। इस प्रकार मध्यप्रदेश के महुआ से बने खादय पदार्थों के प्रति रूचि बढ़ रही है। वे कहती हैं कि यूके में जनसंख्या की विविधता है इसलिए दुनिया के हर देश का व्यंजन और खादय पदार्थ यहाँ मिल जाता है।

### महुआ चाय, महुआ पावडर, महुआ स्नेक्स का स्वाद भा गया

### हेरिटेज वाइन

महुआ फूल से बनी मदिरा को हेरिटेज वाइन के रूप में प्रस्तुत करने के लिए राज्य सरकार ने नीति बनाई है। जनजातीय क्षेत्र के स्व-सहायता समूहों को ही इसे बनाने का लाइसेंस दिया जायेगा। हर स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद का अलग नाम रख सकता है। जिले में एक से अधिक स्व-सहायता समूहों को भी लाइसेंस मिल सकता है। स्व-सहायता समूहों के सदस्यों में कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होना चाहिए।

## गोरखपुर में टावर लगाने पर क्षेत्रीयजनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर स्थित गुरूद्वारे में जो टॉवर लगाया जा रहा है, उसके कारण क्षेत्र के नागरिक भयभीत है और जो गुरूद्वारे में कई वृद्ध एवं बच्चे श्रद्धालु आते हैं, उन्हें भी हानिकारक किरणों के कारण स्वास्थ्य पर असर आयोग पहले मोहल्ले से 40 फीट दूरी पर टॉवर लगा हुआ था लेकिन अब उसे निकाल कर मोहल्ले के बिलकुल पास में छत पर टॉवर लगाया जा रहा है, जिसकी शिकायत सभी विभागों में की है, बीएसएनएल महाप्रबंधक प्रशांत दोहे को भी क्षेत्रिय नागरिकों ने हस्ताक्षर सहित ज्ञापन सौंपा उन्होंने भरोसा दिलाया कि टॉवर नहीं लगाएंगे, लेकिन राजिन्दर सिंह छाबड़ा द्वारा मनमानी कर टॉवर मनमानी कर टॉवर शिफ्ट कराने का काम किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रिय नागरिक आक्रोशित है, यदि टॉवरका काम बंद न किया गया तो चरण बद्ध आंदोलन किया जायेगा एक जगह टॉवर लगा हुआ है उसे उखाड़कर दूसरी जगह शिफ्ट क्यों किया जा रहा है इसमें सरकार को आर्थिक क्षति होगी। क्षत्रिय रहवासी सोसायटी एवं एनजीटी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए यह टॉवर घनी आबादी वाले क्षेत्र में लगाया जा रहा है जिससे पर्यावरण को खतरा एवं गंभीर बिमारियाँ होने का खतरा बना रहेगा। इस अवसर पर टॉवर हटाओ संघर्ष समिति की अध्यक्ष चंचल शर्मा, विजय कांडा, अंकित द्विवेदी, प्रमोद भसीन बालक राम सिंह, अशोकबठिजा, सतीश भसीन, संजय कांडा, अतुल द्विवेदी, श्रवण मरवाहा, सन्नी भतीजा, सुनिल सरीन, शंकर, दीपक, श्याम सुंदर अग्रवाल, शालु सेठी, दीपक सिंह राजपूत, आदि क्षेत्रिय नागरिकों ने शासन से टॉवर हटाने की अपील जनहित में की है।




## शा. मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला स्वशासी ,महाविद्यालय में पौधारोपण

**जबलपुर, देशबन्धु।** शा. मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला स्वशासी ,महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ कि अगस्त माह की गतिविधियों के अंतर्गत बीएससी प्रथम वर्ष छात्राओं को व्यक्तित्व विकास दृष्टि पथ वचन, एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्ध की छात्राओं के द्वारा जल संरक्षण एवं एक-एक पौधे के संकल्प को लेकर पौधारोपण कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में कराया गया। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ ज्योति जैन, एवं डॉ. गीता चौबे, डॉ. पायल श्रीवास्तव वह सभी छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया।

## नियमों के विपरीत जाकर कोई कार्यवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी: दीपक कुमार वैद्य

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार वैद्य ने बताया कि ऑन लाठन विज्ञापन अतिक्रमण सहित निकाले गये हैं, जो कि योजना क्र.11 द्वितीय चरण प्लाट क्र. 55 एवं 56 हैं, को तत्काल प्रभाव से उन्हें विज्ञापन से विलोपित कर दिया गया है। श्री वैद्य ने आगे यह भी बताया कि नियमों के विपरीत जो भी कार्यवाही होगी, वह बर्दाश्त नहीं की जायेगी, तत्काल उसमें कार्यवाही की जायेगी।

## बिलासपुर जा रही गुड्स ट्रेन एनकेजे में हुई डिरेल

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल अंतर्गत न्यू कटनी जंक्शन (एनकेजे) के सी केबिन के पास मंगलवार की पूर्वान्ह मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया, जिससे मेन लाइन काफी समय तक प्रभावित रहा। इस घटना से हड़कंप मच गया। हादसे का सायरन बजते ही राहत बचाव के लिए टीम मौके पर रवाना हुई। गौरतलब है कि मंगलवार को ही इस तरह की यह दूसरी घटना है, पहली घटना जबलपुर स्टेशन के समीप पुल नंबर दो पर घटित हुई, जब शंटिंग के दौरान एक इंजिन बेपटरी हो गया। एनकेजे में घटित घटना की जानकारी लगते ही जबलपुर रेल मंडल प्रबंधक समेत कई अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंची। इस हादसे से कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। विशेषकर बिलासपुर रूट की कई ट्रेनें प्रभावित हैं। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर पहुंची टीम डिरेल बोगी को हटाने में लगी है। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी ट्रेन झुकेही की तरफ से आकर बिलासपुर की तरफ जा रही थी। बताया जा रहा है कि कुछ ही घंटो में ट्रैक दुरस्त कर लिया जाएगा और ट्रेनों का संचालन शुरू होगा। वहीं मामले की जांच के लिए एक कमेटी भी गठित कर दी गई हैं। जो घटना की सही वजहों का पता लगाएगी।

### जबलपुर रेल मंडल में एक ही दिन में दूसरी घटना




## मतदाताओं को जागरूक करने की ली शपथ

**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्तमान का समय लोकसभा और विधानसभा चुनाव का समय है इस दौरान दोनों प्रकार के चावन से प्रदेश और देश में महत्वपूर्ण निर्णय आम जनमानस के हाथ लगेंगे और इस यज्ञ में प्रत्येक मतदाता अपना मतदान करके आहुति देगा जिस क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना तथा ईएलसी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत कौशल विभाग विज्ञान भवन में प्रोफ. सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता, प्रोफ. रश्मि टंडन के आतिथ्य तथा डॉ देवांशु गौतम के संचालन में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस दौरान छात्र-छात्राओं एवं आम लोगों को मतदान तथा उसके अधिकार व महत्व बताते हुए जागरूक किया तथा नए मतदाताओं को कैसे मतदाता सूची में अपने आप जुड़वाना है आदि विषयों पर संवाद किया गया। जिसके पश्चात प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने सभी उपस्थित जनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई जिस दौरान एल बी एस से रितेश यादव, कौशल विकास विभाग से डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. मीनल दुबे, डॉ सुनील चौधरी तथा एनएसएस स्वयंसेवकों में कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सुबेन्दु मन्ना, सुयश श्रीवास्तव, हसनैन बेग, अभिलाषा चौधरी, निखिल कुमार गुप्ता, साक्षी गौतम, रूपा दुबे, उषा ठाकुर, पूर्णिमा चौधरी, हरिओम चौधरी, आशुतोस प्रताप सिंह आदि की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रादुविवि ओपन यूनिट एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम द्वारा किया गया।

## सैकड़ों कोविड वॉररियर्स बेरोजगारी की मार झेलने मजबूर : तरुण भनोत

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोरोना की वैश्विक महामारी के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में फ्रन्ट लाइन वॉररियर्स जिनमें मुख्य रूप से डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ के साथ ही अस्पतालों से जुड़े कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर दिन-रात कोविड मरीजों की सेवाओं में लगे रहे। सरकार द्वारा उन फ्रन्ट लाइन स्वास्थ्यकर्मियों को कोविड वाररियर्स का नाम दिया गया, उनपर हेलिकाप्टर से फूल बरसाये और लेकिन जैसे ही कोविड की समस्याएं नियंत्रण में आई वैसे ही बजट का अभाव बताकर उन सभी अस्थाई कोविड वाररियर्स को सेवा से स्थायी रूप से पृथक कर दिया गया, जबकि शासन द्वारा उन सभी अस्थाई चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को आश्वस्त किया गया था कि निकट भविष्य में संविदा के तहत चिकित्सकों और नर्सिंग की भर्ती प्रक्रिया में इन सेवा से पृथक किए गए डॉक्टर्स और नर्सेस को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार प्रदान किया जाएगा, किन्तु सेवा से पृथक जबलपुर जिलें के सैकड़ों चिकित्सकों और नर्सेस को लगभग तीन साल बाद भी बेरोजगारी की मार झेलने पर मजबूर किया जा रहा है। उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं जबलपुर पश्चिम से विधायक तरुण भनोत के द्वारा कोविड वाररियर्स की शिकायत के आधार पर प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी को प्रेषित पत्र के माध्यम से लगाया गया हैं। श्री भनोत ने लोक स्वास्थ्य मंत्री श्री चौधरी को पेषित पत्र में बताया कि कोविड वाररियर्स के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान अवगत कराया गया कि कोरोना महामारी के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा अस्थाई रूप से नियुक्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य सह्योगी स्टाफ कि कोरोना महामारी की चुनौतियों से रोकथाम के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत अस्थाई रूप से नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय, जबलपुर में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति की गई थी, किन्तु कोरोना महामारी की चुनौतियां कम होने के क्रम में स्थानीय प्रशासन द्वारा बजट के अभाव का बहाना कर इनके 11 महीने के उस कठिन दौर में सेवा के बाद भी एकाएक कार्य से विमुक्त कर दिया गया था।

## रक्षाबंधन में मेट्रो बस फ्री, महिलाओं को मिला महापौर का तोहफा

### आज रक्षाबंधन के मौके पर महिलाएं एवं बच्चियां कर सकेगी मुफ्त यात्रा



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर अन्नू ने सभी बहनों एवं बच्चियों को उपहार स्वरूप रक्षाबंधन त्यौहार पर आज नि:शुल्क मेट्रो बस यात्रा कराने की घोषणा की है। महापौर कार्यालय पहुंची बच्चियों एवं महिलाओं ने महापौर को राखी भी बांधी। इस दौरान बच्चियों और बहनों ने महापौर को नि:शुल्क मेट्रो बस सेवा के लिए धन्यवाद भी दिया। रक्षाबंधन पर्व पर 30 अगस्त को सभी माताओं, बहनों, बेटियों एवं भांजियों के लिए मेट्रो बस सेवा यात्रा नि:शुल्क करने की एक दिन पूर्व महापौर द्वारा घोषणा की गई है। घोषणा पर अमल करने के लिए महापौर ने मेट्रो बस संचालक के पदाधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा है कि रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं बहने, एवं बेटियों के द्वारा अपने-अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने शहर में आवागमन किया जाता है। कई परिवारों में आने जाने की सुविधा नहीं रहती है इस दृष्टिकोण से रक्षाबंधन पर्व सभी लोग उत्साह एवं सौहाद्र से मनाये उसके लिए मेट्रो बस सेवा यात्रा नि:शुल्क रखी जाये। 30 अगस्त को रक्षाबंधन को सुबह 7 बजे से रात को 10 बजे तक जबलपुर शहर के हर कोने में मेट्रो बस दौड़ेगी। जानकारी के मुताबिक रक्षाबंधन के दिन करीब 65 बसें शहर में चलेंगी जिनमें की बच्चियां और महिलाएं नि:शुल्क सफर कर सकती हैं।

## हॉकी के उत्थान और पुर्नप्रतिष्ठा की शपथ के साथ केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस




**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को रामपुर स्थित मशाल परिसर में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन और केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता थे।

इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव कार्यालय आलोक श्रीवास्तव सहित खेल प्रभारियों एवं खिलाड़ियों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया।

हॉकी प्रभारी शकील शहजादा ने उपस्थित खिलाड़ियों को शपथ दिलाई कि वे हॉकी के विकास व उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और खिलाड़ी व प्रशिक्षक के रूप में हॉकी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के हॉकी प्रभारी एनबी क्षत्रिय, बीएस त्रिपाठी, नासिर अली, संजय केने, राकेश यादव, राकेश स्वामी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

हॉकी के जादूगर की अंतिम जबलपुर यात्रा विद्युत मण्डल के आमंत्रण पर हुई थी- केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के प्रभारी एनबी क्षत्रिय ने हॉकी के जादूगर मेजर और जबलपुर के अंतरंग संबंध पर उपस्थितजन को जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि ध्यानचंद की अंतिम जबलपुर यात्रा वर्ष 1975 में हुई थी। वे मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के तत्कालीन अध्यक्ष डब्ल्यूवी ओक के आमंत्रण पर अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन करने विशेष रूप से झांसी से आए थे। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 31 जनवरी 1975 को हुआ था।

रेलवे स्टेडियम में पूरी प्रतियोगिता खेली गई। उद्घाटन के मौके पर ध्यानचंद का शानदार स्वागत किया गया। 2 फरवरी 1975 को मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। हॉकी के विख्यात जादूगर को जबलपुरवासियों ने अंतिम बार देखा।

हॉकी खिलाड़ी सम्मानित-समापन अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने 45 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली एमपी पावर टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन हॉकी के वरिष्ठ खिलाड़ी सुनील यादव ने किया।

## पाटन विधानसभा की 24 ग्राम पंचायतों में हुई 55 लाख के विकास कार्यों की घोषणा

**जबलपुर, देशबन्धु।** सांसद राकेश सिंह ने जबलपुर संसदीय क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र की पाटन विधानसभा का दौरा किया।

इस दौरान सांसद श्री सिंह ने पाटन विधानसभा की 24 ग्राम पंचायतों का दौरा कर लगभग 55 लाख के विकास कार्यो की घोषणा की।

सांसद राकेश सिंह ने जबलपुर संसदीय क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र के पाटन विधानसभा के पौड़ी खुर्द, पौड़ी कला, हरदुआ (मड़वा), कौनी कला, बूढ़ी कोनी, गाड़ाघाट, जटवा, रिमझा, डुंडी, जूरी, कटरा (बेलखेड़ा) कुअरपुर, (बजरंगढ़), मालाकला, हरदुआ पौड़ी (सिमरिया), पौंडी काटी (मझगंवा), उड़ना (करहैया),कांटी धमनी, पडरिया (भमकी), सुरैया, बरही, ग्वारी, धनेटा, सहसन एवं भुवारा का दौरा किया।



### महिलाओं ने बांधी सांसद को राखी

पाटन विधानसभा के दौरे में ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बालचंद जैन, राजेश राय, कृष्णशेखर सिंह, राजकुमार पटेल, राकेश सिंह, राजकुमार पटेल, आचार्य जगेंद्र सिंह नगर परिषद अध्यक्ष पाटन, मोनू सिंह ठाकुर जनपद सदस्य विवेक बबेले, गौरव गोंटिया, नितिन गोटिया आदि उपस्थित थे।

पाटन विधानसभा के दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत पाटन विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सांसद श्री राकेश सिंह को राखी बांधकर शुभकामनाएं दी। सांसद राकेश सिंह ने क्षेत्र की महिलाओं से रखी बंधवाई।

## रांझी में राखी, रुमाल एवं मिठाइयों का वितरण



**जबलपुर, देशबन्धु।** समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा रांझी मानेगांव क्षेत्र की बहनों को अपने कार्यालय जन सुविधा केंद्र में बुलाकर राखी, रुमाल एवं मिठाइयों का वितरण किया गया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी क्षेत्र की लगभग 900 बहनों को मिठाई ,राखी रुमाल एवं समाजसेवी द्वारा बहनों को दिए गए उपहार जिसे लेकर बहनों ने उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया एवं हर त्यौहार में जो गरीब सबको को समाजसेवी द्वारा सहयोग किया जाता है उसके लिए उन्हें आशीर्वाद दिया और ईश्वर से कामना की कि वह निरंतर हम जैसे लोगों का सहयोग करते रहें।

# दिवंगत कर्मचारी के आश्रितों को लगातार मिल रही है अनुकम्पा नियुक्तियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार निगम में कार्यरत शासकीय सेवक के सेवाकाल में निधन होने पर उनके आश्रितों को शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति की नीति के अंतर्गत दो वर्षो की परिवीक्षा अवधि के अधीन सफाई संरक्षक के पद पर 9 अभ्यर्थियों को शर्तो के अधीन अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। जिसमें अखिलेश घसिया/स्व. मंगल घसिया, सागर डुमार/स्व. हरीश कुमार, मनोज तामिया/स्व.शीला तामिया, श्रीमती दीपू समुद्रे/स्व. कमल समुद्रे, सुजीत कुमार करिया/स्व.श्रीमती मीना करिया, विपिन यादव/स्व. नरेन्द्र यादव, अभिजीत कुमार रैकवार/स्व. निर्मल रैकवार, अभिषेक बर्मन/स्व. विनोद बर्मन, एवं नदीम अहमद खान/अतीक अहमद खान के नाम शामिल हैं। इन सभी 9 आश्रितों को महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश प्रदान किये। इस अवसर पर उन्होंने सभी को शासकीय नौकरी प्राप्त करने की शुभकामनाएँ देते हुए ईमानदारी से कार्य करने एवं परिवार का भरण पोषण करने कहा। उन्होंने कहा कि परिवार का भरण पोषण एवं देखरेख में कोई कमी नहीं आना चाहिए। महापौर ने यह भी कहा कि जो कार्य निगम में दिया जाये, उन कार्यों को भी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से करें ताकि नागरिकों में एक अच्छा संदेश जा सकें।




**आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ भटौली विसर्जन कुण्ड पहुंचे-** परमपूज्य स्वामी गिरीशानंद सरस्वती जी महाराज की पहल एवं उनके सानिध्य में सभी श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासकीय व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त कराने आज 18 सितम्बर से शुरू हो रहे 10 दिवसीय श्रीगणेश महोत्सव पर्व की तैयारियों का जायजा लेने सुबह के समय महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं क्षेत्रीय अन्य जनप्रतिनिधियों अधिकारियों के साथ गौरीघाट स्थित भटौली विसर्जन कुण्ड पहुँचे। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' विसर्जन कुण्ड, आस-पास के क्षेत्रों एवं पहुँच मार्गो का सघन रूप से निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रीगणेश उत्सव के



समापन पर विसर्जन करने की प्रक्रिया में किसी भी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए विसर्जन कुण्ड को सर्वसुविधायुक्त व्यवस्थित कराते हुए यहाँ पर उत्तम साफ-सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था कराई जावे। महापौर ने यह भी निर्देशित किया कि विसर्जन कुण्ड तक सुगमतापूर्वक पहुँचने के लिए पहुँच मार्ग के सभी गडढों को भरने का काम तेजी से कराया जाये। इसके साथ-साथ अधिकारियों की टीम रात्रिकालीन समय में निरीक्षण करें और जिन-जिन जगहों पर ब्लैक स्पॉट दिखाई दे उन जगहों पर उत्तम दूधिया रोशनी की व्यवस्था अतिशीघ्र कराई जाये।

## भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के 14 मंडल संयोजक एवं जिला पदाधिकारी घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरदअग्रवाल के निर्देश अनुसार भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू की अनुशंसा पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के नगर संयोजक मनीष जैन कल्लू के द्वारा महानगर के 14 मंडल संयोजक, तीन नगर सहसंयोजक एवं सहमीडिया प्रभारी की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### रक्षाबंधन पर 30 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन ने पूर्व में जारी अधिसूचना में संशोधन कर रक्षाबंधन के त्यौहार के उपलक्ष्य में बुधवार 30 अगस्त को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस बारे में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। पूर्व में शासन द्वारा रक्षाबंधन पर 30 अगस्त को सामान्य अवकाश घोषित किया गया था।

## ब्राह्मण संस्कार महासभा के आयोजन से शिवमय हुई संस्कारधानी




**जबलपुर, देशबन्धु।** ब्राह्मण संस्कार महासभा द्वारा शहीद स्मारक में आयोजित शिवरूप समरसता का आधार कार्यक्रम में सर्व समाज के 111 बच्चों ने भगवान शिव के विविध रूपों में मंच में आकर और संस्कृत के श्लोकों से सभागार को गुंजायमान कर संस्कारधानी को शिवमय बना दिया।

इन्हें देखकर ऐसा लगा मानों साक्षात भगवान शिव ही विविध रूपों में कैलाश पर्वत से संस्कारधानी में उतर आए हों। इस मौके पर मुख्य अतिथि जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य महाराज ने कहा कि संपूर्ण श्रृष्टि ही शिव का स्वरूप है। पुलिस अधीक्षक टी. के.विद्यार्थी ने अपने उद्‌बोधन में संस्कारों की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजन में सूत्रधार वीरेंद्र तिवारी, अध्यक्ष के. के.शर्मा, कोषाध्यक्ष मुन्नालाल दुबे, राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ. श्रद्धा तिवारी, संरक्षक सुशील शुक्ला, दिलीप दुबे, डॉ. एच.पी. तिवारी, प्रतिष्ठा द्विवेदी, पी. के. तिवारी, आनंद शुक्ला, वैभव गर्ग, रोहित तिवारी हीरा, सतीश अवस्थी, अखिलेश उपाध्याय, के. के. शुक्ला, अनामिका तिवारी, आरती दीक्षित, सुधा पांडे, दिनेश मिश्रा, मधुर त्रिपाठी, राजेश पाठक प्रवीण, सतीश दुबे, आशुतोष पांडे व ज्ञान जी सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी व संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक विनय सक्सेना, धीरज पटेरिया, भारत सिंह यादव व शिव यादव को उनकी धार्मिक व सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। 50 वर्ष का दाम्पत्य जीवन पूर्ण कर चुके बलदेव प्रसाद त्रिपाठी व अशोक मनोध्याय सहित 11 वयोवृद्ध दंपतियों को भी सम्मानित किया गया।

आयोजन में विनीता पगारे के मार्गदर्शन में मानसिक रूप से दिव्यांग तीन स्पेशल बच्चों ने शिवरूप में अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नेत्रहीन कन्या विद्यालय की बच्चियों ने स्वागत गीत वशिव स्तुति के द्वारा दर्शकों की तालियां बटोरीं।किन्नर समुदाय के बच्चों ने भी शिव रूप में अपनी प्रस्तुति देकर आयोजन को नई उंचाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठा द्विवेदी तथा आभार प्रदर्शन मुन्नालाल दुबे ने किया।

## घोड़ा अस्पताल वाले बाबा का पांच दिवसीय उर्स आज से



**जबलपुर, देशबन्धु।** हजरत सैय्यद अली हसन शाह अशरफी उल जीलानी, घोड़ा अस्पताल वाले बाबा का बुधवार से 5 दिवसीय उर्स का एहतेमाम किया गया है। दरगाह के खादिम अब्दुल रशीद ने बताया 30 अगस्त बुधवार को बाद नाम असर दरगाह में परचम कुशाई के साथ उर्स का आगाज होगा। 31 अगस्त जुमेरात को सुबह 7 बजे कुरानख्वानी व रात 9 बजे नातिया मुशायरा का आयोजन किया जाएगा।

**शाही संदल व महफिल-ए-सिमा-** 1 सितंबर जुमा को दोहपर 3 बजे छोटी ओमती चौक मरहूम मुन्ने अली के निवास से शाही संदल जुलूस निकलेगा जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचेगा। जहां परंपरानुसार मज़ार शरीफ पर चादरपोशी की जाएगी। महफिले-ए-सिमा का आयोजन 1 सितंबर रात 9 बजे होगा, जिसमे दरबारी कव्वाल अपने सूफियाना कलाम पेश करेंगे। 2 सितंबर शनिवार बाद नमाज जोहर कुल शरीफ का एहतेमाम किया जाएगा। गौरतलब है कि हजरत घोड़ा अस्पताल वाले बाबा की दरगाह कौमी एकता व साम्प्रदायिक सौहार्द का मर्कज है। यहां पर हर धर्म व सम्प्रदाय के लोग अकीदत के फूल पेश करते हैं। उर्स में हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई एक साथ नजर आते हैं और हाजरी पेश करते हैं। दरगाह कमेटी एवम दरगाह खादिम ने सभी अकीदतमंदो से शिरकत करने की गुजारिश की हैं।

## जय मां दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में शिव मंदिर में अभिषेक एवं शिवपूजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** शिव मंदिर इसाई मोहल्ला गोरखपुर जय मां दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में स्थानीय शिव मंदिर में अभिषेक एवं शिवपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें पवित्र शिवलिंग का निर्माण कराया गया। स्थानीय सभी माता एवं बहनों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डिंपी बिंद्रा, अधिवक्ता रणवीर सिंह परिहार, रवि ठाकुर, अशोक पहलवान, राजेश कश्यप एवं अन्य स्थानी लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य की माता वेलांगनी का महापर्व प्रारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** निर्मला चर्च कांचघर में स्वास्थ्य की माता वेलांगनी का महापर्व प्रारंभ हो गया है। मंगलवार को निर्मला चर्च शानदार रंग रोगन से शानदार चमक रहा था, चर्च को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया था। रोजरी माला के द्वारा आज का विशेष अनुष्ठान, अध्यात्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। माता वेलंकानी की पालकी सहित मां के सभी भक्तों ने चर्च प्रांगण में एक शोभायात्रा निकाली गई। इस पालकी में युवा और मां का ध्वज लेकर युवतियां चल रही थी, साथ में महिलाएं दीपों को लेकर कतार मे चल रहा थी। इस शोभायात्रा के पश्चात एबत मारकस चंपिया के द्वारा वैलंकन्नी माता ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मां का ध्वजारोहण तमिल गीत अन्नै ताये बजाया गया। सभी श्रद्धालुओं की आंखें नम थी आस्था और विश्वास के साथ अपनी मन्नतों और मनोकामनाएं को मांगा गया। मिस्सा बलिदान है एबत मारकस चंपिया के द्वारा अर्पण किया गया ,उनके साथ फादर सुलेमान, फादर क्रिस्टोफर, फादर जेवियर उपस्थित थे।

एबत चंपिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता मरियम अपने सभी भक्तों को आज बुलाती हैं और कहती है जैसा मेरे बेटा ने तुमसे कहा वही मैं तुमसे कहती हूं कि वह (येसु )ही मार्ग सत्य और जीवन है। माता मरियम ने हमारे मुक्तिदाता येशु के लिए सर्वस्व अर्पण किया और हमेशा सत्य (येसु) के साथ पूर्ण विश्वास के साथ रही। आज मां अपने भक्तों से कहती है कि अपने अंतर्मन को स्वच्छ करें, पश्चाताप करें और स्वच्छ मन से यह येसु को अपनाएं। फादर क्रिस्टोफर (पल्ली पुरोहित), फादर जेवियर, शैलेश जॉर्ज (सचिव) मीडिया प्रभारी फांसिस मरीयान ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दी।

## गाडगे महाराज की मूर्ति स्थापित करने महापौर को ज्ञापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा रजक समाज सेवा समिति एवं एबीडीएम टीम ने नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को रजक समाज के सभी संघटनो के जनप्रतिनिधियों ओर सामाजिक जनों द्वारा रजक समाज के संत जी की मूर्ति की स्थापना के लिये ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष विवेक रजक ने बताया कि भारत मे स्वच्छता के जनक गाडगे महाराज ने अपना पूरा जीवन स्वच्छता करते हुये बिताया और उक्त कार्य करते हुए जो भी राशि उन्हें प्राप्त होती उस राशि को उन्होंने स्कूल-कॉलेज और धर्मशाला बनवाकर जन सेवा के लिए समर्पित किये।

ऐसे सन्त की मूर्ति की स्थापना जबलपुर में होनी चाहिये। जिसके लिए महापौर ने रजक समाज के लोगों को विश्वास दिलाया, कि जल्द ही गाडगे महाराज की मूर्ति की स्थापित कराई जायेगी। ज्ञापन सौंपते समय एबीडीएम के नगर अध्यक्ष राजकुमार रजक, रमेश रजक, भगवत प्रसाद रजक, आरडी रजक, बलदेव रजक, राजू रजक, जगन रजक, कल्लू बाबा, दिनेश रजक, नि:शुतोष मालवीय, संजय मालवीय, संजय रजक, सुशील रजक, राहुल रजक, अभिषेक रजक, राजेंद्र रजक, दयाराम रजक, संदीप बाथरे, गनेश रजक, लुक्का रजक आदि सामाजिक जनों की उपस्थिति रहे।

## बिजली की समस्या से जनता परेशान, आंदोलन की चेतवानी

**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा कॉग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी के नेतृत्व में मंगलवार को डी.ई., म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.उत्तर संभाग संजय नगर,अधारताल, जबलपुर को एक ज्ञापन सौंपा गया। श्री सैनी ने बताया कि बढ़ी हुई बिजली बिलों से आम जनता परेशान है। हर घर में बढ़े हुये बिल भेजे जा रहे हैं। वहीं आये दिन बिजली गुल हो जाने से आम जनता परेशान है। मेंटेनेंस के नाम पर एक में कई बार लाईट जाती है। ज्ञापन सौंपने वालों में राकेश सैनी, पप्पू शुक्ल, मुकेश पटेल, देवेंद्र कठेरिया, नीरज वर्मा, समरजीत सैनी, शक्ति सिंह, सुरेश गोटिया, कमल यादव, आदित्य कनोजिया, बंटी झा, संतु यादव, दीपक विश्वकर्मा, सीबू कनोजिया, मुकेश, पप्पी पतंजलि, मिंटू आदि शामिल रहे।

## बच्चे-बूढ़े सब बना रहे सुंदर राखियां




**जबलपुर, देशबन्धु।** राखी पर्व के लिए बच्चे-महिलाओं और बुजुर्गों द्वारा तरह-तरह की सुंदर राखियां बनाई जा रहीं हैं। कलेक्टर कार्यालय में वृद्धाश्रम के बुजुर्गों द्वारा बनाई गई राखियां विक्रय के लिए प्रशासन ने उपलब्ध कराई हैं। उधर सिद्ध बाबा रोड निवासी नीतू पांडे के बेटे वेदप्रकाश पांडे ने भी सुंदर राखियां बना कर सबका मन मोह लिया है।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 30 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा। नक्षत्र-घनिष्ठा।**

**मेष** आज का दिन आप के लिए लाभदायी है। व्यापार में भी अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना अधिक है। आय की वृद्धि होगी।

**वृषभ** आज आप व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाओं से व्यवसाय में आपको लाभ होगा। हालांकि सफलता में विलंब हो सकता है।

**मिथुन** खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं।

**कर्क** किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा।

**सिंह** व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है।

**कन्या** वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा।

**क.**

**तुला** आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी रहेगा। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बेहद ध्यान रखना होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है।

**वृश्चिक** आज का दिन व्यापार के लिए अनुकूल है। गृहस्थजीवन में उलझे हुए प्रश्नों का निराकरण हो सकेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े काम में आपको सफलता मिल सकती है।

**धनु** आप वाणी पर संयम रखें और लोगों से मनमुटाव को दूर करने का प्रयास करें। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक बातों में रहेगा। विद्यार्थियों को एकाग्र होने में दिक्कत आएगी।

**मकर** व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलेगा। आज का प्रत्येक काम बिना विघ्न के पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा।

**कुंभ** आज मानसिक रूप से धार्मिक भावनाओं का उदय अधिक होगा। धार्मिक काम अथवा धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च करेंगे।

**मीन** शेयर-सट्टे की प्रवृत्ति से आज आपको आर्थिक लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार में लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी। **मा.**

## शासकीय होम सांइस व श्रीराम कॉलेज के बीच एमओयू साइन हुआ



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर एवं श्रीराम कॉलेज के बीच एम.ओ.यू. साइन किया गया। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य हमेशा से व्यावसायिक रूप से कुशल छात्र बनाना रहा है, जिसे ध्यान में रखते हुए दोनों कॉलेज के बीच एमओयू ( मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) साइन किया गया है।

जो एक प्रकार का समझौता ज्ञापन है। जिसके तहत यह सुनिश्चित किया गया की श्री राम ग्रुप एवं होम साइंस कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ज्यादा लाभान्वित किया जा सके। जिसके अंतर्गत श्रीराम ग्रुप के छात्रों को होम साइंस कॉलेज में ले जाकर व्यावसायिक विषयों से संबंधित ज्ञान एवं ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी एवं होम साइंस कॉलेज के छात्राओं को श्रीराम कॉलेज लाकर ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

जिससे दोनों कॉलेज के छात्रों को अनुभवी एवं कुशल शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। यही नहीं इस दौरान दोनों कॉलेज के बीच में कुशल शिक्षकों का भी आदान-प्रदान किया जाएगा। इस पर डॉ. कल्पना गुप्ता, विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र विभाग द्वारा श्रीराम कॉलेज के छात्रों को संबोधित किया। नई शिक्षा नीति के उद्देश्य पर डॉक्टर मंजू गुप्ता द्वारा विस्तृत विवरण दिया गया।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों को नई शिक्षा पॉलिसी एवं एमओयू से होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व करते हुए एमओयू श्रीराम गुप के संचालक रामेंद्र कसौलिया एवं होम साइंस कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार द्वारा साइन किया गया। इस पूरी कार्यक्रम के अध्यक्षता श्रीराम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. भरत सोलंकी द्वारा की गई। इस दौरान होम साइंस कॉलेज की रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना गुप्ता, डॉ. मंजू गुप्ता, प्राचार्य डॉ. अरुण पटेल, डीन डॉ. नीलिमा शर्मा, बायो साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निधि खरे अन्य शिक्षक गण व छात्र उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर महाविद्यालयों में खेल प्रतिस्पर्धा आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय खेल दिवस, मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर केंद्र सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर खेल सप्ताह 21 से 29 अगस्त तक आयोजन शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में प्राचार्य डॉक्टर अभय कुमार पांडे के संरक्षण एवं क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र कनौजिया के निर्देशन पर किया जा रहा है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिस्पर्धी खेल फन गेम एवं परंपरागत खेलों का आयोजन फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत इंडोर शतरंज, बैडमिंटन एवं आउटडोर गेम के साथ-साथ फन गेम जैसे रस्साकसी रस्सी कूद ,लंगड़ी लागोरी आदि खेलों का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमे महाविद्यालय की बीए बीएससी बीकॉम के छात्र-छात्रा अपनी सहभागिता प्रस्तुत की। फिट इंडिया अभियान खेल सप्ताह के आयोजन में महाविद्यालय के डॉ. परमेश्वर, डॉ, राजीव तिवारी, डॉ. हरेंद्र कुमार, हरीश शुक्ला, डॉ. वीरेंद्र, दिनेश विश्वकर्मा, डॉ. पिंकी सोमकुवर, भावना गोहर, डॉ. रिचा तिवारी, डॉ. फरहा नाज, किरण सहित समस्त प्राध्यापक अधिकारियों कर्मचारियों, सहायक प्राध्यापक अतिथि विद्वान का सहयोग रहा।







## केंद्रीय विद्यालय संगठन, जबलपुर संभाग

**जबलपुर, देशबन्धु।** संकुल स्तरीय केन्द्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय एकता पर्व 2023 समापन समारोह मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 जी.सी.एफ. में दो दिवसीय स्तरीय केन्द्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय एकता पर्व 2023 का समापन हुआ। इसके अंतर्गत विद्यालय में जबलपुर संकुल क्र.1 के सात विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभागी के रूप में (248 प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय में गायन (शास्त्रीय एवं पारंपरिक) वाद्य संगीत कला 2 तथा 3 डी. नृत्य (शास्त्रीय एवं लोकनृत्य) स्थानीय खिलौने एवं खेल नाटक (एकल), समूह नृत्य (राष्ट्रीय) तथा गान (राष्ट्रीय) आदि प्रतियोगिताएं विद्यालय में आयोजित की गई। विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत आवंटित राज्य नागालैंड की संस्कृति को समूह गान एवं समूह नृत्य के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि आकांक्षा सेमुएल (प्राचार्या के.वि. क्र. 2 जी.सी.एफ ) रहीं। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालयों से पधारे हुए अनुरक्षक शिक्षक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**

**श्रीमती सुकरती बाई लोधी-** देवरी पटपरा निवासी श्री गिरानी लाल लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती सुकरती बाई लोधी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण दास मलगानी-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री नारायण दास मलगानी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आरएन चमोली-** न्यू फैमली लाइन एसएएफ छठवीं बटालियन रांझी निवासी श्री आरएन चमोली (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वाल्मीक सेन-** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज के पास निवासी श्री वाल्मीक सेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री चेतराम तिवारी-** हाईकोर्ट कॉलोनी रामपुर निवासी श्री चेतराम तिवारी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोल्डी सोनकर-** भरतीपुर गुरंदी निवासी श्री धनराज सोनकर के पुत्र श्री गोल्डी सोनकर (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अर्जुन एरमे-** गढ़ाफाटक जगदीश मंदिर निवासी श्री मंगल एरमे के पुत्र श्री अर्जुन एरमे (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक पासी-** पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री अशोक पासी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री देवी प्रसाद यादव-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री देवी प्रसाद यादव (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई-** संजय नगर भड़पुरा निवासी श्री सूरज सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विक्की अहिरवार-** आगा चौक रानीताल निवासी श्री विक्की अहिरवार (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल अहिरवार-** गांधी चौक रांझी निवासी श्री थम्मन सिंह अहिरवार के पुत्र श्री छोटे लाल अहिरवार (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री संजय बावरिया-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राम प्रसाद बावरिया के पुत्र श्री संजय बावरिया (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश सिंह-** रेतनाका ग्वारीघाट निवासी श्री जगदीश सिंह (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रंजना-** कटंगी रोड निवासी श्री सीताराम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रंजना (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## तीन थाना क्षेत्र में पकड़ी गई अवैध शराब

### 180 लीटर कच्ची शराब एवं भट्टी सहित शराब बनाने के उपकरण जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में मंगलवार को फिर चार थाना क्षेत्रों में अवैध शराब पुलिस ने पकड़ते हुये आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें घमापुर, चरगवां, पाटन में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस संबंध में घमापुर थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि मंगलवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि भगवानदास शर्मा स्कूल के पीछे नाले के पास कुचबंधिया मोहल्ला में करिया उर्फ अमल सिंह कुचबंधिया अपने घर के पीछे नाला के ऊपर भारी मात्रा में कच्ची शराब रखे हुये बेचने की फिराक में है। जिसपर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जिसने पूछताछ में अपना नाम करिया उर्फ अमल सिंह कुचबंधिया उम्र 45 वर्ष निवासी कुचबंधिया मोहल्ला बताया। जिससे प्लास्टिक के पांच कुप्पों में 75 लीटर कच्ची शराब मिली।

इसीतरह चरगवां थाना प्रभारी विनोद पाठक ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम धरमपुरा गांव के जंगल तरफ से कच्चे मार्ग पर एक युवक कच्ची शराब बना रहा है। प्लास्टिक के कुप्पी भी पास में रखे हैं। आग तथा धुआं जलता



हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने तत्काल सूचना पर मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक छिपता हुआ दिखा पास ही प्लास्टिक के चार नग कुप्पे एवं शराब बनाने की भट्टी स्टील की टंकी एवं गघरा रखा था, पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जिसने अपना नाम सुखई भुमिया उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम धरमपुरा बताया जो चारों कुप्पों में 60 लीटर कच्ची शराब रखे मिला, आरोपी के कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाने में प्रयुक्त सामान भट्टी, स्टील की टंकी, गघरा, लकड़ी का पाईपनुमा पटिया, जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि बीती शाम मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम कोनीकला में अपने मकान की बाड़ी में प्लास्टिक के 2 केनों में कच्ची शराब छिपाकर रखा है किसी को बेचने की फिराक में है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई ग्राम कोनीकला में एक व्यक्ति मकान की बाड़ी के पास खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम रामखिलावन बर्मन उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कोनीकला बताया जो प्लास्टिक के 2 केन में 30 लीटर कच्ची शराब रखे मिला।

इसी प्रकार थाना पाटन में 28-8-23 की शाम मुखबिर की सूचना पर ग्राम हरदुआ में दबिश देते हुये आरोपी परसराम मल्लाह उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया है।



## हेलमेट धारण नही करने एवं सीट बैल्ट नहीं लगाने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई: एसपी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस कन्ट्रोलरूम में मंगलवार शाम 4 बजे पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने यातायात के तीनों थानों में पदस्थ अधिकारियों की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर/यातायात प्रदीप शेन्डे तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष कुमार शुक्ला एवं बैजनाथ प्रजापति की उपस्थिति में बैठक लेते हुये कहा कि किसी भी बडे शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर एवं सुगम बनाना पुलिस के लिये एक बडी चुनौती होती है। इन्होंने सभी को निर्देशित किया कि यातायात सुगमता से चलता रहे, यह हमारा प्रयास होना चाहिये। जहां भी ड्यूटी लगायी जाती है वहां इस प्रकार की व्यवस्था करें कि यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।

एसनी ने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी को प्रतिमाह नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा।जिस तरह आम नागरिकों से अपेक्षा रहती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें। उच्च न्यायालय एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के परिपालन में सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट धारण नही करने से हो रही मृत्यु में कमी लाये जाने के लिये दुपहिया वाहन सवार द्वारा हैल्मेट एवं चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बैल्ट न धारण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें।

## रोटरी क्लब ने गांव की 60 बच्चियों के साथ मनाया रक्षा बंधन



**जबलपुर,देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा सोमवार 28 अगस्त 2023 को ग्राम कारीवाह पनागर में रक्षाबंधन का त्यौहार गांव की 60 बच्चियों के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रवि वैश्य एंव पू.अ. प्रमोद वैश्य के सौजन्य से 60 कन्याओं को राखी, वाटर बोतल, बिस्किट, मिष्ठान्न एवं शिक्षा सामग्री वितरित की गयी।

क्लब सदस्यों राकेश गिद्रोणिया, राजीव अग्रवाल एंव रोहित माटा ने बालिकाओं के साथ स्वल्पाहार ग्रहण किया एंव रक्षा बंधन त्योहार की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## छात्र मित्र संस्था ने जरुरतमंद महिलाओं को वितरित की सिलाई मशीन



**जबलपुर, देशबन्धु।** गोलबाजार स्थित जमुना सभागृह में दो माह से चले रुद्राभिषेक का समापन पंडित मोहित तिवारी के वाचन, स्वामी रामचंद्र दास महाराज व किन्नर समाज की प्रमुख हीराबाई के सानिध्य में संपन्न हुआ. इस आशय की जानकारी चैतन्य महाप्रभु नर्मदा संकीर्तन मंडल के सचिव रुद्राभिषेक संयोजक श्याम मनोहर पटेल दी।

नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया समापन के अवसर पर विशेष रूप से अर्धनारीश्वर का पूजन, संकीर्तन व सावन का झूला झूल गया. बड़ी संख्या में किन्नर समाज उपस्थित होकर सावन के गीत गाए. किन्नर समाज भगवान अर्धनारीश्वर का स्वरूप है, जिनका शाल श्रीफल से सम्मान किया गया. इस अवसर पर बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, डॉक्टर शिव शंकर पटेल, पंडित मनमोहन दुबे, सुरेश विश्वकर्मा, मनोज गुलाब बनी एवं चैतन्य महाप्रभु संकेतन मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

## दो इलाकों में सड़क हादसे

**जबलपुर, देशबन्धु।** माढोताल थाना में आकाश नामदेव उम्र 23 वर्ष निवासी सिद्धबाबा रोड विंध्यवासिनी मंदिर के पास हनुमानताल ने बताया कि वह तथा उसका छोटा भाई लखन नामदेव करमेता टाटा फंटियर शोरूम से काम करके अपनी मोटर सायकल से अपने घर जा रहा था।




मोटर सायकल वह चल रहा था जैसे ही शोरूम के आगे पहुँचे तो सामने से आ रही स्पेलेण्डर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 केएच 4168 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे वह तथा उसका भाई गिर गये जिससे दोनो के हाथ पैर में चोटें आयीं हैं, रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तरह थाना माढोताल में शैलेष कुमार नामदेव उम्र 32 वर्ष निवासी दीक्षित कालोनी नई बस्ती ने रिपोर्ट्र दर्ज कराई कि वह दिनांक 28-8-23 की रात लगभग 9-20 बजे अपनी स्कूटी से घर जा रहा था जैसे ही सूरतलाई पुल के पास कटंगी रोड पहुंचा सामने से आ रही हुण्डई वरना कार क्रमांक एमपी 09 सी डब्ल्यु 8014 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये स्कूटी में टक्कर मारते हुये गाड़ी उद्दू ठाकुर के घर मे वहीं घुस गयी है एक्सीडेण्ट से उसे हाथ पैर , सिर एवं कमर में चोट आयी है, रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस में छूटा नोटों और जेवर से भरा बैग

### वापस पाकर प्रियंका को मिली अद्‌भुत खुशी

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंदौर से जबलपुर की यात्रा कर रही निजी स्कूल डी.पी.एस. की शिक्षिका प्रियंका द्विवेदी का एक बैग ट्रेन की सीट पर ही छूट गया और महिला अपने घर पहुंच गई। घर पहुंचने पर जब उसने सामान की जांच की तो पता चला कि वह बैग, जिसमें उसके जेवर और काफी पैसे रखे थे वह तो ट्रेन में ही छूट गया है।

इतना देखते ही महिला घबराते हुए तुरंत जबलपुर रेलवे स्टेशन पहुंची, यहां पर उसने उप-स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य के कार्यालय में पहुंच कर बताया कि वह ओवरनाइट एक्सप्रेस के बी 5 कोच की 33 नंबर सीट पर इंदौर से जबलपुर आ रही थी तथा मदन महल स्टेशन पर सुबह-सुबह उतर गई। घर पहुंचने की इस आपाधापी में उसका एक बैग कोच में ही छूट गया है। महिला ने यह बात उप- स्टेशन अधीक्षक हेमंत पेंद्रे तथा स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजय जायसवाल को बताई।

प्रियंका की इस सूचना पर रेलवे स्टाफ द्वारा यार्ड में धुलने के लिए पहुंची ओवर नाइट ट्रेन के कोच अटेंडेंट को तलाशना शुरू किया, काफी देर के बाद अटेंडेंट का पता करने पर कोच



अटेंडेंट के रूप में गोलू मेहरा को ढूंढा गया. जिसके द्वारा कोच की पुन: तलाशी लेने पर बर्थ के नीचे बैग रखा मिला। जिसे रेलवे वाणिज्य कार्यालय में लाया गया। बैग को देखते ही महिला के खुशी से आंसू निकल पड़े। रेलवे स्टाफ ने रेलवे अधिकारी सुनील श्रीवास्तव तथा पंकज दुबे को महिला के बैग गुमने और वापस मिलने की सूचना दी। अधिकारियों ने कोच अटेंडेंट की ईमानदारी की सराहना करते हुए बैग की तस्दीक करके शिक्षिका प्रियंका को लौटा दिया। बैग में सारी राशि और जेवरात सकुशल प्रकार महिला यात्री गोलू सहित रेलवे स्टाफ को धन्यवाद देते हुए अद्भुत खुशी के साथ अपने घर वापस चली गई।

## अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज, आरोपियों की तलाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** लार्डगंज थाना में रमेश चंद अग्रवाल उम्र 65 वर्ष निवासी म.न. 122/2 राइट टाउन थाना लाईगंज ने लिखित शिकायत की है, कि वह सोने व चांदी के जेवर एवं बर्तन का व्यापार करता है। 20 जून 2023 दिन मंगलवार सुबह करीब 11-45 बजे राइट टाउन स्थित अपने निवास से कर्मचारी राम मनोहर केवट को 10 लाख रूपए नगद कलकत्ता से सोने एवं चांदी के जेवर एवं बर्तन क्रय कर भुगतान करने के लिये दिये थे। राममनोहर केवट द्वारा अपने तीन साथी विशाल चौधरी, सूरज ठाकुर एवं एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर कपट पूर्वक उसके द्वारा दिये गये 10 लाख रूपयों का समपरिवर्तन, व्ययन अथवा स्वयं उपयोग कर लिया गया है अथवा कहीं छिपा कर रख लिया है तथा कलकत्ता तक जाना एवं रास्ते में पैसों से भरा बैग तीन लोगों के द्वारा छीन कर भाग जाने की मनगढ़ंत कहानी कह रहा है, मांगने पर उक्त राशि वापस नही कर रहे है शिकायत पर आरोपी राममनोहर केवट, विशाल चैधरी, सूरज ठाकुर एवं अन्य एक व्यक्ति के विरूद्ध धारा 408, 34 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क भारत के 567 जिलों में एक साथ रैली

**जबलपुर, देशबन्धु।** बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क भारत के 567 जिलों में एक साथ रैली का आयोजन कर रहा है। सभी बुद्ध विहार के सभी उपासक उपासिकाओं से अपील की गई है कि बौद्ध विरासत पर ब्राह्मण मंदिरों का कब्जा होने के विरोध में आज 30 अगस्त 2023 को रैली सिविक सेंटर से समय 3:30 बजे से निकल जाएगी। इसका मार्ग सिविक सेंटर से मालवीय चौक, करमचंद चौक, बड़ी ओमती, छोटी ओमती, घोड़ा हॉस्पिटल रोड होते हुए संध्या 5:00 बजे डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर चौक हाई कोर्ट के पास समाप्त होगी। नेटवर्क ने सभी बौद्धिष्ठों से निवेदन किया है कि अंबेडकर विचारधारा साथियों को अधिक से अधिक संख्या में साथ लाने की कृपा करें। जय भीम सुधीर नाडेकर जिला अध्यक्ष बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क जबलपुर यूनिट ने अंबेडकर वादियों से रैली में शामिल होने की अपील की है।

## पर्यावरण संरक्षण पर जोर और फिजूल खर्च पर रोक लगाई जाए

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा प्रत्येक सत्र में करोड़ों रुपए खर्च कर पर्यावरण संरक्षण का ध्यान नहीं रखते हुए पाठ्य पुस्तकें, दक्षता संवर्धन, एडग्रेड तो कभी प्रयास पुस्तकें छपाई जाती है,जबकि पर्यावरण विषयों में अध्ययन करवाया जाता है किन्तु राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा पर्यावरण संरक्षण का ध्यान ना रखते हुए हर सत्र पुस्तकें वो भी पाठ्य पुस्तकों के साथ भिन्न-भिन्न तरह की अनेक मोटी-मोटी पुस्तकों का मुद्रण करवा कर समस्त जिलों में मार्च माह से अगस्त माह तक वितरण किया जाता है।

शासन एक तरफ बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने पर जोर दे रही है, वहीं माध्यमिक स्तर की कक्षाओं में पुस्तकों की संख्या लगभग 17 है तो वहीं कापियों का अलग बोझ, नन्हें -मुन्ने बच्चों के कंधों पर भारी बोझ लाद दिया जा रहा है। दूसरी तरफ से पाठ्य पुस्तकें, दक्षता,एडग्रेड तो कभी प्रयास पुस्तकें प्रकाशित कर करोड़ों रुपए खर्च कर पर्यावरण संरक्षण का ध्यान ना देते हुए, ना जाने कितने वृक्षों का कत्ल कर प्रत्येक सत्र पुस्तकें प्रकाशित कर कमीशन बाज़ी कर नन्हें -मुन्ने बच्चों का बोझ बढ़ा रही है।

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर के अनुसार

**नन्हें -मुन्ने बच्चों के कांधो पर बोझ बढ़ाया..!**

**पाठ्य पुस्तकों में हर साल करोडों की फिजूलखर्ची...!**

आधुनिक युग में जबकि तकनीकी शिक्षा,ऑनलाइन शिक्षा, स्मार्ट टी.वी., टेबलेट,कंप्यूटर आदि के युग में बस्ते का बोझ कम किया जा सकता है तो फिर वही पुरानी पद्धति से पर्यावरण संरक्षण का ध्यान ना रखते हुए पर्यावरण को नुकसान क्यों पहुंचा रहे हैं..?

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के दिलीप सिंह ठाकुर,धर्मेंद्र परिहार, नितिन तिवारी, ऋषि पाठक, दुर्गेश खातरकर, जी आर झारिया,आकाश भील, महेश प्रसाद मेहरा, भोजराज विश्वकर्मा,गंगाराम साहू, भोगीराम चौकसे, चंद्रभान साहू, अंजनी उपाध्याय, सुधीर गौर, राशिद अली, राकेश मून, अजब सिंह, सुल्तान सिंह, देवराज सिंह, इमरत सेन, लोचन सिंह, रामकिशोर इपाचे, रामदयाल उइके, मनोज कोल, पवन सोयाम, देव सिंह भवेदी, पुष्पा रघुवंशी, अर्चना भट्ट, रेनू बुनकर, कल्पना ठाकुर, ब्रजवती आर्मो, राजेश्वरी दुबे, दीपिका चौबे, पूर्णिमा बेन, सुमिता इंगले, प्रेमवती सोयाम इत्यादि ने श्रीमान आयुक्त महोदय,राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से मांग की है, कि आगामी सत्र से पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए स्कूलों में ही पाठ्य पुस्तकें का बुक -बैंक निर्माण कर बच्चों से पुस्तकें वापिस लेकर पुन: उपयोग में लाई जावे जिससे शासन -प्रशासन के करोड़ों रुपयों की बचत होगी एवं पर्यावरण संरक्षण कार्य में भी सहयोग होगा।

## सर्वसुविधायुक्त हो नगर निगम द्वारा तैयार किए जा रहे स्कूल कैंपस

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि शहर में जितनी भी नगर निगम की बिल्डिंगों में शासकीय शालाएं संचालित की जा रही हैं वहां पर पूर्णत: फर्नीचर व्यवस्था की जाए। क्योंकि देखा जा रहा है कि कई जगह नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे स्कूलों का कार्य प्रगति पर है। ऐसे में जो भी बिल्डिंग बन कर तैयार होती है उसमे षिक्षकों एवं बच्चों के लिए फर्नीचर की पूंर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। तभी स्कूलों का कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा। वर्तमान में नगर निगम की जिन बिल्डिंगों में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं संचालित हो रही हैं वहां पर सभी कक्षों में बैंच, डेस्क एवं टेबिल, कुर्सी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और कई स्कूलों में बिजली भी नहीं है। जिससे विद्यार्थियों को समस्याओं का सामना करना पता है।

संघ ने आगे बताया कि नगर निगम द्वारा तैयार की जा रही स्कूलों की नई बिल्डिंगो में नई डेस्क, बैंच, कुर्सी, टेबल एवं नल जल की व्यवस्था के साथ ही बालक, बालिकाओं के लिए प्रथक से टॉयलेट की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिससे छात्राओं को किसी प्रकार से दिक्कतों का सामना न करना पड़े। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, राकेष श्रीवास, दिनेश गौंड़, क्रिस्टोफर नरोन्हा आदि ने नगर निगम कमिश्नर एवं महापौर से मांग की है कि जिन नगर निगम की बिल्डिंगों में शासकीय शालाएं संचालित हो रही हैं वहां पर सर्वसुविधायुक्त वातावरण के तहत सभी आवश्यक चीजें मुहिया कराई जाए।

## दान में मिली जमीन पर बन गया आंगनबाड़ी केन्द्र

### हाईकोर्ट में सरकार की ओर से दी गई जानकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** बच्चों के लिए आंगनबाडी केंद्र बनाये जाने के लिए आदिवासी किसान द्वारा ढाई साल पहले जमीन दान की गयी थी। जमीन मिलने के बावजूद भी आंगनबाडी केंद्र का निर्माण नहीं किये जाने के मामले को हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया था।




चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष सुनवाई दौरान सरकार ने कहा कि दान में मिली जमीन पर आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण कर दिया गया है। युगलपीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है।

गौरतलब है कि दान पर मिली जमीन पर आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण न होने को लेकर अखबारों में खबर प्रकाशित हुई थी। खबर के अनुसार बड़वानी जिले के ग्राम कलालदा ग्राम निवासी आदिवासी किसान लालद सिंह डाबर ने अपनी कृषि भूमि का हिस्सा ढाई साल पहले आंगनबाडी केन्द्र निर्माण के लिए दिया था। लंबा समय गुजर जाने के बावजूद भी आंगनवाडी केन्द्र का निर्माण नही हुआ है। समाचार में स्थानीय अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाये गये थे। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने अखबार में उक्त खबर पर संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में किये जाने के निर्देश दिये थे। पूर्व सुनवाई पर न्यायालय ने प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव, कलेक्टर तथा सीईओं जिला पंचायत बड़वानी सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं सरकार की ओर से कहा गया था कि तीन माह की निर्धारित समय अवधि अगस्त माह के अंतिम सप्ताह तक निर्माण पूर्ण हो जायेगा। मामले में आगे हुई सुनवाई पर सरकार ने आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की जानकारी दी। जिस पर न्यायालयने उक्त केन्द्र में व्यवस्थाओं की जानकारी पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 26 सितंबर को निर्धारित की है।

## गंगा जमुना स्कूल दमोह के प्राचार्य को सशर्त जमानत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने गंगा जमुना स्कूल दमोह के प्राचार्य असफा शेख, शिक्षक अनस अथर व भृत्य रुस्तम अली को सशर्त जमानत दे दी। जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल की एकलपीठ ने कहा कि मुख्य आरोप स्कूल प्रबंधन के खिलाफ है। ट्रायल में अभी समय लगेगा, इसलिए फिलहाल जमानत का लाभ दिया जाना उचित है।जिला अदालत से जमानत निरस्त होने के बाद तीनों आरोपियों ने हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी। आवेदकों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त व कासिम अली ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि स्कूल प्रबंधन के संचालक मोहम्मद इदरिश व अन्य सदस्यों ने प्रस्ताव पारित कर स्कूल में पढ़ने वाली सभी छात्राओं के लिए हिजाब को अनिवार्य किया है। आवेदक तो केवल प्रबंधन का आदेश मानते हैं। आवेदकों के खिलाफ जांच भी पूरी हो गई है और चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

गंगा-जमना स्कूल में हिंदू छात्राओं को जबरन हिजाब पहनाने के मामले में प्राचार्य, शिक्षक और चौकीदार के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। दरअसल, स्कूल प्रबंधन पर आरोप है कि यहां मुस्लिम के अलावा अन्य धर्म के बच्चों को भी जबरन हिजाब पहनने मजबूर किया जाता है। इतना ही नहीं सभी बच्चों के लिए उर्दू पढ़ना अनिवार्य है और गैर मुस्लिम बच्चों को नमाज पढ़ने मजबूर किया जाता है। यह आरोप भी है कि हिंदू व जैन धर्म के बच्चों को कलावा बांधने और तिलक लगाने पर भी प्रतिबंध लगाया जाता है।

## सुखद दाम्पत्य के आदर्श हैं शिव-पार्वती: ब्रह्मचारी चैतन्यानंद

**जबलपुर,देशबन्धु।** श्री शंकराचार्य मठ सिविक सेण्टर बगलामुखी मंदिर मढाताल में पावन श्रावण मास के शुभ अवसर पर आयोजित पार्थिव शिव लिंग निर्माण एवं अभिषेक तथा श्री शिवपुराण की



कथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान् शिव आदर्श दाम्पत्य को प्रदान करने वाले देवता है, द्वादश ज्योतिर्लिंगों की महिमा, पाशुपत व्रत, नवरात्रि व्रत दश महाविद्याओं की उत्पत्ति, भगवान् श्रीकृष्ण को दुर्वासा जी के आशीर्वाद स्वरूप बज्रदेह की प्राप्ति एवं शिवतत्व महिमा को निरूपित किया। भगवती पीतांबरा बगलामुखी माता का हिंडोला पूजन किया गया।

## आबकारी अधिकारी रिश्वत लेते ट्रेप

### शराब जप्ती का झूठा केस बनाने के एवज में मांगे थे 1.20 लाख



**रीवा देशबन्धु।** जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय जिला उमरिया में मंगलवार को रीवा लोकायुक्त ने दबिश देते हुए शराब जप्ती का झूठा प्रकरण बनाने का डर दिखाकर 1 लाख 20 हजार रूपए की रिश्वत लेने वाली महिला आबकारी अधिकारी को रंगे हाथों धरदबोचा। पकड़ी गई रिश्वतखोर महिला अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। लोकायुक्त मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह धाकड़ को निपेंद्र सिंह पिता नारेंद्र सिंह , निवासी ग्राम एवं थाना अमलाई ,तहसील बुढार ,जिला शहडोल मप्र ने शिकायत करते हुए बताया था कि जिला आबकारी अधिकारी उमरिया श्रीमती रीनी गुप्ता द्वारा शराब जप्त का झूठा केस न बनने के एवज में रिश्वत मांगी कर रही है। झूठा केस बनाने उसे परेशान किया जा रहा है। शिकायत का सत्यापन कराया गया तो शिकायत सही पाई गई। जांच में पाया गया कि जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती रीनी गुप्ता द्वारा 30,000 रुपए प्रति महीना, 4 महीने का कुल 1,20,000 रुपए की डिमांड की गई।

**जैसे ही रिश्वत ली वैसे ही धरदबोचा**

रीवा पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह धाकड़ के निर्देश पर टीम गठित की गई और योजना के मुताबिक निपेंद्र सिंह को रिश्वत की रकम 1,20,000 रुपए के साथ कार्यालय कक्ष जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय जिला उमरिया भेजा गया। जैसे ही आरोपिया श्रीमती रीनी गुप्ता जिला आबकारी अधिकारी जिला उमरिया ने रिश्वत की रकम ली वैसे ही लोकायुक्त की टीम ने दबिश देकर दबोच लिया।

### ट्रेप कार्रवाई में 12 सदस्यीय टीम रही शामिल

ट्रेप कार्यवाही में निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार, प्रवीण सिंह परिहार उप पुलिस अधीक्षक, प्रमेंद्र कुमार निरीक्षक, सहित 12 सदस्यीय टीम शामिल रही। लोकायुक्त की कार्रवाई से जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी। तरह-तरह की चर्चाएं भी सरगर्म रही।

## एक और मीसाबंदी परिवार ने की सम्मान ताम्रपत्र लौटने की घोषणा

**सिहोरा,देशबन्धु।** सिहोरा जिला की मांग पर सरकार की ओर से किसी भी प्रकार का कोई संकेत न मिलते देख अब आमजनों के साथ सरकार से सम्मान प्राप्त मीसाबंदियो का परिवार भी आगे आने लगा है।एक मीसाबंदी सम्मान लौटाने की घोषणा के बाद अब दूसरे मीसाबंदी ने भी सरकार से मिले ताम्रपत्र को लौटाने की घोषणा कर दी है। वहीं मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल के नेतृत्व में नगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने सिहोरा विधायक नंदनी मरावी को सिहोरा जिला के संदर्भ में ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से सिहोरा को जिला बनाने की मांग की।

**अब तो दो घोषणाएं,**- सिहोरा को जिला न बनाने से व्यथित स्व पुरुषोत्तम साहू के पुत्र प्रमोद साहू ने पिता को मिले मीसाबंदी सम्मान ताम्रपत्र एवं सम्मान निधि को आगामी 5 सितंबर को लौटाने की घोषणा की थी।इसके बाद अब एक और मीसाबंदी स्व प्रेमचंद सोनी के पुत्रो मोहन सोनी,सुभाष सोनी और अरविंद सोनी ने भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिख आगामी पांच सितंबर



### कांग्रेस नेताओं ने सौंपा विधायक को ज्ञापन, सिहोरा जिला की मांग पर बढ़ता आक्रोश

को ही मीसाबंदी सम्मान ताम्रपत्र लौटने का ऐलान किया है।अपने पत्र में मीसाबंदी सेनानी के पुत्रो ने सिहोरा को अपनी जन्मभूमि बताते हुए सिहोरा के साथ सरकार द्वारा उपेक्षा होने का आरोप लगाया है।समिति के सदस्यों ने सम्मान वापसी के इस आयोजन में सिहोरा विधायक,जबलपुर सांसद सहित सभी राजनैतिक दलों के सदस्यों को भी आमंत्रित किया है।

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के अनिल जैन,कृष्ण कुमार कुररिया,विकास दुबे,सुशील जैन,ऋषभ द्विवेदी,मानस तिवारी,अमित बक्शी,रामजी शुक्ला,राजभान मिश्रा,संतोष पांडे,नत्थू पटेल,अजय विश्वकर्मा आदि ने सभी सिहोरा वासियों से पांच सितंबर को सम्मान वापसी के कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

**सार-समाचार**

## कुंडेश्वर धाम के शिव भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा का अद्भुत चमत्कार



**कुंडम,देशबन्धु।** पंडित कालिका प्रसाद पांडे शास्त्री संगीतमय मधुर मानस ने कुंडेश्वर धाम के शिव भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा का अद्भुत चमत्कार के बारे में विस्तार से जानकारी समस्त कुंडेश्वर धाम के भक्तों को दिया इनका भी कुंडम में जबलपुर से आना-जाना लगभग 55 वर्षों से कुंडम नगर के समस्त शिष्य मंडली स्नेही बंधु कुंडम नगर का बड़ा प्यार और प्रेम पंडित कालिका प्रसाद पांडे जी को मिला है और पंडित कालिका प्रसाद जी का भी समस्त कुंडम नगर के लिए समस्त भक्तों को भी भरपूर आशीर्वाद देकर कुंडम को कुंडम धर्म नगरी भी कहा जैसा की आप 2003 के वर्ष में कुंडेश्वर कुंडम नगर में दादा जी के द्वारा यज्ञ भी कराया गया था सिरी सिरी 108 परम पूज्य देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी कूड़ा वाले कन्हैया के मुखारविंद से भी यही कुंडम को कुंडम धर्म नगरी भी कहा गया था उसे बात को लेकर हमारे कुंडम नगरी क्षेत्र में उनके वचनों का आज तक ध्यान बना हुआ है उनको सर्पित भाव से उनके चरणों में नमन करते हैं वहीं पर कमलेश साहू विधायक प्रतिनिधि बकरी वाले साहू जी ने भी कुंडेश्वर धाम की महिमा को भी अपने विचारों मे बताया और भगवान भोलेनाथ का अद्भुत चमत्कार का विवरण करते हुए कहा की ऐसी भव्य मूर्ति का दर्शन अद्भुत चमत्कार हमारे कुंडम कुंडेश्वर धाम भगवान भोलेनाथ विराजमान है समस्त में जगत में ऐसी मूर्ति प्रतिमा नहीं है और ना आप लोग देखे होंगे जैसी मूर्ति आज कुंडेश्वर धाम में विराजमान है मूर्ति हमारे कुंडेश्वर नगर में स्थापित है भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए बहुत दूर से नर्मदा परिक्रमा करने वाले यात्री भी हमारे कुंडेश्वर धाम का दर्शन करने आते हैं।

## सी.एम.राइज मैं साइकिल वितरण समारोह




**बरेला,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना स्कूली छात्रों को निःशुल्क साइकिल वितरण का आयोजन क्षेत्रीय विधायक सुशील तिवारी (इंदु भैया)के मुख्य अतिथि एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे के विशिष्ट अतिथि तथा प्राचार्य सी.एम.राइस बरेला डॉक्टर डी.के गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति में किया गया कार्यक्रम में समस्त पार्षदगण पलकगण और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे विधायक जी द्वारा 31 छात्रों को साइकिल एवं मेधावी छात्रों को लैपटॉप हेतु राशि के साथ ही चेक प्रदान किये विधायक जी ने छात्रों को साइकिल के महत्व को विस्तार से समझाया शाला परिवार ने समस्त जनों के प्रति आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में शाला परिवार से आर.के परोहा, सुजीत सिंह श्रीमती अलका यादव ,डॉक्टर नीलम दुबे ,शरद परोहा ,आशुतोष वैष्णव ,अनिल सोनकर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## सावन मास के अंतिम सोमवार में हुआ भोले बाबा का अभिषेक

### भक्तों ने बनाए पार्थिव शिवलिंग



**पाटन देशबन्धु।** सिविल कोर्ट परिसर में स्थित मंदिर में भोले बाबा जी का अभिषेक पूरे विधि विधान से पंडित अरविंद दुबे के द्वारा कराया गया। सत्र न्यायाधीश श्री विवेक कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री दशरथ सिंह भिड़े, श्री रवि कुमार साहू, श्रीमति उजाला झा, श्रीमति रितिका शर्मा एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर, सचिव राघवेन्द्र सिंह यादव सहित समस्त अधिवक्ता बंधु उपस्थित रहे। अधिवक्ता संदीप पटेल, केशव प्रताप सिंह ठाकुर ने बताया कि श्री विवेक कुमार जी के द्वारा भोले नाथ का अभिषेक किया गया। सावन से अंतिम सोमवार 28 अगस्त को सिविल कोर्ट परिसर में भोले बाबा माता पार्वती जी का विधिवत पूजन करके अभिषेक किया गया।

## पाटन विस टिकट के दावेदारों ने कसी कमर,लगा रहे दिल्ली भोपाल के चक्कर

**पाटन देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव 2023 की घड़ी जैसे जैसे नजदीक आ रही है वैसे ही टिकिट की चाहत रखने वाले नेताओं में सरगर्मी बढ़ गई है। अभी चुनाव में कुछ वक्त शेष है। लेकिन दोनों ही मुख्य दलों के दावेदारों ने विस टिकट पाने एडी चोटी का जोर लगा दिया है साथ ही अपने-अपने सियासी आकाओं की परिक्रमा भी लगा रहे हैं। वही बीजेपी में सबसे ज्यादा होड़ मौजूदा विधायक की टिकिट कटवाने के लिए मंची है। इस विधान सभा के कार्यकर्ता बड़ी दुविधा में हैं एक बड़े कद्दावर नेता का दौरा जैसे ही पाटन ब्लाक की कुछ पंचायतों के लिए तय हुआ और अगले ही पल एक नया कार्यक्रम कटंगी में तय करके भाजपा के पदाधिकारियों को कटंगी बैठक में पहुंचने का निर्देश मिल जाता है। ऐसी स्थिति प्राय:हर समय निर्मित होती रहती है जिसकी वजह से वर्तमान समय में भाजपा यहां दो गुटों में बंटी है।



दूसरा गुट क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग कर रहा है यदि पार्टी ने चेहरा नहीं बदला तो पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। वही कांग्रेस में भी पाटन विस टिकट के लिए घमासान मचा है। यहां भी दो गुटों में टिकिट को लेकर होड़ मची है एक तरफ पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी है जो 2018 का विधान सभा चुनाव 26712 वोटों से हारे थे वही दूसरे गुट से ठा.विक्रम सिंह, राजेश तिवारी (गुरु), दुर्गेश पटेल, प्रदीप पटेल, बब्बू यादव भी टिकिट मांग रहे है दिलचस्प पहलू यह है कि ये सभी प्रत्याशी संयुक्त रूप से विस क्षेत्र का दौरा भी कर रहे है। इनमें से ठा.विक्रम सिंह 2008 के विधानसभा चुनाव में केबिनेट मंत्री अजय विश्नोई से 12404 मतों से शिकस्त खाई थी यह चुनाव धन बल के साथ सत्ता में बैठे केबिनेट मंत्री से था और अपनी ही पार्टी के नाराज नेताओं से था उसके बावजूद आपस में फूट डालो और राज करो की नीति के चाणक्य कहे जाने वाले कुशल रणनीतिकार के पसीने छुड़ा दिए थे। यही वजह है भाजपा के खुद के नेता ही पाटन विस क्षेत्र से नीलेश अवस्थी की टिकिट फाइनल हो गई ऐसी झूठी खबर फैलाते दिखे जा सकते है उनकी रुचि भाजपा की टिकिट किसे मिलेगी इसमें नहीं है बल्कि कांग्रेस पाटन विस की टिकिट किसे दे रही है इसमें है। जब उनके आका यह कहते है की विधान सभा में कितनी पोलिंग बूथ जिता कर दोगे तब बगले झांकने लगते हैं। साहब का ऐसा कोई समर्थक नहीं जो 10 से 15 बूथ जिताने की गारंटी ले सके फिलहाल अटकलों का बाजार गर्म है इस समय साहब का हर समर्थक 10-20 बूथ जिताने का दम भर रहा है हालांकि दोनों ही दलों के शीर्ष नेतृत्व पहले ही साफ संदेश दे चुके है कि प्रदेश विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए सिर्फ एक ही चीज मायने रखेगी और वो है जीत की क्षमता। दरअसल,प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के दर्जन भर नेता विस टिकट मांग रहे है और टिकट की मांग करना उनका अधिकार है,लेकिन आखिरी फैसला दोनों ही दलों का केंद्रीय नेतृत्व लेगा।

यह फैक्टर भी रहेंगे अहम...

पार्टी टिकट वितरण के पहले इन फैक्टरों पर भी विचार करेगी जैसे कि जातिगत समीकरण,पार्टी के प्रति वफादारी और युवा,लेकिन निर्णायक बात तो जीतने की क्षमता यानी विधानसभा चुनाव में भी टिकट के दावेदारों की जीतने की क्षमता को देखकर ही टिकट फाइनल किए जाएंगे

## सावन के अंतिम सप्ताह में भी नही बटा गरीबी रेखा का राशन

### गरीबों के साथ हो रहा अन्याय ज़िम्मेदार मौन

**पाटन देशबन्धु।** पाटन ब्लाक की समस्त व्रहताकार सेवा सहकारी समितियों के द्वारा राशन वितरण किया जाता है।तहसील की 83 ग्राम पंचायतों में राशन दुकानें संचालित है अगस्त माह के आखिरी सप्ताह में पड़ने वाले त्यौहार रक्षा बंधन के मौके पर बेचारे गरीबों को भूखे मरने की नौवत आ गई है। राशन डीलर के द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गरीबों को राशन वितरण नहीं किया जिस कारण से गरीब के घर में भोजन नहीं बन रहा है। पाटन तहसील के ग्राम डूडी, धमनी, कटरा, बेलखेड़ा बजरंग गढ़, माला, हरदुआ, सिमरिया, पडरिया, सुरैया, उड़ना सड़क, गुरु पिपरिया, च पोध, रमपुरा, बासन, गाड़ाघाट महुआखेड़ा, ग्वारी, धनेटा, सकरा, जमुनिया, रोसरा, रोझा नुनसर आदि गांव वालों ने बताया कि अगस्त माह का राशन नही मिला है जिसके कारण से सावन माह में गरीब लोगो को खाने के लिए लाले पड़े गए वही गांव के प्रेम सिंह, वीरेंद्र सिंह, नीमा बाई, कुंती बाई, अर्चना बाई, सुमंत्री बाई ने बताया कि हर माह की 7 तारीख को गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले हितग्राहियों को राशन वितरण होना चाहिए था परंतु आज दिनाक तक राशन वितरण नही हुआ है जिस पर शासन के जवाबदार अधिकारी मौन धारण किए हुए है।

## डीएसपी क्राइम सुशील चौहान की सेवानिवृत्ति कल

बरेला। पुलिस विभाग में 36 वर्षों की सेवा देने के उपरांत. डीएसपी क्राइम सुशील चौहान कल सेवानिवृत्त हो रहे हैं. डीएसपी सुशील चौहान द्वारा विभिन्न पदों पर रहते हुए. हत्या लूट जैसे गंभीर अपराधों में अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए सभी प्रकरणों का सफलतापूर्वक निपटारा किया है। क्राइम ब्रांच जबलपुर में पदस्थ डी एस पी सुशील चौहान की सेवानिवृत्ति पर उनके सभी ईष्ट मित्रों और विभाग द्वारा उनको शुभकामनाएं दी गई हैं।

## अज्ञात समझकर पुलिस ने दफनाया,परिजनों ने उगरवाया

**पनागर,देशबन्धु।** पनागर क्षेत्र अंतर्गत पडोरा एवं सलैया के बीच नहर पर 26 अगस्त को मिली लाश को अज्ञात समझकर पुलिस ने दफना दिया था, लेकिन इसके बाद सोशल मीडिया में फैली खबर के बाद परिजनों द्वारा की गई पहचान के बाद आज पनागर मंगल भवन के पीछे बने मुक्ति घाट पर परिजनों, पुलिस सहित नायाब तहसीलदार की उपस्थिति में शव को निकलवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के बताए अनुसार मुन्ना यादव पिता स्व. राममूरत यादव उम्र 35 वर्ष सुहागी निवासी साहजी फूड एवं राइस मिल (रिछाई ) थानां रांझी में लगभग 4 सालों से काम करता था, 24 ता गुरुवार को सुबह 9.30 पर आफिस से फोन आने के बाद घर से कंपनी काम करने निकले थे लेकिन वापस नही लोटे, इसकी बाद परिजनों ने 25 ता को शाम को अधारताल थाने में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, 26 ता को पनागर क्षेत्र अंतर्गत पडोरा, सलैया के बीच नहर में पुलिस को उतराता शव मिलने की सूचना के बाद पनागर पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम करवाने के उपरांत शव को अज्ञात मानते हुए मंगल भवन के पीछे स्थित शमशान घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। सोशल मीडिया में नहर में मिले शव की फोटो देखने के बाद उसके परिजनों ने उसकी शिनाख्त अपने भाई के रूप में की, जिसके बाद मृतक के परिजन उसका शव लेने पनागर थाने पंहुचे।

**परिजनों ने कंपनी मालिक पर लगाए हत्या के आरोप**-जानकारी लगते ही मृतक के परिजन पनागर थाने पंहुचे मृतक के भाई मंजीत यादव ने कंपनी मालिक पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि 24 ता को उनके बड़े भाई काम से घर वापस नही पंहुचे तो उसके बाद उसका पता लगाया, जानकारी नही मिलने पर अधारताल थाने में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज

### परिजनों ने कंपनी मालिक पर लगाए हत्या के आरोप



कराई, इसके बाद वे शाहजी फूड एवं राइस मिल पंहुचे जहां कंपनी मालिक ने पहले तो मुन्ना नाम के किसी भी व्यक्ति के काम न करने का बहाना बनाया। जिसकी परिजनों ने रांझी थाने में लिखित शिकायत देने के बाद कोई कार्यवाही नही की गई। मृतक के परिजनों ने कंपनी मालिक पर हत्या की शंका जताते हुए हुए मामला दर्ज कराने की मांग की है।

**इनका कहना है** -24 अगस्त को मेरा भाई कंपनी जाने कहकर घर से निकला जो वापस नही आया जिसके बाद हमने अधारताल थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई दूसरे दिन जब हम लोग कंपनी गए तो मालिक द्वारा हम लोगों के साथ किये गए गलत व्यवहार से शंका हुई और बाद में अंजाम वही निकला, प्रशासन से मांग है कि मामले में गंभीरता बरतते हुए इसकी गंभीरता से जांच कराई जाए, इसमें दोषी लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाए

**मंजीत यादव मृतक का छोटा भाई**

4 - 5 दिनों पूर्व नहर में अज्ञात लाश मिली थी, जिसका पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे दफना दिया गया था, परिवारजनों द्वारा कपड़ों के शिनाख्त के आधार पर की गई पहचान के बाद मर्ग कायम करते हुए लाश को परिजनों को सौंपते हुए पुन: मामले को संज्ञान में लिया गया है।

**सोनाली दुबे एडिशनल एसपी अधारताल**

## मां को गाली दिया तो उतारा मौत के घाट, ट्रैक्टर के कल्टीवेटर से शव ठिकाने लगाया

### चार माह पूर्व बेलगहना हार सिंहपुर में मिले नर कंकाल की गुत्थी सुलझा

सतना, देशबन्धु। चार महीना पहले सिंहपुर थाना क्षेत्र के बेलगहना हार से पुलिस ने एक नर कंकाल बरामद किया था। मृतक कौन है और उसकी हत्या क्यों की गई? यह जानने के लिए फॉरेंसिक टीम की मदद ली गई। डीएनए रिपोर्ट आने पर मृतक की पहचान हो गई। जिसके बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची और इस अंधी हत्या का खुलासा कर लिया गया। एसपी आशुतोष गुप्ता, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह के निर्देशन एवं एसडीओपी भारतेन्दु शर्मा के मार्गदर्शन में थाना सिंहपुर पुलिस को यह सफलता मिली है।

यह है मामला

सिंहपुर थाना में 5 जून को सूचना मिली कि ग्राम बेलगहना हार में एक अज्ञात पुरुष का नर कंकाल पड़ा है। जांच कार्यवाही के दौरान कंकाल का डीएनए परीक्षण कराने के लिए भेजा गया। इसके साथ ही एक गुमशुदा व्यक्ति का डीएनए भी भेजते हुए हत्या और साक्ष्य छिपाने का अपराध कायम किया गया।

डीएनए से हुई पहचान

डीएनए रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृतक की पहचान नीतू पाटीदार



पिता गोकुल कोल निवासी करहिया कलॉ के रूप में हुई। तकनीकी सहयोग एवं मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने संदेही सोने लाल कुशवाहा पिता सौखी लाल कुशवाहा (40) निवासी महुटा थाना सिंहपुर को हिरासत में लेकर बरीकी से पूछताछ की।

**आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया**

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक 25 अप्रैल की शाम उसकी अहरी ग्राम महुटा में जाकर उसकी वृद्ध मां को अश्लील गाली दिया और बुरी नीयत से मिलने के लिए कहा। मां सने यह बात सोने लाल से बताइ तो उसने नीतू कोल को मारने की योजना बना ली। मोटर साइकिल में सवार होकर टांगी व टार्च लेकर ग्राम महुटा से टीकर तरफ खेतों के बीच से जाने वाले रास्ते में नीतू कोल मिला। टांगी से हमला करने पर नीतू की मृत्यु हो गई।

**कल्टीवेटर में फंसाया शव**

हत्या के बाद लाश को छिपाने का कोशिश की, लेकिन जब लाश न उठी तो आरोपी वापस अहरी गया। वहां बाइक खड़ी करने के बाद अपना ट्रैक्टर लेकर लाश के पास गया। लाश को ट्रैक्टर की कल्टीवेटर में रखकर खेत की मेढ़ के नीचे घास में छिपा दिया। पुलिस ने कार्रवाही करते हुए घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर, मोटर साइकिल, टांगी, मोबाइल फोन एवं एक टार्च आरोपी के कब्जे से जब्त की है।

**फॉरेंसिक टीम की मदद से हुआ अंधी हत्या का खुलासा**

**इस टीम को मिली सफलता**

अंधी हत्या की इस गुत्थी को सुलझाने में थाना प्रभारी सिंहपुर शैलेन्द्र पटेल, उप निरीक्षक आरपी त्रिपाठी, एएसआइ दीपक कुमार वर्मा, देवेन्द्र मिश्रा, भैयालाल वर्मा, आरक्षक शोभित सिंह, सुनील सिंह, सैनिक महेन्द्र सिंह, ध्रुव कुमार और फॉरेंसिक टीम की अहम भूमिका रही।

## चीन में भारी वर्षा के आसार, 'येलो अलर्ट' जारी

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यहां के कई क्षेत्रों में तूफानी हवाएं और भारी वर्षा होने के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। लियाओनिंग, शेडोंग, शंघाई, फुजियान, गुआंग्शी, युन्नान और तिब्बत सहित विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार सुबह आठ बजे से मंगलवार सुबह आठ बजे तक भारी बारिश और तूफान आने का अनुमान है। मौसम केन्द्र ने स्थानीय सरकार से उचित तैयारी करने और उसके अनुसार अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने का आग्रह किया गया है। मौसम खराबी के दौरान बिजली आपूर्ति को बंद करने और खुले क्षेत्रों में बाहरी संचालन को निलंबित करने का भी सुझाव दिया है। चीन में चार स्तरीय मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे गंभीर चेतावनी का अलर्ट है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला होता है।

# पश्चिमी लॉबी ने पाकिस्तान चुनाव में अपेक्षित देरी पर दी चेतावनी

**इस्लामाबाद**, (एजेंसियां)। पाकिस्तान के आम चुनावों में संभावित देरी और कार्यवाहक सरकार के कार्यकाल को उसके अनिवार्य 90 दिनों से बढ़ाने के बारे में चल रहे पूर्वानुमान और बहस के बाद पश्चिमी देशों और यूरोपीय संघ (ईयू) ने आपत्तियां व्यक्त की हैं और चेतावनी दी है कि चुनाव स्थगन की स्थिति में इस्लामाबाद को परिणाम भुगतने होंगे। राजनयिक सूत्रों ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन सहित प्रमुख पश्चिमी देशों ने इस मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि चुनाव में देरी के परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं,

■ चुनाव स्थगन की स्थिति में इस्लामाबाद को परिणाम भुगतने होंगे



जिसमें द्विपक्षीय संबंधों का दर्जा कम करना भी शामिल है। राजनयिक हलके के सूत्रों के अनुसार, अमेरिका और यूरोपीय संघ का मानना है कि चुनाव किसी भी प्रगतिशील लोकतांत्रिक समाज का सार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान में चुनाव में देरी और कार्यवाहक व्यवस्था के 90 दिन से ज्यादा बने रहने की स्थिति में केवल प्रतिकूल परिणाम होंगे। पश्चिमी चिंताओं और चेतावनी ने इस्लामाबाद में खतरे की घंटी बजा दी है क्योंकि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने नई डिजिटल जनगणना 2023 के संदर्भ में और उसके अनुसार नए परिसीमन कार्यक्रम की घोषणा की है, जिससे चुनाव कम से कम फरवरी 2024 तक आगे बढ़ जाएंगे। पाकिस्तान संविधान 1973 के अनुसार, विधानसभाओं के विघटन के 90 दिनों के भीतर चुनाव होने चाहिए। शहबाज शरीफ की पिछली सरकार के दौरान काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स की आखिरी बैठक में नई डिजिटल जनगणना को मंजूरी दी गई थी और सभी गठबंधन राजनीतिक दलों द्वारा इस बात पर परस्पर सहमति व्यक्त की गई थी कि चुनाव नई जनगणना और परिसीमन के अनुसार किए जाने चाहिए।

## अमेरिका की वाणिज्य मंत्री चार दिवसीय यात्रा पर चीन पहुंची

**बीजिंग,** (एजेंसियां)। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो व्यापार और पर्यटन के क्षेत्र में वाशिंगटन तथा बीजिंग के बीच सहयोग स्थापित करने के लिए चीन पहुंची हैं। फाइनेंशियल टाइम्स अखबार ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुश्री रायमोंडो 30 अगस्त तक चीनी यात्रा पर हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय की प्रवक्ता शू जुएटिंग ने गुरुवार को कहा था कि रायमोंडो की यात्रा के दौरान चीनी सरकार अमेरिका के साथ आर्थिक संबंधों में मतभेदों को खत्म करने पर चर्चा करने की योजना बना रही है। चीन ने मई में कहा था कि अमेरिकी सेमीकंडक्टर निर्माता माइक्रोन



साइबर सुरक्षा जांच में विफल रहा है, इसलिए, महत्वपूर्ण चीनी सूचना बुनियादी ढांचे को कंपनी के उत्पादों को खरीदना बंद कर देना चाहिए। तभी से दोनों देशों के बीच नवीनतम व्यापार को लेकर मतभेद हैं। कथित तौर पर अमेरिकी सांसदों ने जवाब में अमेरिकी वाणिज्य विभाग से चीन की एकीकृत सेमीकंडक्टर निर्माता चांगएक्सिन मेमोरी टेक्नोलॉजी को ब्लैकलिस्ट करने का आग्रह किया।

## आज का इतिहास

1659– पिता के तख्त पर कब्जे के लिए औरंगजेब ने अपने बड़े भाई दारा शिकोह को फांसी दी।
1806– न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित।
1836– मेलबर्न शहर की स्थापना की गई।
1888– क्रांतिकारी कनाईलाल दत्त का जन्म ।
1903– प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं लेखक भगवतीचरण वर्मा का जन्म।
1923– प्रमुख गीतकार शंकरदास केसरीलाल शैलेंद्र का जन्म।
1928– रास बिहारी बोस और जवाहरलाल नेहरू ने द इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया लीग की भारत में स्थापना की।
1947– भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव आम्बेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।
1952– भारतीय रिजर्व बैंक के पहले गवर्नर ओसबोर्न स्मिथ का निधन।
1976– कथाकार, कहानीकार और अभिनेता जी.पी. श्रीवास्तव का निधन।

## पूर्व प्रधानमंत्री इमरान हत्या के आरोप से हुए बरी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ हत्या के लिए उकसाने के आरोप वाली एक प्राथमिकी को खारिज कर दिया है। उनके वकील ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, जून में खान पर सुप्रीम कोर्ट के वकील अब्दुल रज्जाक की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। रज्जाक के बेटे ने पूर्व प्रधानमंत्री पर अपने पिता की हत्या के पीछे होने का आरोप लगाया था। एक ट्वीट में, खान के वकील नईम हैदर पंजुथा ने कहा- अदालत ने इमरान खान के खिलाफ क्वेटा के बिजली रोड पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया है... एक बार फिर झूठे मामले में इमरान खान जीत गए हैं। न्याय की जीत के लिए पूरे पाकिस्तान को बधाई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मरने से पहले रज्जाक ने अप्रैल 2022 में विश्वास मत हारने के बाद असंवैधानिक रूप से संसद को भंग कर संविधान का उल्लंघन करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग करते हुए एक आवेदन दिया था।

## अमेरिकी हवाई हमलों में अल-शबाब के 13 आतंकी ढेर

**मोगादिशु।** अमेरिकी अफ्रीका कमांड ने रविवार को कहा कि सोमालिया सरकार के अनुरोध पर अमेरिकी सशस्त्र बलों ने अल-शबाब आतंकवादी समूह के खिलाफ हवाई हमला किया जिसमें समूह के 13 आतंकवादी मारे गए। बयान में कहा गया है कि हमला किसमायो शहर से 45 किलोमीटर (27.9 मील) उत्तर-पश्चिम में लक्ष्य पर हुआ। अल-शबाब सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है। यह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

## सुडोकू 6301

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | 2 | 9 | 5 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | 5 | 2 | |
| 1 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | 4 | 7 | | | | | | |
| | 6 | | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 5 | | | | 1 |
| 3 | 9 | 1 | | 8 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### झारखंड में कांग्रेस नेता मुन्नम से ईडी ने की पूछताछ

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस नेता संजय मुन्नम से प्रवर्तन निदेशालय के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ शुरू कर दी गई है। देवघर में चर्चित राय बंगला की जमीन खरीद मामले में भी ईडी ने कई लोगों को समन किया है। देवघर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय मुन्नम सहित कई अन्य लोगों को भी ईडी ने समन भेजा है। इस मामले में भाजपा नेता अभिषेक आनंद झा, अमरनाथ टेकरीवाल सहित अन्य लोगों से भी ईडी पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि बीते 23 अगस्त को ईडी ने मुन्नम, योगेंद्र तिवारी सहित कई अन्य लोगों के कुल 32 ठिकाने पर छापेमारी की थी।

### पुंछ व राजौरी से पीटीआई के झंडे किए गए बरामद

**जम्मू।** इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के झंडे सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में बरामद किए गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुंछ जिले के भिम्बर गली सेक्टर में मिडिल स्कूल सरुला में गुब्बारों से बंधे झंडे देखे गए और पुलिस ने इन्हें अपने कब्जे में ले लिया। राजौरी जिले के लाम इलाके से पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज और पीटीआई के झंडे के साथ बहुरंगी गुब्बारे भी बरामद किए गए। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या ये झंडे नियंत्रण रेखा के पार से हवा में छोड़े गए थे या पुंछ और राजौरी जिलों के भीतर कहीं से।

## ताजिकिस्तान में मूसलाधार बारिश से 13 लोगों की मौत

**दुशांबे,** (एजेंसियां) पश्चिमी ताजिकिस्तान में मूसलाधार बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन की प्रेस सेवा ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, कल (रविवार को) मूसलाधार बारिश के कारण 13 लोगों की मौत हो गई, जिसमें वाहदत शहर में 11 और रुदाकी के पास दो अन्य लोग शामिल हैं। प्रेस सेवा ने कहा, श्री रहमोन ने पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री और आपातकालीन स्थिति समिति को प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये। आपातकालीन समिति की प्रवक्ता उमेदा यूसुफी ने बताया कि रविवार को देश में हुई बारिश के कारण दुशांबे, वाहदत और गिसार शहरों तथा रुदाकी, वरज़ोब, देवाश्तिच, रश्त, सांगवोर एवं तोजिकोबोड जिलों में भूस्खलन और चट्टानें गिरीं। उन्होंने कहा कि वाहदत के चार क्षतिग्रस्त गांवों में 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। ताजिक राजधानी दुशांबे के पास कई घर और संपत्तियां भूस्खलन से प्रभावित हुईं, 14 कारें कीचड़ में फंस गईं। सड़कें, सुविधाएं और पांच पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए। आपातकालीन समिति वर्तमान में क्षति के पैमाने का आकलन कर रही है। एक उपप्रधानमंत्री, आयोग के प्रमुख और भूमि सुधार तथा सिंचाई एजेंसी के प्रमुख वाहदत एवं रुदाकी में आपदा स्थलों के लिए रवाना हो गए हैं।

# मिस्त्र, इतालवी विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की

■ लीबिया की स्थिति पर भी की चर्चा

**काहिरा,** (एजेंसियां)। मिस्त्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और उनके इतालवी समकक्ष एंटोनियो तजानी ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मिस्त्र के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, श्री तजानी ने नाइजर में विकास के बारे में शौकरी के आकलन और नाइजर और क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने के लिए राजनयिक माध्यमों से संकट को हल करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने लीबिया की स्थिति पर भी चर्चा की, जहां शौरी ने अपने इतालवी समकक्ष



को राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति में विकास के संबंध में मिस्त्र के दृष्टिकोण से अवगत कराया। श्री शौकरी ने उन समाधानों का समर्थन करने के तरीकों की भी समीक्षा की जो लीबिया में जल्द से जल्द संसदीय और राष्ट्रपति चुनाव कराना सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा दोनों शीर्ष राजनयिकों ने अवैध आप्रवासन सहित भूमध्यसागरीय क्षेत्र में सामान्य स्थितियों और चुनौतियों को संबोधित किया।

## अत्याधुनिक जासूसी विमानों की परीक्षण उड़ानें शुरू

**जेरूसलम।** इजराइल की सेना ने खुफिया प्रणालियों से लैस गल्फस्ट्रीम जी550-आधारित टोही विमान ओरॉन का परीक्षण उड़ान शुरू कर दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि सेना ने खुफिया प्रणालियों को अत्याधुनिक ओरोन विमानों की परीक्षण उड़ानें शुरू कर दी हैं। मंत्रालय ने कहा, यह विमान इजरायली सेना को अभूतपूर्व खुफिया क्षमताएं प्रदान करेगा, इससे खराब मौसम में भी जमीनी गतिविधियों की वास्तविक समय पर निगरानी की जा सकेगी। रक्षा मंत्रालय की मिशनीकृत विमान शाखा के प्रमुख ने कहा कि ओरोन एक संयुक्त मल्टी-डोमेन, मल्टी-सेंसर विमान है, जो इज़राइली रक्षा बलों को खतरों का मुकाबला करने के लिए शक्ति प्रदान करेगा।

## वर्ग पहेली 6301



**बायें से दायें:-**
१.तमिलनाडु का एक बहुचर्चित सांड को नियंत्रित करने का खेल जिसे बाद में प्रतिबंध लगाया गया थआ
३.पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उदूर्)
१०. अपने श्रम का प्रतिफल लेनेवाला, तनख्वाह लेने वाला
१२. प्रगति करना
१३. लिए, हेतु, कारण
१४. श्रीपाम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
१९. बाइज्जत
२१. मुसलमानोंका का एक पवित्र महीना
२३. सुल्तान, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**
१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब,पाकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने वाला, विभक्त करने वाला,
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर, नियमत:
११. रखारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५ चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

## दुनिया को जानें

### जापान का पहला चंद्र मॉड्यूल प्रक्षेपण स्थगित

**टोक्यो,** (एजेंसियां)। मौसम की खराबी के कारण जापान के स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून (एसएलआईएम) प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जॉक्सा) ने सोमवार को यह जानकारी दी। जापान का पहला एसएलआईएम चंद्र मॉड्यूल तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एच-आईआईए लॉन्च वाहन पर प्रक्षेपण किया जाना था। मार्च में नए एच3 रॉकेट की विफलता के बाद यह एजेंसी द्वारा किया गया पहला प्रक्षेपण है। जॉक्सा ने रॉकेट के उड़ान भरने की उम्मीद से 23 मिनट पहले प्रक्षेपण रद्द करने की घोषणा की।



## 'उत्तर कोरिया ने आर्थिक कठिनाइयों के कारण सीमा फिर से खोली'

**सियोल**, (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने तीन साल से अधिक समय तक सख्त वायरस प्रतिबंधों के बाद अपनी सीमा को फिर से खोलने का फैसला किया है, इसका मुख्य कारण बंद से होने वाली आर्थिक चुनौतियां हैं।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया ने रविवार को कहा कि उसने कोविड-19 महामारी के बारे में कम चिंताओं के बीच विदेश में अपने नागरिकों को घर लौटने की अनुमति दी है। इस निर्णय से उसने अपनी सीमा को फिर से खोलने की आधिकारिक घोषणा कर दी। मंत्रालय के एक प्रवक्ता कू ब्यूंग-सैम ने एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ऐसा माना जाता है कि अपनी सीमा बंद होने के कारण, उत्तर कोरिया को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, और कर्मियों के आदान-प्रदान अवरुद्ध होने के कारण संभवत: कई असुविधाएं हुईं। फिर भी, मंत्रालय ने उत्तर कोरिया के नवीनतम कदम को सीमित सीमा को फिर से खोलने



के रूप में देखा, क्योंकि उत्तर ने केवल विदेश में अपने नागरिकों की वापसी को मंजूरी दी है। उसने यह उल्लेख नहीं किया है कि वह विदेशियों को प्रवेश की अनुमति कब देगा। नवीनतम निर्णय से, विदेशों में रहने वाले अधिक उत्तर कोरियाई राजनयिकों, मजदूरों और छात्रों के वापस लौटने की उम्मीद है। ऐसी भी चिंताएं हैं कि चीन से उत्तर कोरियाई दलबदलुओं को जबरन उत्तर कोरिया में वापस भेजा जा सकता है। एकीकरण मंत्रालय ने चीन में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए उत्तर कोरियाई दलबदलुओं के संभावित प्रत्यावर्तन के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की।

## लंदन में नॉटिंग हिल कार्निवल के दौरान 85 लोग गिरफ्तार

**लंदन,** (एजेंसियां)। लंदन के नॉटिंग हिल जिले में पुलिस ने कैरेबियन कार्निवल के पहले दिन 85 लोगों को गिरफ्तार किया है, हालांकि इस दौरान कोई गंभीर घटना दर्ज नहीं की गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस सेवा ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने एक बयान में कहा, रविवार को 21:30 बजे तक, 85 गिरफ्तारियां हो चुकी थीं। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए ज्यादातर लोगों को हथियार, मादक पदार्थ रखने या यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

बयान में एक उप सहायक आयुक्त एडे एडेलकन और नॉटिंग हिल कार्निवल के संचालन प्रमुख के हवाले से कहा गया,"सा कि हमने हमेशा देखा है कि बहुत बड़ी भीड़ लंदन और उसके बाहर से आ रही है... जहां भी ऐसा होगा, हमारे अधिकारी निर्णायक रूप से जवाब देंगे, जो अब तक की गई 85 गिरफ्तारियों से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियों की संख्या कार्निवल के पहले दिन पुलिस की अपेक्षाओं के अनुरूप 'मोटे तौर पर सुसंगत' थी। पुलिस ने यह भी कहा कि सुरक्षा अभियानों की बदौलत पहला दिन बिना किसी गंभीर घटना के बीता।

**आयोजन** इराकी विदेश मंत्रालय ने बगदाद में आयोजित किया समारोह

# इराक, चीन ने राजनयिक संबंधों की 65वीं वर्षगांठ मनाई

**बगदाद**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। इराकी विदेश मंत्रालय ने इराक और चीन दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर बगदाद में एक समारोह आयोजित किया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के बारे में इराकी उप मंत्री मोहम्मद हुसैन बहर अल-उलूम ने अपने भाषण में कहा, इराकी-चीनी दोस्ती ऐतिहासिक है और दोनों देशों के बीच मित्रता की जड़ें कई दशकों से मजबूत हैं। उन्होंने कहा, 65 साल पहले अपनी स्थापना के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों ने सम्मान और पारस्परिक लाभ के आधार पर काफी प्रगति की है।

इराक में चीनी राजदूत कुई वेई ने कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी पारंपरिक मित्रता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन सिल्क रोड ने 2,000 साल से भी पहले दोनों लोगों को जोड़ा था। श्री कुई ने कहा, पिछले 65 वर्षों में, चीन और इराक ने हमेशा एक-दूसरे को समझा, भरोसा किया है तथा हर मुद्दे पर एक-दूसरे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बेल्ट एंड रोड पहल के तहत चीनी कंपनियां इराक में तेल और बिजली परियोजनाओं में व्यापक रूप से तथा गहराई से शामिल हैं। उन्होंने देश की आर्थिक वृद्धि और लोगों की आजीविका में सुधार के लिए महान योगदान दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इराक वर्तमान में पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में चीन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है जबकि चीन इराकी तेल का सबसे बड़ा विदेशी खरीदार है।



## चीन के कई क्षेत्र एकीकृत विकास को दे रहे बढ़ावा

**बीजिंग।** चीनी परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीन की ऊर्जा खपत संरचना में परिवहन उद्योग में ऊर्जा खपत लगभग 17 प्रतिशत है। परिवहन उद्योग की ऊर्जा संरचना में, हरित बिजली का अनुपात कम है। इसलिए हरित ऊर्जा विकसित करने की संभावना बहुत बड़ी है। कई क्षेत्र नई ऊर्जा और परिवहन के एकीकृत विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। शिनच्यांग का पहला एक्सप्रेसवे दोहरी ऊर्जा भंडारण स्व-सुसंगत फोटोवोल्टिक बिजली आपूर्ति प्रणाली आधिकारिक तौर पर अल्ताई- उरुमुछी एक्सप्रेसवे के एक सेवा क्षेत्र में बिजली उत्पादन के लिए ग्रिड से जुड़ी हुई थी और परीक्षण संचालन में डाली जा चुकी है। यह प्रणाली रेगिस्तान के जटिल ऑपरेटिंग जलवायु वातावरण के लिए अनुकूलित ऊर्जा भंडारण प्रदर्शन प्रणालियों के दो सेटों से सुसज्जित है। ताकि सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुविधाओं के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यह प्रणाली सालाना 7,10,000 किलोवाट बिजली उत्पन्न कर सकती है, जो प्रति वर्ष 285 टन मानक कोयले की बचत के बराबर है।

## वर्ग पहेली-6300



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## एशिया कप के शुरुआती दो मैच नहीं खेल सकेंगे राहुल

**बेंगलुरु,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पूरी तरह फिट नहीं हो पाने के कारण एशिया कप 2023 के शुरुआती दो मैचों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कोच राहुल द्रविड़ के हवाले से ट्वीट किया, केएल राहुल वास्तव में अच्छी प्रगति कर रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ एशिया कप 2023 के भारत के पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि राहुल जांघ की सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब प्रक्रिया पूरी कर भारत की 17 सदस्यीय टीम में शामिल हुए थे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए बताया था कि राहुल एक अन्य छोटी चोट से जूझ रहे हैं। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।




# विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते देखना पसंद करूंगा : रॉबिन उथप्पा

**लॉडरहिल, फ्लोरिडा।** यूएस मास्टर्स टी10 लीग का रोमांचक अंत हो गया जब सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क में बेन डंक की अगुवाई वाली टेक्सास चार्जर्स ने स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में फाइनल में मिस्बाह-उल-हक की अगुवाई वाली न्यूयॉर्क वॉरियर्स को सुपर ओवर के जरिए हराया। टूर्नामेंट, जो अटलांटा फायर, कैलिफ़ोर्निया नाइट्स, मॉरिसविले यूनिटी, न्यू जर्सी ट्राइटन, न्यूयॉर्क वॉरियर्स और टेक्सास चार्जर्स के बीच खेला गया, ने 18 से 27 अगस्त 2023 तक ब्लॉकबस्टर मनोरंजन प्रदान किया। कैलिफ़ोर्निया नाइट्स के लिए खेलने वाले आरोन फिंच 236 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे। इस बीच, तेज गेंदबाज सोहेल खान ने प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा 15 विकेट लिए। अटलांटा राइडर्स के लिए खेलने वाले रॉबिन उथप्पा ने कहा कि टी10 टी20 क्रिकेट में बहुत महत्व जोड़ता है। उथप्पा ने कहा, मुझे लगता है कि टी10 यहीं रहेगा। मुझे लगता है कि खेल का यह संस्करण दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक है। दूसरे, मुझे लगता है कि यह क्रिकेट के एक अलग पहलू को खोलता है जो टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक मूल्य जोड़ देगा। इसलिए, मैं आशा ऐसा करता हूं कि किसी समय, इसे भारत में पेश किया जाएगा और वर्तमान क्रिकेटर खेल के इस प्रारूप को खेल सकेंगे। भारत के पूर्व खिलाड़ी ने यह भी कहा कि वह विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते हुए देखना पसंद करेंगे, मैं निश्चित रूप से विराट कोहली को खेल के इस संस्करण को खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। क्योंकि मुझे लगता है कि इससे बहुत अधिक मूल्य जुड़ जाएगा। मुझे लगता है कि वह शायद हमारे जीवन में अब तक देखे गए सबसे महान एकदिवसीय खिलाड़ियों में से एक है। और मुझे लगता है कि जब वह खेल के इस संस्करण को खेलेगा तो उसे अपने खेल के विभिन्न पहलुओं का पता चलेगा। क्रिकेट का सबसे तेज़ प्रारूप यूएस मास्टर्स टी10 लीग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए एक आकर्षक चुनौती थी, पूर्व भारतीय स्टार गौतम गंभीर ने कहा, हर गेंद एक घटना है। टी10 टूर्नामेंट खेल का एक ऑल-एक्शन संस्करण था जहां दुनिया भर के प्रशंसकों ने पाया कि कभी भी कोई सुस्त पल नहीं था।

> मुझे लगता है कि टी10 यहीं रहेगा। मुझे लगता है कि खेल का यह संस्करण दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक है। दूसरे, मुझे लगता है कि यह क्रिकेट के एक अलग पहलू को खोलता है जो टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक मूल्य जोड़ देगा। इसलिए, मैं आशा ऐसा करता हूं कि किसी समय, इसे भारत में पेश किया जाएगा और वर्तमान क्रिकेटर खेल के इस प्रारूप को खेल सकेंगे : रॉबिन उथप्पा




यूएस मास्टर्स टी10 लीग में न्यू जर्सी ट्राइटन की कप्तानी करने वाले गंभीर ने कहा, 60 गेंदें, हर गेंद एक घटना है, चाहे वह गेंदबाजों के लिए हो या बल्लेबाजों के लिए, और आप जितना संभव हो उतने विकल्प लेने की कोशिश करना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स टी10 लीग की सफलता के बारे में बोलते हुए, टी टेन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के चेयरमैन, शाजी उल मुल्क ने कहा, यूएस मास्टर्स टी10 लीग के उद्घाटन में कुछ महानतम क्रिकेटरों को एक्शन में देखना बिल्कुल शानदार था। उन्होंने प्रतियोगिता में चार चांद लगा दिए और अमेरिका में कई प्रशंसकों का मनोरंजन किया। हम अगले साल वापस आने के लिए उत्सुक हैं। इस बीच, एसएएमपी ग्रुप के सीईओ और अमेरिकी संस्करण और लीग पार्टनर के मुख्य आयोजकों में से एक रितेश पटेल ने कहा, नए प्रशंसकों को खेल की ओर आकर्षित करने के लिए टी10 प्रारूप खेल का सही संस्करण है।

## नंबर-3 पर विराट कोहली सबसे बेस्ट व खतरनाक हैं : आकाश

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि विराट कोहली को एशिया कप और विश्व कप-2023 में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम कॉम्बिनेशन, प्लेइंग-11 और बैटिंग ऑर्डर को लेकर पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय टीम को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। खास तौर पर भारतीय टीम को नंबर-4 पर काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है लेकिन श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की टीम में वापसी के बाद अब ये कमी पूरी हो गई है। इस बीच चोपड़ा ने कहा कि नंबर 3 स्थान पर विराट बेस्ट हैं । इसे आंकने के लिए दो पैरामीटर हैं। सबसे पहले, नंबर 4 पर विराट कोहली की सफलता अच्छी है, लेकिन नंबर 3 पर यह जबरदस्त है। उन्होंने कहा, उम्मीदें उनके टूर्नामेंट प्रदर्शन पर टिकी हैं - अगर वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो भारत को फायदा होता है। लेकिन उनका बल्ला खामोश होता है तो मिडिल ऑर्डर मुश्किल में आ जाता है। कोहली की शानदार बल्लेबाजी नंबर-3 पर चमकती है, नई गेंदों से निपटते हैं और खेल को समाप्त करते हैं। इसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इससे पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा था कि अय्यर की अनुपस्थिति और सुर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म को देखते हुए कोहली को नंबर 4 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए 210 पारियों में 60.21 के औसत से, कोहली ने वनडे में 10,777 रन बनाए हैं। वहीं, नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए 39 पारियों में 55.22 की औसत से 1767 रन बनाए हैं।

# भारत ने थाईलैंड पर फाइनल में 7-2 की जीत से महिला हॉकी 5 एशिया कप खिताब जीता

नई दिल्ली, (देशबन्धु)। मरियाना कुजूर और ज्योति के दो-दो तथा मोनिका दीपि टोपो, कप्तान नवजोत कौर व महिमा चौधरी के एक-एक गोल की बदौलत भारत ने थाईलैंड को सलाला(ओमान) में सोमवार रात पहले महिला हॉकी 5 एशिया कप के फाइनल में 7-2 से हराकर खिताब जीत लिया। पराजित थाईलैंड के लिए कुंजिरा इपा और सांगपाउंग कार्ननाउक ने पांचवें मिनट में लगातार गोल कर उसे 2-1 से आगे कर एक बारगी भारतीय महिला हॉकी टीम को चौंका दिया था। भारतीय टीम इलीट ग्रुप में शीर्ष पर रहने के साथ पहले ही 2024 में ओमान में 2024 में होने एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया था।




■ भारत के लिए मरियाना कुजूर व ज्योति ने दागे दो दो गोल

मरियाना कुजुर, ज्योति , कप्तान नवजोत कौर और मोनिका दीपि टोपो की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में आक्रामक अंदाज में आगाज किया। मरियना कुजुर ने दूसरे मिनट में गोल कर भारत का खाता खोला और मोनिका दीपि टोपो ने सातवें मिनट में गोल कर भारत को दो-दो की बराबरी दिला दी। मरियाना कुजूर ने अगले ही मिनट में अपना दूसरा गोल कर भारत को 3-2 से तथा ज्योति ने तीन मिनट बाद गोल कर हाफ टाइम तक 4-2 से आगे कर दिया।

नवजोर कौर की अगुआई में भारत ने दूसरे हाफ में आक्रामक अंदाज में किया। नवजोत कौर ने 23 वें मिनट में गोल कर तथा ज्योति ने चार मिनट बाद गोल कर भारत की बढ़त 6-2 कर दिया। महिमा चौधरी ने खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले गोल कर भारत को 7-2 से आगे कर दिया और यही इस फाइनल का आखिरी गोल भी साबित हुआ।

हॉकी इंडिया ने खिताब जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की हर सदस्य को इस शानदार प्रदर्शन के लिए दो-दो लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को एक-एक लाख का इनाम देने की घोषणा की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन डॉ. दिलीप टिर्की ने हॉकी 5 महिला एशिया कप जीतने और एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने पर बधाई देते हुए कहा, यह हमारी महिला हॉकी टीम के बेहतरीन टीम प्रयास का नतीजा था।

मैं भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप ओमान , 2024 के लिए बधाई देता हूं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम को महिला एशिया कप हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर जीतने के साथ अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर देश का गौरव बढ़ाने पर बधाई। बीते कुछ महीनों में कड़ी ट्रेनिंग काम आई।

# वर्ल्ड कप से पहले बुमराह की वापसी से खुश हैं द्रविड़

**बेंगलुरु।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पीठ की चोट के कारण 11 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की है। किंग ऑफ स्विंग जसप्रीत बुमराह के लौटने से जहां एकतरफ टीम इंडिया को राहत मिली है। वहीं, विरोधी टीमों की टेंशन बढ़ गई है। आयरलैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी से उन्होंने अपनी वापसी का बिगुल बजा दिया है। उनकी वापसी से कोच राहुल द्रविड़ भी खुश हैं क्योंकि बुमराह के बिना टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी काफी कमजोर हो चुकी थी। टीम इंडिया एशिया कप के लिए श्रीलंका रवाना होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अलुर में प्रशिक्षण के अंतिम दिन, द्रविड़ ने राहुल की चोट पर अपडेट दिया और टीम में बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की।

द्रविड़ ने कहा, बुमराह की वापसी और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा है, वो अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। जसप्रीत वह व्यक्ति है जिसे हमने पिछले दो वर्षों में बहुत याद किया है। मुझे कहना होगा कि उसने बहुत सारे मैच नहीं खेले हैं। लेकिन उसकी वापसी टीम के लिए खास है और हम धीरे-धीरे उसे इसमें शामिल कर लेंगे। भारतीय टीम के लिए पूरी ताकत वाली गेंदबाजी लाइन-अप वापस आ गई है। शमी और सिराज के पहले से ही मौजूद होने से, बुमराह का कौशल और अनुभव काम आएगा। द्रविड़ ने विश्व कप की तैयारी पर भी चर्चा की और खामियों को दूर करने के लिए एशिया कप 2023 को सबसे अच्छे अवसर के रूप में प्राथमिकता दी।

# नौजवान ध्यानचंद के नक्शेकदम पर चल खेलों को करियर बनाए : सविता

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर दद्दा मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को उनको नमन करते हुए भारत आज राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहा है। 29 अगस्त, 1905 को इलाहाबाद में जन्मे मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 2012 से राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा रहा है। ध्यानचंद ने देश के आजाद होने से पहले भारत को लगातार तीन ओलंपिक में - 1928 (एम्सटर्डम), 1932 (लॉस एंजेल्स) और 1936 (बर्लिन) -में हॉकी में स्वर्ण पदक जिता कर उसे हॉकी की बड़ी ताकत के रूप में अलग पहचान दिलाई थी। ध्यानचंद पीढ़ियों से भारतीय हॉकी खिलाडियों के प्रेरणास्रोत हैं और आने वाली पीढियों के लिए भी रहेंगे। भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और महिला हॉकी टीम की 'दीवार' कप्तान गोलरक्षक सविता पूनिया ने नौजवानों से ध्यानचंद के नक्शेकदम पर चलते हुए खेलों को करियर बनाने की गुजारिश की।

### खेलों को जिंदगी जीने के तरीके के रूप में चुनें : हरमनप्रीत सिंह

भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, खेल अनुशासन, खेल भावना, टीम भावना और जीवट जिंदगी के अहम कौशल हासिल करने में अहम भूमिका निभाते हैं। जिंदगी में बहुत कम उम्र में इस तरह के कौशल जैसे जिंदगी के मूल्यों से रूबरू होने से चरित्र निर्माण में मदद मिलती है। खेल इंसान के रूप में बेहतर बनने के लिए अहम हैं।



जहां तक मेरा खुद का ताल्लुक है मैं बहुत कम उम्र से खेल खासतौर पर हॉकी खेलते बड़ा हुआ और इसने मुझे कई अहम जीवन मूल्यों की अहमियत बताई।

मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। आपके लिए अहम पूरी तरह एकाग्र रहना और अपना सर्वश्रेष्ठ देना। मेरा यह भी मानना है कि ये मूल्य इंसान को आगे बढ़ने और बराबर अच्छी स्थिति में बनाए रखने में मदद करते हैं। मैं अपने भारतवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की दिल से बधाई देता हूं। मैं चाहूंगा कि आप खेलों को जिंदगी जीने के तरीके के रूप में चुनें।

### युवा ऐसा खेल चुने जो उन्हें पसंद हो, वे उसमें करियर बनाएं : सविता

भारत की महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, खेल खिलाड़ी को जेहनी तौर पर स्वस्थ रखते ही हैं और शारीरिक रूप से फिट बनाते हैं। हॉकी खेलने से ही मैं खुद को सभी स्वस्थ रखने और जिंदगी की सभी चुनौतियों के लिए तैयार रख पा रही है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं देश के युवाओं से यह आग्रह करती हूं कि वे ऐसा खेल चुने जो उन्हें पसंद और वे उसमें करियर बनाएं।

## सार संक्षेप

### अमेरिका फीबा विश्व कप में अंतिम-16 में पहुंचा, चीन को झटका लगा

**मनीला।** अमेरिका ने ग्रुप सी मुकाबले में ग्रीस पर 109-81 की शानदार जीत के साथ फीबा विश्व कप के राउंड 16 में जगह पक्की कर ली, जबकि चीन को एक और झटका लगा, उसे दक्षिणी सूडान से 89-69 से हार का सामना करना पड़ा। । पिछले शनिवार को अपने पहले गेम में, अमेरिका ने 10 अंकों की कमी को पार करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ 99-72 की आसान जीत हासिल की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीस ने भी जॉर्डन को 92-71 से हराकर आसान जीत हासिल की। अमेरिका ने विश्व कप में ग्रीस के साथ अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की है, ग्रीस की एकमात्र जीत 2006 के सेमीफाइनल में हुई थी। ये टीमें सबसे हालिया टूर्नामेंट में भी मिलीं, जहां अमेरिका ने 16 अंकों के अंतर से जीत हासिल की। प्रमुख खिलाड़ी जियानिस एंटेटोकोनम्पो के बिना, यूरोपीय पक्ष स्पष्ट रूप से बेजोड़ था। अमेरिका ने पहले हाफ में ग्रीस को 50-37 से हरा दिया और बाद में अपना दबदबा जारी रखा। लॉस एंजेलिस लेकर्स के शूटिंग गार्ड ऑस्टिन रीव्स ने 15 अंक, पांच रिबाउंड और छह सहायता के साथ अपना लगातार दूसरा एमवीपी पुरस्कार अर्जित किया। ग्रुप सी में न्यूजीलैंड को जॉर्डन को 95-87 से मात देने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत थी।

### डोमिनिक ने बुलबिक की टिप्पणी पर दिया जवाब

**न्यूयॉर्क।** ऑस्ट्रिया के टेनिस स्टार डोमिनिक थिएम ने कोर्ट पर विकलांगता संबंधी कमेंट के लिए अलेक्जेंडर बुलबिक को फटकार लगाई। बुलबिक को सोमवार को यूएस ओपन के पहले दौर के मैच के दौरान थिएम का मजाक उड़ाते सुना गया। थिएम से सीधे सेटों में हारने वाले बुलबिक को यह कहते हुए सुने गए कि वह विकलांग लोगों को करियर वापस देने से थक गए हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रिपोर्ट्स में उन्हें इस घटना के बारे में बताया गया जिस पर उन्होंने गहरा अफसोस जताया। रिपोर्टर ने थिएम से पूछा, मुझे नहीं पता कि क्या आपने ट्विटर पर देखा है कि बुलबिक ने दूसरे सेट के बीच में क्या कहा था।

# जोकोविच ने जीत के साथ की अमेरिकी ओपन में वापसी

**न्यूयॉर्क।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन 2023 के शुरुआती दौर में फ्रांस के एलेक्जेंडर मूलर को हराकर अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर पहला क़दम बढ़ा लिया है। विश्व नंबर एक जोकोविच ने सोमवार को खेले गये मुकाबले के शुरुआती छह गेम जीतकर ज़ोरदार शुरुआत की और अंतत: विश्व नंबर 84 पर 6-0, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, पहले सेट में मैंने बॉक्स के बाहर काफी अच्छी शुरुआत की। मैं कोर्ट पर आने के लिये उत्साहित था। (अमेरिकी ओपन में खेले हुए) दो साल हो गये हैं और यहां आर्थर ऐश कोर्ट पर आप लोगों के सामने आना हमेशा एक सम्मान और खुशी की बात है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि



मैं दूसरे और तीसरे सेट में बेहतर सर्विस कर सकता था। मैंने अपनी सर्विस का स्तर कम होने दिया और मुझे अंक अर्जित करने के लिये अधिक मेहनत करनी पड़ी। फिर भी मुझे लगता है कि मैं शुरू से अंत तक अच्छा खेला। उम्मीद है कि मैं इसे अगले दौर में भी बनाए रखूंगा। उल्लेखनीय है कि जोकोविच पिछली बार 2021 में अमेरिकी ओपन में उतरे थे, जब दानिल मेदवेदेव ने उन्हें फाइनल में हराकर साल के चौथे ग्रैंड स्लैम से वंचित कर दिया था। अमेरिका की कोविड वैक्सीन नीति के कारण जोकोविच 2022 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के बर्नाबे ज़पाटा मिरालेस से होगा, जो पहले चरण में एथन क्विन को 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर आ रहे हैं। दिन के अन्य मुकाबलों में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने कनाडा के मिलोस राओनिक को 6-2, 6-3, 6-4 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने स्टेफानो त्रावाग्लिया को 6-2, 6-3, 4-6, 6-1 से मात दी।

# एशेज से भी बड़ा है भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला : टॉम मूडी

**नई दिल्ली।** जैसे ही एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित क्रिकेट मुकाबले को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने दोनों टीमों की तैयारी और उनके सामने आने वाली संभावित चुनौतियों पर अपनी अंतर्दृष्टि पेश की। टॉम मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, भारत-पाकिस्तान मुकाबले के महत्व पर भी विचार किया, इसकी तुलना प्रतिष्ठित एशेज श्रृंखला से की, और दोनों टीमों की ताकत और विचारों पर चर्चा की, क्योंकि वे इस विशाल मुकाबले के लिए तैयार हैं।



उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह मैच एशेज से आगे निकल जाएगा। इसकी हमेशा एक प्यारी कहानी होती है और दोनों उत्कृष्ट क्रिकेट खेलने वाले देश हैं। और जब आप पाकिस्तान टीम को देखते हैं, तो इसमें बहुत सारी प्रतिभाएं हैं। लेकिन एक बात जो मायने रखती है मेरे लिए बड़ी बात यह है कि इसमें अनुभव भी है। इसलिए अब उनके पास अनुभव और प्रतिभा का संयोजन है, वे एक वास्तविक खतरा हैं। वे अपनी तेज गेंदबाजी से भारत की बराबरी कर सकते हैं; उनके पास वास्तविक गति है, और एकमात्र मुद्दा मैं देखता हूं कि उनकी बल्लेबाजी की गुणवत्ता में वह गहराई है जो भारत के पास है। इसलिए यह दिलचस्प मुकाबला होगा कि वे शीर्ष क्रम में बाबर आजम जैसे खिलाड़ियों पर दबाव डालेंगे। टॉम मूडी भारत की बल्लेबाजी लाइनअप को संभावित रूप से अस्थिर करने में, विशेष रूप से नई गेंद से, पाकिस्तान के शाहीन आफरीदी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं।

उन्होंने कहा, मुझे बस यही लगता है कि नई गेंद से शाहीन आफरीदी एक बड़ा खतरा है, जो उन्होंने ऐतिहासिक रूप से किया है। उस नई गेंद से कुछ शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहे, जो तब भारत के लिए चीजों को पुनर्जीवित करने के लिए मध्य क्रम को खोलता है।

## ऋषभ पंत एशिया कप से पहले अलूर में भारतीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए

**कर्नाटक।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एशिया कप 2023 से पहले कर्नाटक के अलूर में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर में अचानक पहुंच गए। पिछले साल दिसंबर में हुई घातक कार दुर्घटना के बाद पंत रिकवरी की राह पर हैं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी एशिया कप की तैयारी में अपने साथियों के साथ शामिल होने के लिए बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपनी रिकवरी से ब्रेक लिया। भारतीय क्रिकेट टीम के इंस्टाग्राम हैंडल द्वारा साझा किया गया वीडियो जिसमें पंत को अपने साथियों के साथ बातचीत करते और प्रदर्शन के लिए उत्साह बढ़ाते देखा जा सकता है। वह अपने प्रशंसकों और साथियों के साथ जो प्रेरणा साझा करते हैं वह निस्संदेह उनके स्वभाव के अनुरूप है। कुछ दिन पहले उन्हें बेंगलुरु के जेएसडब्ल्यू क्रिकेट क्लब में छोटे बच्चों के साथ बातचीत करते देखा गया था, जहां उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

चोट से उनका तेजी से उबरना और उनका जज्बा एक चैंपियन के असली व्यक्तित्व को दर्शाता है। पिछले साल 30 दिसंबर को हुए इस हादसे ने उनकी सलामती की दुआ कर रहे हर किसी को सदमे में डाल दिया था. भारतीय टीम अपने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज की सर्विस से चूक गई और उसे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा। दुर्घटना के बावजूद, पंत ने अपने ठीक होने पर ध्यान केंद्रित किया और हर शुभचिंतक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नेट पर अपनी बल्लेबाजी का अभ्यास फिर से शुरू किया और कुछ विकेटकीपिंग भी की।

# 50 ओवर क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हैं सूर्यकुमार

**बेंगलुरु।** भारत की एकदिवसीय एशिया कप टीम में चुने गये दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वह 50 ओवर प्रारूप को समझने की कोशिश कर रहे हैं और इसमें बेहतर प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हैं। टी20 क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके सूर्यकुमार ने 26 वनडे मैचों में 24.3 की औसत से सिर्फ 511 रन बनाये हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने हालांकि सूर्यकुमार के प्रभावशाली क्रिकेट को देखते हुए उन्हें एशिया कप के लिये चुना है। उन्होंने कहा कि शीर्ष एशियाई टूर्नामेंट में टीम प्रबंधन उन्हें जिस किरदार में देखना चाहेगा, वह उसे निभाने की कोशिश करेंगे।

सूर्यकुमार ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, मुझे लगता है कि जो भूमिका मुझे दी जाएगी, मैं उस भूमिका को निभाने की कोशिश करूंगा। अगर भूमिका बदलती है तो मैं वह भी करने की कोशिश करूंगा। यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, मेरे हिसाब से यह प्रारूप सबसे चुनौतीपूर्ण है। इसके पीछे वजह ये है कि यहां आपको तीनों प्रारूपों की तरह खेलना होता है। सबसे पहले शांति और धैर्य के साथ क्रीज पर पांव जमाना, फिर अच्छी तरह एक-दो रन लेकर पारी को




आगे बढ़ाना और इसके बाद अंत में टी20 की तरह खेलना। इसलिए इस प्रारूप में संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है और इसी कारण से मैं बहुत अभ्यास कर रहा हूं। राहुल सर, रोहित भाई और विराट भाई के साथ इस संबंध में बातचीत भी कर रहा हूं। उम्मीद है इस टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ मैं प्रारूप को समझ लूंगा। भारत अपने एशिया कप की शुरुआत दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। एशिया कप के बाद भारत तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जबकि आठ अक्टूबर से रोहित शर्मा की टीम को अपना विश्व कप अभियान शुरू करना है। सूर्यकुमार अगर एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें भारतीय सरज़मीन पर होने वाले विश्व कप का टिकट मिलना लगभग तय है।

सूर्यकुमार ने कहा, मैं बस अपना इरादा बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं। कम से कम उसी दृष्टिकोण को अपनाने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि जब आप यह खेल खेल रहे हों तो अपने दृष्टिकोण पर कायम रहना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन मैं साथ ही स्थिति के अनुसार खेलने की कोशिश कर रहा हूं। उदाहरण के लिये अगर मैं 30वें ओवर में बल्लेबाजी करने जा रहा हूं और 20 ओवर बचे हैं तो शुरू से ही मैं अपना खेल उस तरह नहीं खेल सकता जैसे मैं टी20 में खेलता हूं क्योंकि वहां हमारा सिर्फ एक विकेट गिरा होगा और यहां चार विकेट, इसलिए मुझे उस स्थिति के हिसाब से खेलना होगा। मैं प्रारूप को समझने के लिये अभ्यास कर रहा हूं और उम्मीद है कि मैं जिस तरह की तैयारी कर रहा हूं, उससे मैं इसमें ढल पाऊंगा।

## सुडोकू 6301 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 |

| SENSEX | BSE | 65075.82 ▲ 79.22 | NSE | 19342.65 ▲ 36.60 | MCX | Gold | 58931 ▲ 44 | silver | 73656 ▲ 44 |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया दो पैसे बढ़कर 82.61 पर बंद

**मुंबई।** विदेश में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने और घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे बढ़कर 82.61 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। दूसरी ओर विदेशी कोषों की निकासी ने रुपये की बढ़त सीमित की। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.58 पर खुला, और फिर 82.62 के निचले स्तर पर आ गया। खबर लिखे जाने तक यह डॉलर के मुकाबले 82.61 पर था, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की बढ़त दर्शाता है।



## इस्मा की ईवी की तर्ज पर फ्लेक्स ईंधन वाहनों पर पांच प्रतिशत जीएसटी की मांग

**नयी दिल्ली।** भारतीय चीनी मिल संघ ने फ्लेक्स ईंधन का उपयोग करने वाले वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के अनुरूप ही पांच प्रतिशत का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने की मांग की। इससे वाहनों के लिए ईंधन के रूप में पेट्रोल के साथ एथनॉल के मिश्रण को अपनाने में तेजी आएगी। फ्लेक्स ईंधन वाहन (एफएफवी) विभिन्न स्तरों पर पेट्रोल और एथनॉल के मिश्रण का उपयोग करते हैं। भारत ने ई-10 (पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण) को हासिल कर लिया है और 2025 तक ई-20 का लक्ष्य रखा है। ईस्मा ने बयान में कहा कि मौजूदा समय में एफएफवी पर 28 प्रतिशत का जीएसटी लगता है, जबकि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर जीएसटी की दर पांच प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि यह कदम सीधे तौर पर भारत के ईंधन बिल को कम करने में योगदान देगा और साथ ही परिवहन क्षेत्र से कार्बन उत्सर्जन पर भी अंकुश लगाएगा। इस्मा ने एफएफवी जीएसटी में छूट के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को एक ज्ञापन दिया है। इस्मा के अध्यक्ष आदित्य झुनझुनवाला ने कहा, मौजूदा समय में एफएफवी पर 28 प्रतिशत की जीएसटी दर लगाई जाती है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों पर लागू पांच प्रतिशत जीएसटी दर के उलट है। हम एफएफवी के लिए जीएसटी छूट में समानता लाने का अनुरोध करते हैं।

## मानसून में कम बारिश से बढ़ सकते हैं दलहन और तिलहन के दाम

*नई दिल्ली। अगस्त में कमजोर मानसून आने वाले वक्त में मुश्किल का कारण बन सकती है. मौसम विभाग के आकलन के अनुसार इस साल अगस्त में पिछले 8 सालों में सबसे कम बारिश दर्ज की गई है.*

ध्यान देने वाली बात ये है कि कमजोर मानसून का सिलसिला सितंबर में भी जारी रह सकता है. इसके पीछे ईआई नीनो फैक्टर को जिम्मेदार बताया जा रहा है. ऐसे में कम हुई बारिश से दलहन और तिलहन के दाम में इजाफा हो सकता है. हालांकि देश के ज्यादातर हिस्सों में खरीफ की फसल की बुआई का काम लगभग पूरा हो चुका है मगर कमजोर मानसून के कारण फसल की पैदावार पर असर पड़ने की संभावना है.

**ज्यादातर हिस्सों में कम हुई बारिश** - फाइनेंशियल टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक दलहन और तिलहन की बुआई के बाद अब यह फसल फूल आने के चरण में है. ऐसे में इन्हें ज्यादा से ज्यादा पानी की आवश्यकता है. ऐसे में कमजोर मानसून इस



फसलों की पैदावार पर बहुत बुरा असर डाल सकता है. मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार तक भारत में मानसून का लॉग पीरियड एवरेज 92 फीसदी के आसपास रहा है. केवल देश के उत्तर पश्चिम भाग में ही पिछले साल के मुकाबले 6 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है. वहीं मध्य हिस्से में तय मानक से 7 फीसदी, पूर्व उत्तर भारत में 15 फीसदी और दक्षिण भाग में 17 फीसदी कम बारिश हुई है. फाइनेंशियल टाइम्स से बात करते हुए मौसम विभाग के सीनियर अधिकारी ने कहा कि ऐसे में पूरे देश में अगस्त के महीने में पिछले सालों के मुकाबले 35 फीसदी कम बारिश हुई है. ऐसे में अगर सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश भी होती है तो भी इतनी बड़ी कमी को पूरा करना मुश्किल हो सकता है.

**कम बारिश से बढ़ सकते है दलहन और तिलहन के दाम!** - गौरतलब है कि खरीफ सीजन में अगस्त और सितंबर की बारिश से पर फसलों की पैदावार निर्भर करती है. ऐसे में इन दो महीनों में हुई कम बारिश से देश में धान, गन्ना, दलहन और तिलहन की पैदावार पर असर पड़ सकता है. ध्यान देने वाली बात ये है कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में खाद्यान्न उत्पादन में सालाना के आधार पर 5 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई थी और यह बढ़कर 330.5 मिलियन टन पर पहुंच गया था. वहीं इस साल का खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य 332 मिलियन टन तय किया गया है. ऐसे सामान्य से कम बारिश खाद्यान्न उत्पादन के लक्ष्य के लिए तगड़ा झटका हो सकता है. इसके साथ ही इसका असर दलहन और तिलहन की कीमत पर भी दिख सकता है.

## सोयाबीन उत्पादन बढ़ने की उम्मीद पर मॉनसून की बेरुखी से संकट के बादल

*नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के किसानों को इस साल सोयाबीन की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है क्योंकि अब तक मौसम इस फसल के अनुकूल रहा है। लेकिन काशिव को इस बात डर जरूर सता रहा है कि अगर अगले 5 से 7 दिन के अंदर बारिश नहीं हुई तो उनकी अच्छी फसल की उम्मीद अधूरी रह सकती है।*

**अब तक फसल अच्छी स्थिति में, उत्पादन बढ़ने की उम्मीद** - किसानों ने कहा कि इस बार भी उन्होंने करीब 40 एकड़ खेत में सोयाबीन की फसल बोई है। सोयाबीन में फलियां बन चुकी हैं और कुछ फसल में दाने भी आने लगे हैं। अब तक मौसम इस फसल के अनुकूल रहा है। मैंने फसल की इतनी अच्छी स्थिति कई सालों बाद देखी है। मौजूदा हालात के आधार पर इस साल 200 क्विंटल सोयाबीन पैदा होने की उम्मीद है, जबकि पिछले साल खड़ी फसल के समय बारिश से हुए नुकसान के कारण इस साल जितने ही रकबा में 125 क्विंटल सोयाबीन पैदा हुआ था। सोयाबीन उद्योग के प्रमुख संगठन सोपा ने 20 से 28 अगस्त के बीच प्रमुख सोयाबीन उत्पादक राज्य मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में सोयाबीन की फसल का सर्वेक्षण किया है। इस सर्वेक्षण में सोपा ने कहा कि फसल फली बनने से लेकर फली भरने की अवस्था में है। शीघ्र



पकने वाली किस्म की बोई गई फसल दाना भरने की अवस्था में है। आज तक फसल की स्थिति सामान्य है और इस पखवाड़े के दौरान हुई बारिश से फसल को मदद मिली है। साथ ही कीड़े और खरपतवार नियंत्रण में हैं। सेंट्रल ऑर्गेनाइजेशन फॉर ऑयल इंडस्ट्री एंड ट्रेड के चेयरमैन सुरेश नागपाल कहते हैं कि फिलहाल सोयाबीन के उत्पादन का अनुमान लगाना जल्दबाजी होगा। लेकिन ज्यादा बोआई और फसल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए पिछले साल की तुलना में उत्पादन कम से कम 5 फीसदी बढ़ने की उम्मीद की जा सकती है।

## सेंसेक्स फिर से हुआ 65 हजारी



**मुंबई।** ग्लोबल मार्केट से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुए। आज के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 79 अंक मजबूत हुआ। निफ्टी में भी 37 अंको की बढ़त दर्ज की। व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप में 0.45 और बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ मजबूती रही। इंट्रा डे ट्रेड में स्मॉलकैप इंडेक्स 36,563 की नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 79.22 अंक यानी 0.12 फीसदी की बढ़त के साथ 65,075.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,229.03 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 64,956.67 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 36.60 अंक यानी 0.19 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,342.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,377.90 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,309.10 तक आया।

**एजेएफएसएल बना सेंसेक्स का टॉप गेनर, 4.72 फीसदी चढ़ा** - आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 21 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। जियो फाइनैंशियल सर्विसेज, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और जेएसडब्ल्यू स्टील सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा जियो फाइनैंशियल सर्विसेज के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 4.72 फीसदी चढ़े।

**इन शेयरों में आई गिरावट** - वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 9 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, रिलायंस और इंडसइंड बैंक सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान भारती एयरटेल के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 1.75 फीसदी तक गिर गए।

## सौर केबल, कास्ट आयरन उत्पादों के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड जारी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने सौर केबल और कास्ट आयरन उत्पादों के लिये अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड जारी किये हैं। इस पहल का मकसद खराब गुणवत्ता वाले ऐसे सामान के आयात पर अंकुश लगाना और देश में इनके विनिर्माण को बढ़ावा देना है। विभाग ने इस संबंध में 25 अगस्त को एक अधिसूचना जारी की। सोलर डीसी केबल और आग से सुरक्षित केबल (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2023 के साथ कास्ट आयरन उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2023 के तहत ऐसे उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण नहीं किया जा सकता जब तक कि उन पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का निशान न हो। डीपीआईआईटी ने कहा कि ये अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह महीने के बाद प्रभावी होंगे। अभी तक इन उत्पादों पर बीआईएस प्रमाणपत्र नियम लागू नहीं होते थे। बीआईएस अधिनियम के प्रावधान का उल्लंघन पहली बार करने पर दो साल तक की कैद या कम से कम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

## टोयोटा ने 12 प्लांट्स में बंद किया काम, साइबर अटैक का अंदेशा, लेकिन कंपनी का इनकार

*नई दिल्ली। टोयोटा मोटर ने सिस्टम में चल रही गड़बड़ी के कारण जापान में 14 में से 12 प्लांट्स में दिन के समय काम बंद कर दिया है. हालांकि उसने कहा कि उसे किसी साइबर हमले का कोई संदेह नहीं है.*

**14 प्लांट आज रात से ऑफलाइन होंगे** - कंपनी के एक प्रवक्ता के अनुसार, सभी 14 प्लांट मंगलवार रात ऑफलाइन हो जाएंगे. यह अभी तक साफ नहीं हो सका है कि इनको दोबारा कब शुरू किया जाएगा. प्रवक्ता ने कहा कि दर्जन भर प्लांट्स में करीब 25 असेंबली लाइनें मंगलवार को रोक दी गईं, जबकि प्रोडक्शन कमांड सिस्टम में खराबी के कारण पार्ट्स के ऑर्डर नहीं दिए जा सके. प्रवक्ता ने कहा कि इस वक्त हम नहीं मानते कि साइबर हमला जिम्मेदार है, यह गड़बड़ी इस समय घरेलू प्लांट्स तक ही सीमित मालूम पड़ती है. फुकुओका प्रान्त में टोयोटा का मियाता प्लांट और सब्सिडियरी कंपनी दाइहात्सू मोटर कंपनी के क्योटो ऑपरेशन पर कोई असर नहीं पड़ा है.

**2022 में भी बंद करने पड़े थे प्लांट** - इसके पहले दुनिया की सबसे बड़ी कार



निर्माता कंपनी टोयोटा को फरवरी 2022 में अपने सभी 14 घरेलू प्लांट्स बंद करने पड़े थे, क्योंकि उसके एक सप्लायर पर रैंसमवेयर हमला हुआ था. ऑपरेशन को ठीक होने में कई दिन लग गए और इस घटना ने महीने भर के लिए टोयोटा के आउटपुट पर करीब 5त्न का असर डाला.जुलाई में, एक संदिग्ध रूसी रैंसमवेयर हमले ने नागोया में जापान के सबसे बड़े बंदरगाह को निष्क्रिय कर दिया. टोयोटा, जो पोर्ट पर बहुत अधिक निर्भर है, उसने बताया कि शिपमेंट अस्थायी रूप से रोक दिया गया था लेकिन उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा. टोयोटा ने जून में रिकॉर्ड संख्या में वाहनों का उत्पादन और बिक्री की, क्योंकि ऑपरेशन सेमीकंडक्टर और अन्य भागों की कमी से उबर रहा था.


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60400 चांदी टंच- 74300 चांदी रिफाइन -75500

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार- मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60400 चांदी टंच- 74300 चांदी रिफाइन -75500


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
| --- | --- |
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.70 |
| एक यूरो | 89.21 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103.93 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.97 |
| एक जापानी येन | 0.56 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-118 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 65 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070 भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## पेट्रोल का झंझट खत्म, नितिन गडकरी ने लॉन्च की देश की पहली फुल फ्लेक्स फ्यूल कार, खेत में उपजाए ईंधन से दौड़ेगी यह गाड़ी

*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पारंपरिक ईंधन पर देश की निर्भरता को कम करने के हाइड्रोजन, फ्लेक्स-ईंधन, जैव ईंधन आदि जैसे वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करने पर बल दे रहे हैं.जिसके लिए एक कदम और आगे बढ़ते आज गडकरी भारत में दुनिया की पहली बीएस-6, इलेक्ट्रिक फ्लेक्स-ईंधन कार लॉन्च कर दिया है. यह कार टोयोटा इनोवा है जो 100 प्रतिशत इथेनॉल-फ्यूल पर चलेगी. यह कार दुनिया की पहली बीएस-6 (स्टेज-2), इलेक्ट्रीफाइ फ्लेक्स-फ्यूल कार होगी. इससे 40 प्रतिशत बिजली भी पैदा की जा सकती है. जिससे इथेनॉल की प्रभावी कीमत की लागत भी काफी कम हो जाएगी.*

**पिछले साल लॉन्च हुई थी टोयोटा मिराई** - 2022 में गडकरी ने हाइड्रोजन से चलने वाली कार टोयोटा मिराई लॉन्च की थी. इस कार को एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन और फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक वाहन (एफसीईवी) तकनीक की उपयोगिता के बारे में जागरूकता करके भारत में ग्रीन




हाइड्रोजन आधारित इकोसिस्टम को स्थापित करना था. साथ ही बायो फ्यूल की ओर कदम का उद्देश्य पेट्रोलियम आयात पर खर्च की जाने वाली भारी राशि (16 लाख करोड़ रुपये) को कम करना और ऊर्जा में भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है. इस मौके पर गडकरी ने कहा, हमने बहुत सी पहल की हैं लेकिन हमें और अधिक कदम उठाने की जरूरत है क्योंकि प्रदूषण एक समस्या है. पारिस्थितिकी और पर्यावरण बहुत महत्वपूर्ण हैं. हमें वायु और जल प्रदूषण को कम करने की जरूरत है. यह एक बड़ी चुनौती है, लेकिन हमें अपनी नदियों, पारिस्थितिकी और पर्यावरण की रक्षा करने की आवश्यकता है.

**कैसे काम करती हैं एथेनॉल फ्यूल कार?** - फ्लेक्स फ्यूल वाहनों (एफएफवी) में भी एक आईसीई होता है और ये 83 प्रतिशत तक गैसोलीन या गैसोलीन और इथेनॉल के मिश्रण पर चलने में सक्षम होते हैं. इस ईंधन को ई85 के नाम से जाना जाता है. इसमें 85 प्रतिशत इथेनॉल ईंधन और 15 प्रतिशत गैसोलीन या अन्य हाइड्रोकार्बन शामिल होता है. बायो-एथेनॉल में पेट्रोल की तुलना में प्रति लीटर कम ऊर्जा होती है लेकिन एडवांस टेक्नोलॉजी के उपयोग से बायो-एथेनॉल का कैलोरी मान पेट्रोल के बराबर हो जाएगा. चूंकि एफएफवी पेट्रोल या इथेनॉल पर चलने में सक्षम है, इसलिए यह भारतीय सड़कों पर चलने वाला अपनी तरह का पहला 100 प्रतिशत ड्यूल फ्यूल वाहन होगा.

**कैसे मिलता है इथेनॉल** - इथेनॉल, गन्ने से चीनी उत्पादन की प्रक्रिया के दौरान निकलने वाला एक बाई प्रोडक्ट है. यह पेट्रोल की तुलना में अधिक किफायती है और पेट्रोल का एक बेहतर विकल्प है, और इसे कच्चे तेल के विपरीत घरेलू स्तर पर फसलों से उत्पादित किया जा सकता है. टोयोटा के अलावा भारत में कुछ अन्य कार निर्माता कंपनियां पहले ही इथेनॉल-मिक्स फ्यूल में बदलाव की अपनी योजना की घोषणा की है, जिसमें मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, टोयोटा, होंडा और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं. इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल से कार्बन मोनोऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे हानिकारक प्रदूषकों की उत्सर्जन की मात्रा काफी कम हो जाती है. फ्लेक्स ईंधन इंजन ब्राजील, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और चीन सहित कई अन्य देशों में पहले से ही लोकप्रिय हैं. अमेरिका, ब्राजील, यूरोपीय यूनियन और चीन के बाद भारत इथेनॉल का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक है.

## टोयोटा किर्लोस्कर ने पूरी तरह नई टोयोटा रुमियन की बुकिंग शुरू की

**नई दिल्ली।** बैंगलोर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी नवीनतम पेशकश - द ऑल न्यू (पूरी तरह नई) टोयोटा रुमियन की कीमत और आधिकारिक तौर पर बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। इसे इसी महीने (अगस्त 23) के शुरू में लॉन्च किया गया था। इससे लोगों में काफी उत्साह पैदा हुआ। उम्मीद की जाती है कि यह असाधारण, नई कॉम्पैक्ट बी-एमपीवी अपने बेजोड़ स्थान और आराम, उत्कृष्ट ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिजाइन के साथ नए मानक स्थापित



करेगी। टीकेएम की नवीनतम पेशकश 10,29,000 रुपये से 13,68,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी और डिलीवरी 8 सितंबर से शुरू होने की उम्मीद है। सात सीट वाली यह एमपीवी 1.5-लीटर के पेट्रोल इंजन से संचालित है जो के-सीरिज का है और इसमें नियो ड्राइव (आईएसजी) तथा और ई-सीएनजी तकनीक का उपयोग किया गया है, जो पेट्रोल वेरिएंट के लिए 20.51 किमी/लीटर और सीएनजी के लिए 26.11 किमी किग्रा की उल्लेखनीय ईंधन दक्षता सुनिश्चित करती है। 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और एक सहज 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध, नई पेशकश वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले के साथ 17.78 सेमी स्मार्टप्ले कास्ट टचस्क्रीन ऑडियो सिस्टम सहित उन्नत तकनीक का दावा करती है।

## आईटी क्षेत्र के लिए बड़ी चिंता, रेवेन्यू में आएगी बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र की आय वृद्धि चालू वित्त वर्ष में घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगी, जो पिछले वित्त वर्ष में 9.2 प्रतिशत थी. घरेलू रेटिंग कंपनी इक्रा रेटिंग्स ने मंगलवार को यह अनुमान जताया. रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में क्षेत्र के मुनाफे में भी गिरावट होगी और परिचालन लाभ मार्जिन एक प्रतिशत तक कम होकर 20-21 प्रतिशत रह जाएगा. इक्रा ने मांग में नरमी को मंदी का कारण बताते हुए कहा कि आय वृद्धि वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज 9.2 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3-5 प्रतिशत रह जाएगी. एजेंसी के आईटी सेवा क्षेत्र के प्रमुख दीपक जोतवानी ने कहा कि आईटी कंपनियों के लिए प्रमुख बाजारों में लगातार अनिश्चितता बनी हुई है, जिसके चलते गैर-महत्वपूर्ण परियोजनाओं में रुकावट जारी है. उन्होंने बताया कि बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा, खुदरा, प्रौद्योगिकी तथा संचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों द्वारा विवेकाधीन आईटी खर्च में कमी की गई है.

## खराब उत्पाद है? वीडियो कॉल के जरिए कर सकेंगे शिकायत

**नई दिल्ली।** खराब उत्पाद और सेवाओं की शिकायत करना और आसान होने जा रहा है। खाद्य पदार्थ पर लगने वाले लेबल या क्यूआर कोड के माध्यम से उपभोक्ता सीधे कंपनी के प्रतिनिधि से वीडियो कॉल के जरिए संपर्क साधकर कोई भी जानकारी या सवाल पूछ सकेंगे। कई कंपनियों ने इस सुविधा पर काम करना शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों



में यह उपलब्ध हो जाएगी। कई देशों में शुरुआत- विशेषज्ञों का कहना है कि पैकेटबंद खाद्य पदार्थों को लेकर उपभोक्ता जागरूक हो रहे हैं और उन्हें पूरी जानकारी चाहिए। यह बात कंपनियां भी समझ रही हैं, इसीलिए नई तकनीक वाले क्यूआर कोड पर काम किया जा रहा है। इस तकनीक का इस्तेमाल जर्मनी की कुछ कंपनियों ने शुरू किया है। भारत में कई कंपनियां इसकी तैयारी में लगी हुई हैं। जल्द ही यह तकनीक भारत में भी होगी।

**सरकार के सख्त दिशा-निर्देश** - गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने कंपनियों को दिशा-निर्देश जारी कर कहा है कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर ऐसे लेबल लगाए जाएं जो सरल और पढ़ने लायक हों। इसके बाद से उत्पादों की लेबलिंग में तेजी से सुधार हुआ है। बड़े ब्रांड अपने पैकेट में क्यूआर कोड छाप रहे हैं, जिसको स्कैन करने से खाद्य पदार्थ के उत्पादन और उपयोग की गई सामग्री की मात्रा की जानकारी मिल जाती है। हालांकि, अब भी कई उत्पादों में स्पष्ट जानकारी नहीं लिखी रहती है।


**देशबन्धु**

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# मंडला जाते समय एक और नक्सली को एटीएस ने पकड़ा

## नक्सलियों के खाद्य सामग्री व संदेश देने का करता था काम

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर-मंडला के बीच एक और नक्सली धनसिंह पुंगाती को एटीएस की टीम ने पकड़ा है। नक्सली धनसिंह पुंगाती नक्सलियों के लिए खाद्य सामग्री व रुपयों की व्यवस्था व उनके मैसेज एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने का काम करता रहा. धनसिंह को एटीएस ने नक्सली अशोक रेड्डी व उसकी पत्नी से पूछताछ में हुए खुलासे के बाद पकड़ा है।

एटीएस सूत्रों के अनुसार 82 लाख रुपए के इनामी नक्सली अशोक रेड्डी व अपनी पत्नी के साथ इलाज कराने के लिए जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भरती हुआ था। अशोक रेड्डी व उसकी पत्नी को जबलपुर में कार, रुपए सहित अन्य व्यवस्था करने के लिए नक्सली धनसिंह पुंगाती को निर्देश मिले। इसके बाद धनसिंह भी जबलपुर आ गया और उसने ये सभी चीजें नक्सली साथी अशोक रेड्डी को उपलब्ध करा दी। इसके बाद धनसिंह पुंगाती जबलपुर में ही घूमता रहा। 21 अगस्त को एटीएस की टीम खबर मिलते ही




जबलपुर पहुंच गई और निजी अस्पताल से अशोक रेड्डी व उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। अशोक रेड्डी व उनकी पत्नी की गिरफ्तार के बाद धनसिंह पुंगाती जबलपुर में ही छिपा रहा। वहीं दूसरी ओर एटीएस की टीम को अशोक रेड्डी व उसकी पत्नी ने पूछताछ में नक्सली साथी धनसिंह के बारे में जानकारी दी। इसके बाद से ही एटीएस की टीम धनसिंह की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी।

पिछले दिन खबर मिली कि नक्सली धनसिंह पुंगाती जबलपुर से मंडला के लिए रवाना हुआ है। जिसपर एटीएस की टीम ने दोनों स्थानों पर अपना जाल बिछा दिया। नक्सली धनसिंह जैसे ही कालपी पहुंचा है, एटीएस की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। नक्सली धनसिंह के पकडऩे जाने की खबर से हड़कम्प मच गया। एटीएस की टीम को पूछताछ में नक्सली धनसिंह पुंगाती ने बताया कि उसे नक्सली विजय ने अशोक रेड्डी व उनकी पत्नी की मदद करने के लिए जबलपुर भेजा था। धनसिंह छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले का रहने वाला है। जो अपने नक्सली साथियों के लिए रुपए, खाने-पीने की सामग्री सहित अन्य व्यवस्थाएं मुहैया कराता है। यहां तक कि उनके मैसेज भी एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का काम भी धनसिंह द्वारा किया जाता है। धनसिंह से एटीएस की टीम द्वारा लगातार पूछताछ की जा रही है. जिससे और भी कई चौकाने वाले खुलासे हो सकते है।

# जबलपुर स्टेशन के पास रेल इंजिन पटरी से उतरा

## 3 घंटे बाद पटरी पर चढ़ाया, जांच शुरू

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर के स्टेशन के समीप मंगलवार की सुबह 7.30 बजे के लगभग अचानक शंटिंग के दौरान एक इंजिन पुल नंबर दो पर उतर गया। इस घटना से हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी लगते ही पमरे मुख्यालय व रेल मंडल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। बताया जाता है कि सुबह एक इंजिन शंटिंग के लिए रेलवे स्टेशन से पुल नंबर दो की ओर साइडिंग लाइन पर जा रहा था, इसी दौरान अचानक इंजिन के दो चके पटरी से उतर गये।



जिसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। जहां से दुर्घटना राहत गाड़ी को मौके पर पहुंचाया गया और लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद इंजिन के पहिये को पटरी पर चढ़ाया जा सका।

बताया जाता है कि घटना की जानकारी लगते ही पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय से प्रमुख मुख्य इंजीनियर, जबलपुर मंडल के सीनियर डीईई टीआरओ, डीईएन, सेफ्टी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

# वाराणसी में एनआई कार्य के चलते जबलपुर मंडल से गुजरने वाली आधा दर्जन ट्रेन डायवर्ट रूट से चलेंगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के लिये उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के वाराणसी यार्ड के रिमॉडलिंग कार्य के तहत नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किये जाने के चलते इस मार्ग से गुजरने वाली कुछ यात्री गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली रेलगाडियाँ परिवर्तित मार्ग से होते हुए गंतव्य को जाएंगी।

**मार्ग परिवर्तित रेलगाडियां**

1- गाड़ी संख्या 15017 एलएलटी -गोरखपुर काशी एक्सप्रेस 31 अगस्त को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए प्रयागराज जंक्शन-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-वाराणसी सिटी रूट से गंतव्य को जाएगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर-एलटीटी काशी एक्सप्रेस 1 सितंबर को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए वाराणसी सिटी- वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जंक्शन रूट से गंतव्य को जाएगी।

2- गाड़ी संख्या 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस 1 सितंबर को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए वाराणसी सिटी- वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जंक्शन रूट से गंतव्य को जाएगी।




3- गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस क 01, 06, 08, 13, 15 , 20, 22, 27 एवं 29 सितम्बर और 04, 06, 11 एवं 13 अक्टूबर 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए प्रयागराज जंक्शन-सुल्तानपुर - अयोध्या कैंट- अयोध्या रूट से गंतव्य को जाएगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18202 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस 01, 03, 08, 10, 15, 17, 22, 24 एवं 29 सितम्बर और 01, 06, 08 एवं 13 अक्टूबर 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए अयोध्या-अयोध्या कैंट-सुल्तानपुर - प्रयागराज जंक्शन रूट से गंतव्य को जाएगी।

4- गाड़ी संख्या 19091 बांद्रा टर्मिनस- गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस 04,11 एवं 18 सितम्बर 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए वाराणसी - जौनपुर जंक्शन- औंड़िहार जंक्शन रूट से गंतव्य को जाएगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19092 गोरखपुर - बांद्रा टर्मिनस हमसफर एक्सप्रेस दिनांक 05,12 एवं 19 सितम्बर 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए औंड़िहार जंक्शन-जौनपुर जंक्शन- वाराणसी रूट से गंतव्य को जाएगी।

5- गाड़ी संख्या 19489 अहमदाबाद -गोरखपुर एक्सप्रेस 31 अगस्त से 17 सितंबर तक प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए वाराणसी - जौनपुर जंक्शन - औंड़िहार जंक्शन रूट से गंतव्य को जाएगी. इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19490 गोरखपुर - अहमदाबाद एक्सप्रेस 31 अगस्त से 18 सितंबर तक प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए औंड़िहार जंक्शन - जौनपुर जंक्शन - वाराणसी रूट से गंतव्य को जाएगी।

## आरडी मीणा प्रमुख परिचालन प्रबंधक बने

**जबलपुर,देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली ने इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस आईआरटीएस अधिकारियों की प्रमोशन सूची जारी की है। इसी के



अंतर्गत पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के आरडी मीणा को प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के पद पर ईस्टर्न रेलवे कोलकाता में पदस्थ किया है। श्री मीणा के पदोन्नत होने पर प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक सी वेणु गोयल, पीसीसीएम ओ प्रकाश सीसीएम रवीन्द्र श्रीवास्तव, बृजेन्द्र कुमार आनंद कुमार राजेश शर्मा, एसके श्रीवास्तव मनोज गुप्ता अरूण कुमार शर्मा, देवेश सोनी संजय शर्मा, विश्वरंजन पंकज दुबे, अखिलेश नायक व अन्य अधिकारियों ने खुशी व्यक्त की है।

# जबलपुर में वीना गारमेन्ट्स में जीएसटी का छापा




**जबलपुर, देशबन्धु।** स्टेट जीएसटी की टीम ने जीएसटी में गड़बड़ी की आशंका को लेकर एक गारमेन्ट्स प्रतिष्ठान में छापामार कार्यवाही की और जांच के लिए दस्तावेजों को जप्त किया है। स्टेट जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर प्रकाश सिंह बघेल ने बताया कि जीएसटी गड़बड़ी को आधार मानकर मंगलवार को विनीत टाकीज के पास स्थित वीना गारमेन्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में जांच की कार्यवाही शुरू की गई है जो अभी जारी रहेगी।

शुरूआती दौर में स्टॉक एवं खरीद व बिक्री सम्बंधी दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है, जांच के लिए दस्तावेजों को जप्त भी किया गया है।

फिलहाल जांच की कार्यवाही जारी है और परीक्षण के बाद ही कर सम्बंधी सही खुलासा हो पायेगा। सूत्रों के मुताबिक में जांच टीम को जप्त दस्तावेजों में जीएसटी की गड़बड़ी मिलने की आशंका है। इसके लिए दस्तावेजों को बारीकी से खंगाला जा रहा है। वहीं स्टॉक से लेकर खरीद व बिक्री के आंकड़ों को भी मिलाया जा रहा है।

# सुअर के पीछे कुएं में कूदा तेंदुआ, दोनों का रेस्क्यू

**खरगोन, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के खरगोन में एक तेंदुआ शिकार करने की जल्दबाजी में अपनी जान पर खेल गया और शिकार के पीछे कुएं में कूद गया। भूखा क्या न करता वाली कहावत तेंदुए ने शिकार के पीछे कुएं में छलांग लगा कर सही साबित कर दी है। पानी में गिरने के बाद भी तेंदुआ सुअर पर हमला करता रहा।

घटना खरगोन जिले के कसरावद क्षेत्र की है जहां एक तेंदुआ सोमवार रात को सुअर का शिकार करने के लिए उसके पीछे भाग रहा था। अंधेरा होने के कारण सुअर कुएं में जा गिरा। तेंदुआ भी उसके पीछे कुएं में कूद गया। सुबह जब खेत मालिक ने कुएं से तेंदुए की गुर्राने की आवाज सुनी तो घबरा कर आसपास के लोगों को बुलाया। देखते ही देखते कुएं के पास तेंदुए



को देखने आए लोगों की भीड़ जमा हो गई।

इसके बाद लोगों ने वन विभाग को फोन किया। वन विभाग मौके पर पहुंचे लेकिन उनके पास पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं थे जिस कारण तेंदुए के रेस्क्यू करने में समय लग गया। इसके बाद वन विभाग ने मंडलेश्वर की थैंक यू नेचर वेलफेयर सोसाइटी की टीम की मदद से तेंदुए को बाहर निकाला। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें तेंदुआ बार-बार सुअर को पकड़ने का प्रयास कर रहा है। हालांकि तेंदुए बहुत अच्छे तैराक माने जाते हैं लेकिन यहां तेंदुआ पानी में डूबने के डर से कुएं में मोटर रखने वाली लकड़ी के सहारे बैठा है। सुअर भी अपनी जान बचाने के लिए कुएं के कौने में जाकर बैठा है। वन विभाग ने काफी मशक्कत के बाद दोनों जानवरों को बहार निकाल लिया। सुअर को जंगल में छोड़ने के बाद वन विभाग तेंदुए को अपने साथ रेस्क्यू सेंटर ले गए।

# नागपुर-शहडोल ट्रेन के परिचालन पर लगी रोक, अब स्टॉपेज बढ़ने के बाद होगी शुरू

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** मंगलवार से शुरू होने वाली नागपुर शहडोल ट्रेन पर रोक लगा दी गई है। ये ट्रेन अब स्टॉपेज बढ़ने के बाद शुरू होगी। लोग 29 अगस्त को चलने वाली शहडोल-नागपुर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। लेकिन ट्रेन परिचालन के एक दिन पहले ही रेलवे ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए ट्रेन परिचालन पर रोक लगा दी है। अब यह ट्रेन 29 अगस्त से शुरू नहीं होगी। जबकि रेलवे बोर्ड द्वारा जारी की गई समय सारणी अनुसार इस ट्रेन की शुरूआत 29 अगस्त से की जानी थी। लेकिन सोमवार को जारी किए गए। नए आदेशानुसार शहडोल-छिंदवाड़ा- नागपुर ट्रेन का परिचालन मंगलवार को नहीं किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस ट्रेन के फेरे एवं स्टॉपेज बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर अभी फिलहाल में ट्रेन के परिचालन पर रोक लगा दी गई है।

## दौड़ने लगी पेंचवैली एक्सप्रेस

चार दिनों से आराम कर रहे पेंचवैली एक्सप्रेस के पहिए मंगलवार से एक बार फिर पटरी पर दौड़ने लगी। यह ट्रेन सोमवार को इंदौर से रवाना हो गई एवं छिंदवाड़ा मंगलवार सुबह पहुंची। वहीं शाम को छिंदवाड़ा से इंदौर के लिए रवाना हुई। पेंचवैली एक्सप्रेस के रैक के आ जाने से मंगलवार से प्रतिदिन सिवनी- बैतूल पैसेंजर ट्रेन की भी सुविधा लोगों को मिलेगी।

## शुरू हुई रीवा-नागपुर इतवारी ट्रेन

सोमवार से इतवारी-रीवा एक्सप्रेस(11755) का भी परिचालन शुरु हो गया। वहीं रीवा-इतवारी एक्सप्रेस(11756) सोमवार सुबह निर्धारित समय पर छिंदवाड़ा पहुंची और फिर इतवारी के लिए रवाना हुई।

# रेलवे में सीटीआई के नजदीकी नियमों को तोड़ने में अव्वल

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों की उदासीनता और भर्राशाही का ग्राफ दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। सबसे ज्यादा भर्राशाही वाणिज्य विभाग में देखी जा रही है।

पमरे के मुख्य रेलवे स्टेशन परिसर में यह चर्चा जोरों से है कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वाणिज्य शाखा में सीटीआई के पद पर पदस्थ के नजदीकी रिस्तेदार और परिचित व्यक्ति आए दिन मुख्य मुख्य ट्रेनों में वगैर टिकट के ही यात्रा करते हैं और यदि कोई टीटीई इनसे जुर्माना राशि वसूलने की बात करता है तो उसको सीटीआई की धौंस दी जाती है। इसके अलावा बहुत सा लगेज भी वगैर बुक किये नरसिंहपुर से लाया ले जाया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यदि यह सीटीआई स्टेशन परिसर में जाते हैं तो इनको सीनियर डीसीएम जैसा प्रोटोकाल के लिए भी दवाब बनाया जाना एक आचश्य जनक विषय माना जा रहा है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि भारत शासन के नियमानुसार किसी भी अधिकारी को यह अधिकार प्रदत्त नहीं किये गये हैं कि वह अपने अधिकार किसी भी अराजपत्रिता कर्मी को स्थानांतरित कर सके। फिर सह अजूबा वाणिज्य विभाग में किसकी शह पर निरंतर चल रहा है।

पमरे के महाप्रबंधक मंडल रेल प्रबंधक और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक जैसे शीर्ष अधिकारियों की पदस्थापना के बाजजूद जबलपुर मंडल की कार्य प्रणाली ऐसी चल रही है तो कोटा एवं भोपाल मंडल की कार्यप्रणाली का सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है।

# चौरई के कमलनाथ स्टेडियम का नाम बदला, अब रानी दुर्गावती के नाम से पहचाना जाएगा

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** चुनावी साल में कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में भाजपा एक खास रणनीति के तहत कार्य कर रही है ताकि आने वाले चुनाव में यहां भाजपा का परचम लहरा सके, ऐसे में एक बड़ी खबर छिंदवाड़ा के चौरई विधानसभा क्षेत्र से सामने आ रही है। यहां पर भाजपा समर्थित जपं ने आज एक प्रस्ताव पारित करते हुए नगर के कमलनाथ स्टेडियम का नाम बदलकर रानी दुर्गावती स्टेडियम कर दिया है। जिसको लेकर विधिवत जपं की बैठक में




प्रस्ताव भी लिया गया है। जानकारी देते हुए जपं अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी ने बताया कि पिछले दिनों नगर के कमलनाथ स्टेडियम का नाम बदलने की मांग भाजपा अजजा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वीरपाल इनवाती के द्वारा पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे को पत्र भेजकर यह मांग की गई थी कि स्टेडियम का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम करने की मांग की थी, जिसके बाद सोमवार को जपं की सामान्य सभा की बैठक में यह प्रस्ताव लिया गया और तत्काल सर्व सम्मति से इसका प्रस्ताव पारित किया गया है।

# शिर्डी तीर्थ जाने वाली ट्रेन 31 अगस्त को सायं 5 बजे रेलवे स्टेशन जबलपुर पर आएगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 31 अगस्त को शिर्डी तीर्थ स्थान जाने वाली ट्रेन जो 31 अगस्त को सायं 5 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर पर आएगी एवं सायं 5.15 बजे प्रस्थान करेगी।



प्रभारी अधिकारी ने कहा कि यात्री टिकिट प्राप्त करने के लिये जिस कार्यालय में आवेदन जमा किया गया था उसी कार्यालय में संपर्क करेंगे। साथ ही अपने साथ मूल आधार कार्ड अवश्य रखेंगे।

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
FREE FREE FREE FREE
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
हेयर वाश,
हेयर कट,
फेस ब्लीच,
हैंड डी -टेन पैक,
फेस डी -टेन पैक,
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 112
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112
छोटा ब्रॉयलर - रु. 114
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 118
मुर्गा मीडियम - रु. 116
मुर्गा बड़ा - रु. 116
मुर्गा जम्बो - रु. 116
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
WEDNESDAY SHOW OFFER
RS. @ 90/- VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPON
DREAM GIRL-2: 09:00 AM, 10:00 AM, 12:30 PM, 02:15 PM, 03:15 PM, 05:45 PM, 08:15 PM, 09:00 PM, 10:45 PM, 11:30 PM
GADAR-2: 09:00 AM, 10:00 AM, 01:00 PM, 02:30 PM, 04:15 PM, 05:00 PM, 07:35 PM, 10:55 PM
OMG-2: 11:30 AM, 06:00 PM, 08:00 PM
AKELLI IN HINDI: 12:00 PM
JAILER IN HINDI: 11:00 PM